आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 17 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 327, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत 16

स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज 2

## एक नजर

### उच्चतम न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन को मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। उनके शपथ ग्रहण करने के बाद उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की संख्या फिर से 34 हो जाएगी। शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत अधिकतम संख्या 34 है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक्स' के जरिए इन नियुक्तियों की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन कोटिश्वर सिंह मणिपुर से शीर्ष न्यायालय में नियुक्त होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। न्यायमूर्ति महादेवन वर्तमान में मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं।

### पुरी रत्न भंडार गुरुवार को फिर खोला जाएगा

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को फिर खोला जाएगा ताकि आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जा सके। यह निर्णय मंगलवार को यहां एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, राज्य सरकार द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ, पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन की उपस्थिति में हुई बैठक में लिया गया। रत्न भंडार को 46 वर्षों के बाद रविवार को खोला गया था। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि हम 18 जुलाई को सुबह 9:51 बजे से दोपहर 12:15 बजे के बीच फिर से ताले खोलेंगे।

### पत्नी का हत्यारा पति 16 साल के बाद गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना फेस-दो पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में 16 साल से फरार आरोपी पति को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया, इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाले संजय ने 2008 में पत्नी की हत्या कर दी थी और तब से वह फरार था। सूचना के आधार पर मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वह मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है।

## नीट-यूजी पेपर लीक मामले में दो और गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पर्चा लीक मामले में एक प्रमुख आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने झारखंड के हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के ट्रंक से कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, प्रतिरूपण और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या अब 14 हो गई है।

# 14 राज्यों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति, उप्र. में क्यों नहीं

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था शुरू होते ही विरोध होने लगा तो मामला शासन तक पहुंचा। जिसके बाद इसे दो माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। जबकि देश के 14 अन्य राज्यों में शिक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन हो रही है। इनमें गोवा, राजस्थान, झारखंड, त्रिपुरा, मेघालय, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना व असम शामिल हैं, जबकि यूपी में इसे स्थगित कर दिया गया है।

बता दें कि प्रदेश में शिक्षक पहले ही दिन से ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में सड़क पर उतर आये। सवाल यह है कि जब देश के 14 राज्यों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति हो सकती है तो प्रदेश में क्यों नहीं? दरअसल, शिक्षा महानिदेशक ने शिक्षकों की समय से उपस्थिति के लिए 8 जुलाई से ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की थी। इसके तहत 6.24 लाख सरकारी शिक्षकों में से पहले दिन 16,500 ने अपनी ऑनलाइन उपस्थिति भी दर्ज कराई। दूसरे दिन से ऑनलाइल उपस्थिति दर्ज कराने वालों की संख्या में कमी आती गई, अब यह संख्या सिमट कर 500 के करीब आ गई।

### शिक्षक नेता स्कूल न जाएं, ऐसी कोई नियमावली नहीं

प्रदेश में मौजूदा समय में करीब एक दर्जन शिक्षक संगठन सक्रिय हैं। इनकी मान्यता हो या न हो, लेकिन कहीं भी नियमावली में यह नहीं है कि कोई शिक्षक नेता स्कूल पढ़ाने नहीं जायेगा। राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से जांच में पाया गया कि कोई शिक्षक नेता स्कूल पढ़ाने नहीं जाता है। तत्कालीन शिक्षा महानिदेशक द्वारा बीते वर्ष 10 जुलाई से 11 जुलाई के बीच इसकी जांच में भी यह स्पष्ट हो गया था।

### महिला शिक्षकों को मिलते हैं ये अलग अवकाश

सरकारी स्कूलों में महिला शिक्षकों को करवाचौथ, हरियाली तीज, हरछठ, छठ पूजा पर अवकाश मिलता है, जबकि इसी विभाग में कार्यरत महिला (अधिकारी व बाबू) को ये छुट्टी नहीं मिलती हैं।

### सरकार ने शिक्षकों के लिए किए कई कार्य

योगी सरकार ने शिक्षकों की सुविधा के लिए जो ऑनलाइन कार्य शुरू किए हैं, उनमें सीएल, सीसीएल, मेडिकल, एरियर भुगतान, शिक्षकों का मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन ब्योरा सहित कई ऐसे कार्य शामिल हैं, जिससे शिक्षकों को कोई परेशानी नहीं है।

### 365 दिनों में मिलते हैं 167 अवकाश

सरकार ने एक वर्ष में 56 सार्वजनिक अवकाश घोषित किए हैं। 52 रविवार या फिर किसी-किसी वर्ष में 53 रविवार भी होते हैं। 15 दिन सर्दी के मौसम में अवकाश, 30 दिन ग्रीष्मावकाश, इसके अलावा वर्ष में मिलने वाले 14 सीएल अवकाश भी होते हैं। इस तरह से कुल 167 दिन शिक्षकों को अवकाश मिलता है। वहीं, इनके मेडिकल अवकाश को आकस्मिक अवकाश की श्रेणी में रखा गया है। जबकि सत्र 220 दिनों से कम नहीं होना चाहिए।

### शिक्षक संघ बता रहे यह दिक्कत

शिक्षक संगठनों का कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी के बीच किसी की तबीयत बिगड़ती है या उसके किसी परिचित के साथ कोई ट्रेजडी हो जाती है तो उसका क्या होगा। क्योंकि ऐसी स्थिति में शिक्षकों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है, न ही कोई हाफ डे, न कोई ईएल की व्यवस्था है। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें एक वर्ष में सिर्फ 14 सीएल ही मिलते हैं।

# मुठभेड़ में कैप्टन समेत चार जवान बलिदान

## आतंकियों से लोहा लेते जम्मू-कश्मीर के एक पुलिसकर्मी की भी मौत

**डोडा में आतंकवादियों से गोलीबारी में हुए थे घायल**

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक कैप्टन समेत सेना के चार जवान बलिदान हो गए जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक कर्मी की भी मौत हुई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आतंकियों की तलाश और उनके सफाए के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। मुठभेड़ में बलिदान हुए जवानों की पहचान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेन्द्र और सिपाही अजय के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी समेत सेना के सभी रैंक के अधिकारियों ने बलिदान जवानों को श्रद्धांजलि दी। पिछले तीन सप्ताह में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए हमले के एक सप्ताह बाद हुई है जिसमें पांच सैनिक बलिदान हो गए थे और कई घायल हो गए थे।





आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान सेना के चार जवानों के पार्थिव शरीर (ऊपर)। बलिदानी कैप्टन ब्रजेश थापा, सिपाही बिजेंद्र, सिपाही अजय कुमार सिंह और नायक डोकरी राजेश। (बाएं से)।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया, जिसके बाद रात करीब नौ बजे जंगल में फिर से गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। व्हाइट कोर के नाम से पहचाने जाने वाली सेना की 16वीं कोर ने 'एक्स' पर कहा कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा के उत्तरी क्षेत्र में अभियान शुरू किया गया था। रात लगभग नौ बजे आतंकवादियों से भारी गोलीबारी हुई।

### ड्रोन-हेलीकॉप्टर से आतंकियों की तलाश

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस ने सोमवार रात को ही अतिरिक्त बल को रवाना कर दिया था और मंगलवार की सुबह अधिक संख्या में जवानों के साथ क्षेत्र में नए सिरे से तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो को तैनात किया गया है, जबकि नजर रखने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आतंकवादियों से अब तक सामना नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि वे सीमा पार से घुसपैठ कर भारत में दाखिल हुए और पिछले कुछ महीनों से वन क्षेत्र में छिपे हुए हैं। नौ जुलाई को किश्तवाड़ जिले की सीमा से लगे घढ़ी भगवाह जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग गए थे। इससे पहले 26 जून को जिले के गंडोह इलाके में दिनभर चले अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था। इसी तरह, 12 जून को भीषण गोलीबारी में पांच सैन्यकर्मी और एक विशेष पुलिस अधिकारी के घायल होने के बाद डोडा में आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए गए थे।

# आनलाइन उपस्थिति दो माह के लिए स्थगित

- परिषदीय स्कूलों में 11 रजिस्टर पर जारी रहेगा ऑनलाइन कार्य
- मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग एवं शिक्षक संगठनों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों को फिलहाल दो माह तक डिजिटल अटेंडेंस से राहत मिल गई है। लेकिन 11 अन्य रजिस्टर पर आनलाइन कार्य ही होंगे। इस संबंध में मंगलवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से चार मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों से वार्ता के बाद प्रमुख सचिव बेसिक डॉ एमके शनमुगा सुंदरम ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि डिजिटल अटेंडेंस दो माह के लिए स्थगित रहेगी। शेष 11 रजिस्टर की प्रक्रिया आनलाइन रहेगी।

वहीं, डिजिटल अटेंडेंस समेत इससे जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर एक विशेषज्ञ समिति बनाई जाएगी, जो शिक्षकों के मुद्दों पर विचार करेगी। दरअसल, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पिछले दिनों डिजिटल हाजिरी का आदेश जारी किया गया था। शिक्षक संगठन इस आदेश का निरंतर विरोध कर रहे थे। जबकि, सरकार की तरफ से डिजिटल हाजिरी पर गुणवत्तापरक शिक्षा को बढ़ावा देने का तर्क दिया जाता रहा।

मंगलवार की बैठक में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. शंमुगा सुंदरम, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या, डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### दो माह के भीतर कमेटी देगी रिपोर्ट

शिक्षकों की समस्याएं समझने और सुझाव लेने वाली कमेटी अपनी रिपोर्ट दो माह के भीतर सरकार को देगी। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ही बाद में शासन स्तर से फैसला लिया जायेगा। इस कमेटी में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक संघ के सदस्य व शिक्षाविद् शामिल होंगे।

**अलीगढ़ के थाना खैर में बड़ी वारदात**

# थाने में लगाई मां को आग, झुलसने से हुई मौत, बेटा हिरासत में

संवाददाता, अलीगढ़

**अमृत विचार :** अलीगढ़ के थाना खैर में मंगलवार को बड़ी घटना घटित हुई। थाने में बेटे ने मां को आग लगा दी। पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। 80 प्रतिशत तक जल चुकी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाने में लगे सीसी कैमरे में बेटा आग लगाते हुए कैद हो गया है। पुलिस ने बेटे को हिरासत में ले लिया है। थाने में महिला को आग लगाने की सूचना पर आला अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। एसपी देहात थाने पहुंचकर जांच में जुट गए। आईजी अलीगढ़ रेंज ने पूरे मामले में रिपोर्ट तलब की है।

दरकन नगरिया निवासी हेमलता के पति राजबहादुर सिंह की पांच साल पूर्व मौत हो चुकी है। उसका ममिया ससुर से मकान को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार को हेमलता और उसका बेटा थाने पर आए थे। दूसरा पक्ष भी पहुंचा था। हेमलता ने दूसरे पक्ष के खिलाफ छेड़खानी का भी मामला दर्ज करा रखा था। मकान को लेकर पंचायत भी चल रही थी। लेकिन हेमलता और उसका बेटा दूसरे पक्ष की बात से सहमत नहीं थे और उठकर चले गए। थाने पर हेमलता पर उसके बेटे ने पेट्रोल छिड़क दिया और फिर लाइटर से आग लगा दी। हेमलता बुरी तरह से झुलस गई। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। बेटा आग लगाने के बाद मां की वीडियो बनाता रहा। वह खुद आग लगाकर रिश्तेदारों को फंसाना चाहता था। थाने में महिला को आग लगाने की सूचना पर अधिकारियों के होश उड़ गए। एसपी देहात पलाश बंसल मौके पर पहुंच गए। आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और रिश्तेदारों को वीडियो दिखाया गया। एसपी देहात ने आला अधिकारियों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। आईजी अलीगढ़ रेंज शलभ माथुर ने एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है। एसएसपी अलीगढ़ संजीव सुमन का कहना है कि आग बेटे ने ही लगाई है।



- घटना सीसीटीवी में कैद, मकान को लेकर है रिश्तेदार से विवाद

# सरकार ने ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर का प्रशिक्षण स्थगित कर वापस बुलाया

मुंबई, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को विवादास्पद आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया और उन्हें 23 जुलाई तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा गया है। महाराष्ट्र सरकार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। खेडकर (34) सिविल सेवा परीक्षा में चुने जाने के लिए कपटपूर्ण तरीके का इस्तेमाल करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन्होंने खुद को शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय का बताया था। खेडकर पर पुणे में तैनाती के दौरान विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गदरे द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अकादमी ने खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय लिया है तथा आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें तत्काल वापस बुला लिया है।



- 23 जुलाई तक आईएएस अकादमी में रिपोर्ट करने के निर्देश

### मेडिकल प्रमाणपत्रों की सत्यता जांचेगी पुलिस

**पुणे।** पुणे पुलिस पूजा खेडकर द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा प्रमाणपत्रों की सत्यता की जांच करेगी। वर्तमान में वाशिम जिले में तैनात 2023 बैच की अधिकारी खेडकर ने संघ लोक सेवा आयोग को कई मेडिकल प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए थे, जिनमें से एक दृष्टि संबंधी दिव्यांगता को दर्शाता है। मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन कार्यालय ने खेडकर द्वारा पेश प्रमाणपत्रों की जांच के संबंध में पुणे पुलिस और जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

# मथुरा में दुष्कर्म के बाद बच्चे की हत्या करने के दोषी को मृत्युदंड

- मथुरा जिले की पॉक्सो अदालत ने सुनाई सजा, 1.20 लाख जुर्माना

संवाददाता, मथुरा

**अमृत विचार :** मथुरा जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नौ साल के बच्चे के साथ कुकर्म के बाद उसकी हत्या के दोषी को मंगलवार को फांसी एवं एक लाख 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने मंगलवार को बताया कि 21 जून 2022 को कोसीकलां थाना क्षेत्र के नगला मेव गांव में खाली पड़े एक मकान के पशुओं को बांधने के स्थान पर नौ साल के एक बच्चे का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। इस मामले में गांव की ही एक महिला समेत 8 लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पोस्टमार्टम में बच्चे के साथ कुकर्म और गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है, जांच में दरियाब नामक एक व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई गई। गांव के बच्चों से पता चला कि वह भी कई बार बच्चों के साथ खेलने के लिए आ जाता था। पुलिस के हाथ प्रमाण लगने के बाद दरियाब ने कुबूल कर लिया। अपर जिला न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट रामकिशोर यादव (तृतीय) ने दरियाब को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

### धार्मिक ग्रंथ पढ़ाने वाले ने छात्रा से किया दुष्कर्म

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र में धार्मिक ग्रंथ पढ़ाने वाले एक शिक्षक (ट्यूटर) ने 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना सदर बाजार क्षेत्र के रक्खा कालोनी निवासी अफजाल (28) नामक आरोपी एक छात्रा को धार्मिक ग्रन्थ पढ़ाने उसके घर जाता था। उसने छात्रा से कई बार डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया।

## आईएएस अधिकारी और पूर्व विधायक के परिसरों पर छापा

**नई दिल्ली/ पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार काडर के आईएएस अधिकारी संजीव हंस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को बिहार, दिल्ली और पुणे में कई परिसरों पर छापेमारी की। हंस वर्तमान में बिहार ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। पटना में हंस और यादव के घरों सहित करीब 22 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। पटना पुलिस ने बलात्कार, ब्लैकमेल करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पिछले साल जनवरी में हंस और यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

# पति को छूट के खिलाफ अपील सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

**वैवाहिक बलात्कार**

**बीएनएस की धारा 63 के अनुसार बालिग पत्नी से यौनाचार बलात्कार नहीं**

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न से संबंधित याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर मंगलवार को सहमत हो गया कि क्या अपनी बालिग पत्नी को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने वाले पति को बलात्कार के अपराध वाले मुकदमे से छूट मिलनी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह की दलीलों का संज्ञान लिया कि संबंधित याचिकाओं को कुछ प्राथमिकता दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि उन पर 18 जुलाई को सुनवाई हो सकती है। हाल ही में लागू भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत भी एक पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, बशर्ते वह नाबालिग नहीं है। बीएनएस की धारा 63 (बलात्कार) के अपवाद-दो में कहा गया है कि किसी पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध या यौनाचार बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है, यदि पत्नी की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं है। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी, 2023 को भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधान पर आपत्ति जताने वाली कई याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था, जिसके तहत बालिग पत्नी से जबरन यौन संबंध बनाने के मामले में पति को अभियोजन से छूट प्राप्त है। शीर्ष अदालत ने 17 मई को इस मुद्दे पर बीएनएस के प्रावधान को चुनौती देने वाली एक समान याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था।

### एक महिला ने दाखिल की है याचिका

नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, एक जुलाई से प्रभावी हुए हैं, जिन्होंने पुराने आपराधिक कानूनों का स्थान लिया है। पीठ ने कहा था, हमें वैवाहिक बलात्कार से संबंधित मामलों को सुलझाना है। इससे पहले, केंद्र ने कहा था कि इस मुद्दे के कानूनी और सामाजिक निहितार्थ हैं, और सरकार इन याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करना चाहेगी। इनमें से एक याचिका इस मुद्दे पर 11 मई, 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय के खंडित फैसले से संबंधित है। यह अपील एक महिला द्वारा दायर की गई है, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ताओं में से एक थी।

## संसद सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार 22 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू संसद के बजट सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे संसदीय सौंध स्थित मुख्य समिति कक्ष में होगी। इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल नहीं होगा क्योंकि पार्टी 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती है।

# खेल छोड़ने के कगार पर था : जेना



**ओलंपिक 9 दिन शेष**

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना ने कहा है कि वह लगातार खराब प्रदर्शन के बाद 2023 में खेल को छोड़ने की कगार पर थे लेकिन उन्होंने अपने पिता की सलाह मानी और अपने करियर में वापसी करने में सफल रहे। जेना ने स्वीकार किया कि तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक ने उन्हें भाला फेंक में और अधिक हासिल करने के लिए प्रेरित किया था लेकिन वह प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और पिछले साल जुलाई में विश्व चैंपियनशिप से पहले खेल को छोड़ने के बारे में सोचने लगे थे।

जेना ने कहा, जब नीरज ओलंपिक में जीता तो हमने जश्न मनाया और उसकी जीत का आनंद लिया। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो उस जीत से मैं हताश भी था क्योंकि मैं भी उसी खेल का हिस्सा था। मैंने महसूस किया कि यह मेरे लिए खेल में कुछ हासिल करने का समय था। अपनी रैंकिंग में गिरावट के बाद मैंने लेबनान राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और वहां भाले को 78 मीटर की दूरी तक ही फेंक पाया। अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद मैं काफी कुछ हासिल नहीं कर पाया।

मुझे संदेह होने लगा कि क्या इतनी कड़ी मेहनत करने का कोई मतलब है। मैंने अपने पिता को फोन किया जिन्होंने मुझे श्रीलंका में अगली प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। जेना ने लेबनान में (21 जुलाई को) 78.96 मीटर के प्रयास से जीत हासिल की जो किसी भी मानक से मामूली प्रदर्शन था। जेना 2022 के अंत तक 80 मीटर के आंकड़े को पार नहीं कर पाए। उनका 80 मीटर से अधिक का पहला थ्रो मार्च 2023 में तिरुवनंतपुरम में इंडियन ग्रां प्री के दौरान आया जहां उन्होंने 81.05 मीटर की दूरी तय की। मैंने तय किया कि श्रीलंका में होने वाला टूर्नामेंट (30 जुलाई) मेरा आखिरी प्रयास होगा जिसके बाद मैं इसे छोड़ दूंगा और काम तथा परिवार को प्राथमिकता दूंगा। भगवान की कृपा से मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और 84.38 मीटर की थ्रो फेंकी जिससे मुझे विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला।



## मानसिक द्वंद्व से पार पाकर मोदगिल ने बनाई ओलंपिक में जगह

**नई दिल्ली।** पिछले साल एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बनाने से निराश निशानेबाज अंजुम मोदगिल ने मानसिक द्वंद्व से पार पाकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मोदगिल ने विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीते हैं लेकिन तोक्यो ओलंपिक में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। वह 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में 15वें और 10 मीटर एयर राइफल में 18वें स्थान पर रही थी। पेरिस ओलंपिक में वह केवल 50 मीटर 3 पोजीशन में भाग लेगी। मोदगिल ने स्वीकार किया कि विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के बाद उनकी आंखें खुल गई। इसके बाद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता और अभ्यास पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा तोक्यो के बाद तीन साल मेरे लिए उतार-चढ़ाव वाले रहे। मैंने मुश्किल दौर देखा और मैं मजबूत वापसी करना चाहती थी।

# लक्ष्य सेन को मिला बेहतर ड्रॉ का मौका, खुलकर खेलेगा : विमल

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन के कोच विमल कुमार का मानना है कि उसे अपने पहले ओलंपिक में अच्छा ड्रॉ मिला है जिसमें अंडरडॉग होने के कारण वह खुलकर खेल सकेगा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को ओलंपिक पदक जीतने के लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, पिछले ओलंपिक में सेमीफाइनल खेलने वाले ग्वाटेमाला के केविन कोर्डोन और बेल्जियम के जूलियन कारागी जैसे दिग्गजों से ग्रुप एल में पार पाना होगा।

भारत के पूर्व कोच विमल ने फ्रांस के मार्सेले से कहा मुझे लगता है कि ड्रॉ अच्छा है। उन्होंने कहा वह कई बार जोनाथन क्रिस्टी से करीबी मुकाबले हार चुका है। यह बराबरी का मामला है। दूसरे चरण में जाने के लिये मौकों को भुनाना होगा। मेरे हिसाब से लक्ष्य के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। वह अंडरडॉग रहेगा जिससे खुलकर खेल सकेगा। लक्ष्य को बड़े मैचों का खिलाड़ी बताते हुए विमल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन क्रिस्टी को हरा सकेगा। ओलंपिक में भारत के लिये साइना नेहवाल (2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (2016 में रजत और 2020 में कांस्य) पदक जीत चुकी हैं। विमल ने कहा पिछले तीन सप्ताह से यू योंग सुंग इन चीजों पर उसके साथ काम कर रहे हैं। लक्ष्य ओलंपिक खेलने जा रहे पोपोव बंधुओं क्रिस्टो और टोमा जूनियर के साथ भी अभ्यास कर रहे हैं। लक्ष्य अपने कोच के साथ 22 जुलाई को पेरिस रवाना होंगे।

## खेल डायरी

### बावा का विश्व जू. स्क्वाश में पदक पक्का, अनाहत बाहर

**चेन्नई।** शौर्य बावा ने विश्व जूनियर में भारत का पदक पक्का कर दिया है अमेरिका के ह्यूस्टन में चल रही स्क्वैश चैंपियनशिप में सोमवार रात उन्होंने बालक वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बावा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बने हैं, इससे पहले 2014 में कुश कुमार विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के अंतिम चार में पहुंचे थे। 17/32 वरीयता प्राप्त दिल्ली के 18 वर्षीय खिलाड़ी ने मलेशिया के लो वा-सर्न (17/32) को हराने के लिए रैली की। लड़कों के क्वार्टर फाइनल में 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से भारत का पदक पक्का हो गया। 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में बावा निर्णायक पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए। उन्होंने उल्लेखनीय रूप से संघर्ष किया और उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की। अंतिम चार चरण में बावा का मुकाबला मिस्र के शीर्ष वरीय मोहम्मद जकारिया से होगा। इस बीच, हमवतन अनाहत सिंह (5/8) लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान से हार गईं। 16 वर्षीय भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन मिस्र के नादियान से पांच सेट के करीबी मुकाबले में एल्हम्मामी (3/4) से हार गए।

### कर्नाटक विधानसभा ने विश्वविजेता टीम को दी बधाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर भारतीय क्रिकेट टीम और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को टी-20 विश्व कप में उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने पढ़ा, जिन्होंने विश्चकप में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए टीम की सराहना की। रोहित शर्मा के नेतृत्व और द्रविड़ के मार्गदर्शन में भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए अपना 11 साल का इंतजार खत्म किया था। पूर्व भारतीय कप्तान और तत्कालीन कोच कर्नाटक के राहुल द्रविड़ ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रस्ताव में द्रविड़ और टीम इंडिया को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी गई, जिससे देश को खुशी और गर्व हुआ है। खादर ने कहा कर्नाटक के लोगों की ओर से हम रोहित और कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में टीम को देश के लिए विश्व कप जीतने के लिए बधाई देते हैं। यह प्रस्ताव भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री एस सुरेश कुमार ने पेश किया, जिन्होंने सरकार से द्रविड़ की उपलब्धि को पहचानने और टीम को उनकी जीत के लिए बधाई देने का आग्रह किया। प्रस्ताव को विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

### पंजाब एफसी ने पांच खिलाड़ियों को किया रिटेन

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने आगामी 2024-25 सीजन से पहले पांच भारतीय खिलाड़ियों को आज रिटेन करने की घोषणा की है। युवा मिडफील्डर आशीष प्रधान, रिकी शाबोंग, मंगलेंथांग किपगेन, अनुभवी डिफेंडर सुरेश मैतेई और गोलकीपर रवि कुमार ने कई साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हुए क्लब में अपना कार्यकाल बढ़ा दिया है। वे पिछले सीजन में क्लब के लिए प्रमुख खिलाड़ी थे और क्लब ने इन खिलाड़ियों पर अपना भरोसा बरकरार रखा है। रवि और आशीष ने अपना अनुबंध मई 2026 तक बढ़ा दिया है, जबकि सुरेश और रिकी ने मई 2027 तक दो साल का अनुबंध किया है। क्लब ने किपगेन का अनुबंध मई 2028 तक बढ़ा दिया है। रवि ने पिछले आईएसएल सीजन में 16 मैच खेले थे और तीन क्लीन शीट रखते हुए 47 बचाव किए। सेंटर बैक सुरेश मैतेई ने टीम के डिफेंसिव प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 14 बार टीम के लिए खेला है और एक बार सहायता भी की है। आशीष प्रधान, रिकी शाबोंग और मैंगलेंथांग किपगेन ने ग्राउंड के मध्य में मज़बूती और रचनात्मकता जोड़ते हुए क्रमश : 17, 10 और चार टीम के लिए प्रदर्शन किया है।

# मेस्सी के लिए फिटनेस बनी राह का रोड़ा

## फिटनेस टेस्ट में मेस्सी फेल, छठा विश्व कप खेलने को लेकर संशय, यूरो कप फाइनल में हुए थे चोटिल



ब्यूनस आयर्स, एजेंसी

अपने करियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने आखिरी किले में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए।

मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा। अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है।

37 वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे। कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा। इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके। उन्होने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया। मेस्सी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और ना ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया। अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अब अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं।

### चोट से जल्द वापसी की उम्मीद

**मियामी।** मेस्सी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा शुक्र है कि मैं ठीक हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर से मैदान पर वह काम करूंगा जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। नंबर 10 ने कहा मैं बहुत खुश हूं, खासकर इसलिए क्योंकि हमने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है और फिडे डि मारिया हमें छोड़कर चली गई है, लेकिन एक और ट्रॉफी के साथ। उनके जैसे पुराने खिलाड़ी, ओटा निकोलस ओटामेंडी हम एक टीम हैं और एक परिवार भी हैं। अधिकांश टखने की मोचों के ठीक होने के लिए कम से कम तीन सप्ताह की अवधि की आवश्यकता होती है, जिसका अर्थ है कि मेसी के अगस्त तक अपने क्लब, इंटर मियामी के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

### भगदड़ में कोलंबिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष समेत 27 गिरफ्तार

**मियामी गार्डन्स।** कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया। दोनों ने सुरक्षाकर्मियों से झगड़ा किया और एक अधिकारी पर हमला भी किया। दोनों ने एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने की कोशिश की जहां मैच के बाद मीडिया जमा था। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हाथापाई की और सुरक्षागार्ड को घूंसे भी मारे। कोलंबिया फुटबॉल महासंघ ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रेमन 2015 से कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष हैं और कोपा अमेरिका टूर्नामेंट कराने वाले दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल महासंघ के उपाध्यक्ष भी हैं। संगठन ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि अनगिनत दर्शक बिना टिकट मैदान में घुस गए और टूर्नामेंट की छवि खराब की जिसका उसे खेद है। इस वजह से खेल भी एक घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ।

### इंग्लैंड फुटबॉल टीम : मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट

**लंदन।** यूरो 2024 फाइनल में स्पेन से 1-2 से मिली हार के बाद जेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे। साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं। उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा इंग्लैंड टीम के लिए खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिए गर्व की बात रही। यही मेरा सबकुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया, लेकिन अब बदलाव का समय है, एक नए अध्याय का समय है। उनके मैनेजर रहते इंग्लैंड टीम लगातार दो बार यूरो फाइनल और 2018 विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंची, लेकिन वह 1966 के बाद बड़े खिताब के लिए तरस रहे इंग्लैंड का इंतजार खत्म नहीं करा सके।

# टी-20 में हार्दिक होंगे भारत के कप्तान

नई दिल्ली, एजेंसी

- श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 शृंखला खेलेगी टीम इंडिया
- सचिव ने कहा- स्टार क्रिकेटरों को भी खेलने होंगे घरेलू मैच



स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 क्रिकेट शृंखला में भारत के कप्तान होंगे। पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे शृंखला नहीं खेलेंगे।

बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया हार्दिक पंड्या भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान थे। वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे। रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया। टी-20 शृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे। टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी। अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव। वनडे शृंखला के बारे में अधिकारी ने बताया कि पंड्या ने निजी कारणों से ब्रेक मांगा है और नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इसकी जानकारी दे दी है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।

रोहित, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को छूट दी गई है। बीसीसीआई चाहता है कि बाकी सभी टेस्ट विशेषज्ञ अगस्त में दलीप ट्रॉफी का कम से कम एक मैच खेलें। इसके बाद टीम को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से टेस्ट शृंखला खेलनी है।

# हरमनप्रीत टी-20 रैंकिंग में 12वें और शेफाली 15वें स्थान पर पहुंचीं

दुबई, एजेंसी



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई शृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टी-20 रैंकिंग में क्रमशः 12वें और 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

हरमनप्रीत तीन पायदान आगे बढ़ी हैं। उनके कुल 613 रेटिंग अंक हैं। शेफाली को दो स्थान का फायदा हुआ है। वह न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और इंग्लैंड की डैनी वायट के साथ 15वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं और वह भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर काबिज हैं। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। राधा यादव आठ पायदान चढ़कर 15वें, पूजा वस्त्राकर छह पायदान ऊपर 23वें और श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गईं हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सारा ग्लेन ने 768 अंकों के साथ अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के चार मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। उनकी साथी सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर काबिज हैं।

## बॉलीवुड हलचल



# स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की आने वाली फिल्म स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री सुपरहिट साबित हुई थी। जल्द ही स्त्री का सीक्वल स्त्री 2 प्रदर्शित होने वाली है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी स्त्री 2 का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म स्त्री 2 का एक पोस्टर साझा करते हुए ट्रेलर रिलीज की जानकारी दी है। श्रद्धा कपूर ने बताया कि स्त्री 2 का ट्रेलर 18 जुलाई को जारी किया जाएगा। अपने एक्स अकाउंट पर श्रद्धा ने नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक बड़ी सूचना, ओ स्त्री आ रही है 2 दिन में। स्त्री 2 का ट्रेलर 2 दिन में जारी होगा। इस स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2024 को लीजेंड वापस आ रहे हैं।

## जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म उलझ को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म उलझ का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। उलझ में जाह्नवी के किरदार का नाम सुहाना भाटिया है, जो हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ी होती हैं और उन्हें सबसे युवा डिप्टी हाई कमिश्नर के रूप में नियुक्त किया जाता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे लंदन की एंबेसी में एक खबरी होता है, जिसकी वजह से हर मौजूदा शख्स शक के घेरे में होता है। जिसके बाद जाह्नवी कपूर उस खबरी को ढूंढने के लिए एड़ी से चोटी का दम लगाती हैं और खुद ही उनके जाल में फंस जाती हैं। जंगली पिक्चर्स प्रस्तुत, सुधांशु सारिया के निर्देशन में बनी फिल्म उल्झ में जान्हवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, मियांग चेंग भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 02 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फिल्म 'किंग' में शाहरुख खान के सामने विलेन बनेंगे अभिषेक बच्चन!

**मुंबई।** बॉलीवुड के जूनियर बी अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में विलेन के किरदार में नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ आनंद की कंपनी मारफ्लिक्स पिक्चर्स और शाहरुख खान की होम प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की आने वाली फिल्म किंग में शाहरूख खान और उनकी बेटी सुहाना की मुख्य भूमिका है। चर्चा है कि फिल्म किंग में अभिषेक बच्चन की भी एंट्री हो गई है। फिल्म किंग का निर्देशन सुजॉय घोष करेंगे। अभिषेक विलेन बनने जा रहे हैं। अभिषेक बच्चन औ शाहरुख खान इसके पहले कभी अलविदा न कहना और हैप्पी न्यू ईयर जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। किंग की शूटिंग की तैयारियां इन दिनों लंदन में तेजी से चल रही हैं। शूटिंग नवंबर महीने में शुरू होगी और यह फिल्म अगले साल दिसंबर में रिलीज हो सकती है।

**बदलाव जरूरी** | पेरिस खेलों में 30 से भी अधिक वर्षों के बाद क्ले कोर्ट पर होगी ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा

# लाल बजरी पर भिड़ने को तैयार टेनिस के दिग्गज

पेरिस, एजेंसी



ओलंपिक के दौरान अधिकांश खेलों में प्रतिस्पर्धा की सतह नहीं बदलती लेकिन टेनिस ऐसा खेल है जिसकी सतह टूर्नामेंट के साथ बदल सकती है। पेरिस खेलों के दौरान 30 से भी अधिक वर्षों के बाद ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा लाल बजरी (क्ले कोर्ट) पर होगी। टेनिस मुकाबले उसी रोलां गैरो पर होंगे जिसने जून की शुरुआत में फ्रेंच ओपन की मेजबानी की थी।

खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन के बाद जुलाई की शुरुआत में होने वाले विंबलडन के लिए खुद को घास के कोर्ट के अनुकूल ढाला और अब एक बार फिर उन्हें बेहद कम समय में क्ले कोर्ट से सामंजस्य बैठाना होगा। विंबलडन खत्म होने के दो हफ्ते बाद 27 जुलाई से रोलां गैरो ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा की मेजबानी करेगा और कुछ खिलाड़ियों के लिए यह अधिक चिंता की बात है। शीर्ष 10 में शामिल अमेरिका की जेसिका पेगुला ने कहा, यह निश्चित तौर पर रोमांचक होगा लेकिन सभी को ऐसा करना पड़ेगा। हम सभी एक ही नाव में सवार हैं। पेगुला को महिला एकल के अलावा अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ के साथ महिला युगल में भी हिस्सा लेना है। पेगुला ने कहा मुझे आम तौर पर कोर्ट बदलने के साथ खेल बदलने में परेशानी नहीं होती। मुझे यहां के कोर्ट पसंद हैं। पेरिस में जब मौसम गर्म होता है तो कोर्ट से गेंद काफी अच्छी तरह आती है। कजाखिस्तान की एलेना रिबाकिना ने कहा मैं पहली बार घास के कोर्ट पर खेलने के बाद क्ले कोर्ट पर खेलूंगी। यह आसान नहीं होता। शारीरिक तौर पर यह आसान नहीं होता, मानसिक तौर पर भी।

### सुमित को करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

**नई दिल्ली।** ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है। उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी। नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। पिछले कुछ समय में प्रभावी नतीजों की बदौलत नागल की रैंकिंग में सुधार हुआ है और साथ ही वह पेरिस ओलंपिक के एकल वर्ग में क्वालीफाई करने में भी सफल रहे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 38.2⁰ अधिकतम तापमान | 29.4⁰ न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 26 | सूर्यास्त 07 : 03 |

## एक नजर

### शहद उत्पादन में रुचि रखने वाले करें आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया कि बोर्ड द्वारा उत्पाद विकास मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन) अंतर्गत हनी बॉक्स एवं संबंधित टूल किट्स का वितरण किया जाएगा। शहद उत्पादन में रुचि रखने वाले व प्रशिक्षित व्यक्तियों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। 24 व्यक्तियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। पात्र लोग आनलाइन आवेदन के बाद जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, बैंक ऑफ इंडिया प्रथम तल रनियां में 31 जुलाई तक अपना आवेदन दे सकते हैं।

### महिला की हालत बिगड़ी अस्पताल में मौत

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर कस्बा के ललई मोहल्ला निवासी गुलाब सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी गुड्डी देवी (25) की सोमवार की देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसपर उन्होंने गुड्डी को आनन-फानन जिला अस्पताल अकबरपुर में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। ईएमओ ने मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

### रिश्तेदारी में आए अधेड़ की थम गईं सांसें


**पुखरायां।** मावर गांव में रिस्तेदारी में आए एक अधेड़ की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया। उन्नाव के बीघापुर थाना क्षेत्र के अकवावार निवासी संगीता ने बताया कि उनके पिता मोतीलाल (50) पुत्र मंगली भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मावर गांव रिस्तेदारी में आए हुए थे। सोमवार की रात उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई। जानकारी पर परिजनों ने उन्हें आनन-फानन जिला अस्पताल अकबरपुर में भर्ती कराया। जहां ईएमओ ने परीक्षण के बाद मोतीलाल को मृत घोषित कर दिया गया। ईएमओ ने मेमो भेजकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### ब्लाक मुख्यालयों पर कल से शुरू होगी नामांकन पत्रों की बिक्री, 6 अगस्त को होगा मतदान

# जिले के 20 क्षेत्र पंचायत, प्रधान व पंचायत सदस्य के होंगे उप चुनाव

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 22 जुलाई को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक होगा नामांकन
- 24 जुलाई को नाम वापसी और चुनाव चिह्न आवंटित होंगे



**अमृत विचार।** जिले में पंचायतों की खाली पड़ी सीटों पर उप चुनाव कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने तिथियों की घोषणा कर दी है। जिसके क्रम में एक क्षेत्र पंचायत सदस्य सीट, तीन ग्राम प्रधान और 16 ग्राम पंचायत सदस्य समेत कुल 20 सीटों पर उप चुनाव होंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में जनपद के क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त पदों, जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हों। उन पर उप निर्वाचन के लिए जनपद स्तर पर मंगलवार को सूचना जारी करने के निर्देश दिए गए। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) आलोक सिंह ने क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य की रिक्त सीटों पर उप निर्वाचन कराए जाने का आदेश दिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उप चुनाव में नाम निर्देशन पत्रों को 22 जुलाई को पूर्वाहन 10 बजे से शाम 4 बजे तक जमा किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 23 जुलाई की सुबह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक होगी। 24 जुलाई की सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक उम्मीदवारी वापस लेने की प्रक्रिया होगी। प्रतीक चिंह का आवंटन 24 जुलाई को शाम तीन बजे से कार्य समाप्ति तक होगा। 6 अगस्त की सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान व 8 अगस्त की सुबह आठ बजे से मतगणना की जाएगी।

सूचना के अनुसार निर्वाचन अधिकारी (आरओ) संबंधित क्षेत्र पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का पूर्ण विवरण देते हुए अपने स्तर से सार्वजनिक सूचना 18 जुलाई को जारी करेंगे। इसके साथ ही नामांकन पत्रों की बिक्री का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस निर्वाचन में वही प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जो आयोग द्वारा निर्धारित एवं निर्देशित है। क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों को दाखिल करने, उनकी जांच, उम्मीदवारी वापस लेने तथा चुनाव चिंह आवंटन एवं मतों की गणना व परिणाम की घोषणा संबंधित विकासखंड मुख्यालय पर की जाएगी।

### एक बीडीसी और तीन प्रधानों का होगा उप चुनाव

झींझक विकास खंड की ग्राम पंचायत बनीपारा जिनई के वार्ड नंबर में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए उप चुनाव होगा। ग्राम प्रधान के लिए रसूलाबाद ब्लाक की ग्राम पंचायत इटैली में महिला, अकबरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत करौसा में अनारक्षित व मैथा ब्लाक की ग्राम पंचायत अरिमलन्यायी में अनुसूचित जाति सीट के लिए उप चुनाव होगा।

### इन ग्राम पंचायत वार्डों के पद रिक्त

**रसूलाबाद।** ग्राम पंचायत सदस्य के लिए रसूलाबाद ग्राम पंचायत अमरोहिया वार्ड नंबर 4 में अनारक्षित, सिसाही वार्ड नंबर 1 में अनुसूचित जाति, कठारा वार्ड नंबर 7 में अनारक्षित, सलेमपुर महेरा वार्ड नंबर 1 में अनारक्षित, मिर्जापुर लकोठिया वार्ड 6 में अन्य पिछड़ा वर्ग, अकबरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत निजामतपुर वार्ड 8 में अनारक्षित, नौरंगाबाद वार्ड 3 में अनारक्षित, सरवनखेड़ा ब्लाक की जसौरा बिरसिंहपुर वार्ड नंबर 13 में अनारक्षित, रसूलपुर गोगूमऊ वार्ड नंबर 7 में अनारक्षित, लोधपुर वार्ड नंबर 14 में अनुसूचित जाति, नाही ज्यूनियां वार्ड नंबर 9 में महिला, मैथा ब्लाक की ग्राम पंचायत मकरंदपुर बंथा वार्ड नंबर 3 में पिछड़ा वर्ग, पिटरापुर वार्ड नंबर तीन में पिछड़ा वर्ग, निवादा देवराय वार्ड नंबर 8 में अनुसूचित जाति, झींझक की ग्राम पंचायत बनीपारा डगराहा वार्ड नंबर 3 पिछड़ा वर्ग व राजपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत हरिहरपर में वार्ड नंबर 10 की अनारक्षित सीट पर उप चुनाव होंगे।

# मां ने नाबालिग बिटिया की रोकवाई शादी, लौटी बारात

संवाददाता, रूरा

- पिता की मौत के बाद बाबा-दादी ने तय किया रिश्ता
- पति का निधन होने के बाद से मायके में रह रही मां

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी की शादी थनवापुर गांव में तय कर दी गई। सोमवार को गेस्ट हाउस में बारात भी आ गई। द्वारचार चल रहा था। उसी दौरान पहुंची नाबालिग की मां ने पुलिस से शिकायत कर शादी रुकवा दी। इसके बाद बारात लौट गई।

रूरा क्षेत्र के जगनपुर की रहने वाली किशोरी की शादी डेरापुर क्षेत्र के थनवापुर गांव के नरेंद्र के साथ तय हुई थी। किशोरी के पिता की मौत के बाद साक्षी जगनपुर गांव में अपने बाबा रामविलास और दादी ममता के साथ रहती है, जबकि उसकी मां अपने मायके औरैया में रहती है। किशोरी की शादी तय कर दी गई। सोमवार को उसे ब्याहने के लिए रूरा कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बारात आई थी। गेस्ट हाउस में द्वारचार का कार्यक्रम चल रहा था, उसी दौरान किशोरी की मां पुलिस लेकर गेस्ट हाउस पहुंच गई और अपनी सास, ससुर, ननद अनीता व ननदोई मनोज पर नाबालिक बेटी की शादी कराने का आरोप लगाकर शादी रुकवा दी। इसके बाद बारात लेकर आए दूल्हे नरेंद्र को बिना दुल्हन के लौटना पड़ा।

### किशोरी बाल कल्याण समिति के सुपुर्द

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी इंचार्ज राकेश सिंह वर-वधू व उनके परिजनों पक्षों को थाने लेकर आए। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि स्कूल के प्रपत्रों के अनुसार वधू नाबालिग पाई गई है। जिला बाल कल्याण समिति की टीम को बुलाकर नाबालिग को उनके सुपुर्द कर दिया गया है। समिति की रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद में 444 संकुल शिक्षकों का सामूहिक इस्तीफा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- ऑनलाइन हाजिरी और डिजिटलाइजेशन को लेकर शिक्षकों का विरोध जारी

**अमृत विचार।** ऑनलाइन हाजिरी को लेकर परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच चल रही रस्साकशी और जोर पकड़ती जा रही है। अब तक जनपद के 444 शिक्षक संकुलों ने अपने संकुल पद से इस्तीफा दे दिया है। इन संकुलों ने मंगलवार को अपना इस्तीफा संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। उधर बीएसए ने इस्तीफे के बावत अनभिज्ञता जताई है।

शिक्षक संगठन आठ जुलाई से लागू ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। जूनियर शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, अटेवा पेंशन बचाओ मंच, विशिष्ट बीटीसी संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक संघ, महिला शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संघ, अनुदेशक संघ, यूटा संघ, टीएससीटी संघ एवं अन्य शैक्षणिक संगठन लगातार अपने-अपने तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षक समय से स्कूल पहुंच रहे हैं, लेकिन हाथों में काली पट्टी बांधकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं। उन्होंने ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार किया है।

जिले के 10 विकासखंडों के शिक्षक संकुलों ने मंगलवार को अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए संबंधित बीआरसी केंद्रों पर प्रदर्शन किया। कहा कि शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों व समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया। आज भी ग्रामीण क्षेत्र के दूरस्थ स्कूलों में आने जाने के लिए सुगम रास्ते नहीं हैं। बिजली नेटवर्क की व्यवस्था ठीक नहीं है।

पूर्व में भी मांगों को लेकर विभाग के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई मांग नहीं मानी गई है। जिससे प्रदेश के शिक्षक कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कहा कि जब तक शिक्षकों की मांगे नहीं मानी जाती और डिजिटलाइजेशन एवं ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश वापस नहीं होता। तब तक विरोध जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वह चुप बैठने वाले नहीं हैं। इसके बाद सैकड़ों शिक्षकों ने नोडल संकुल एवं संकुल शिक्षक के प्रभार से संबंधित बीईओ को सामूहिक इस्तीफा दे दिया।

**इस्तीफा देने वाले शिक्षक**

| विकासखंड | शिक्षक |
|---|---|
| अकबरपुर | 38 |
| अमरौधा | 41 |
| डेरापुर | 45 |
| झींझक | 41 |
| मैथा | 43 |
| मलासा | 46 |
| राजपुर | 33 |
| रसूलाबाद | 66 |
| संदलपुर | 46 |
| सरवनखेड़ा | 45 |



अमरौधा में सामूहिक इस्तीफा देते संकुल शिक्षक। अमृत विचार

### अमरौधा के संकुल शिक्षकों का सामूहिक इस्तीफा

**राजपुर।** विकासखंड अमरौधा के शिक्षक संकुलों ने डिजिटल उपस्थित के विरोध में सामूहिक रूप से बीईओ ईश्वर कांत मिश्रा को अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान एआरपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी, राजेंद्र बाबू यादव, जीतेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, आलोक कुमार, अमित कुमार, विजय कुमार, शैलेंद्र सिंह, विमल सिंह, आदित्य राव सुमन, सुदीप कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, अनिल कुमार प्रजापति, राम नारायण, प्रवीण यादव, सुरेश बाबू, मधुरानी, पुष्पा यादव, अल्पना चौरसिया, रवि प्रकाश, प्रखर कटियार, अनिरुद्ध सिंह, राज मंगल, अजहर मोहम्मद, सरस यादव, अरविंद कुमार, लल्ला सिंह, उषा देवी, नीलिमा कटियार, शैलेंद्र सिंह, कृष्णकांत, आलोक यादव, योगेंद्र त्रिवेदी, नरेंद्र सिंह चतुर्भुज, रामेंद्र सिंह, अंकित सिंह, अमित सचान, कपिल सिंह, अभयदीप मिश्रा, महनाज अख्तर, लोकेश कुमार द्विवेदी, जयदेव सिंह, पवनीश कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने संकुलों के पद से इस्तीफा दिया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र बाबू यादव, ब्लाक मंत्री आदित्य राव सुमन ने सभी शिक्षक संकुलों का आभार जताया।

## सार-संक्षेप

### बाइकों की भिड़ंत में दंपति समेत तीन घायल

**पुखरायां।** बाइकों की भिड़ंत में किशोरी सहित तीन लोग घायल हो गए। कानपुर नगर नौबस्ता थाना क्षेत्र के गोपालपुर के सरमन शर्मा (42) ने बताया कि वह पत्नी अरुणा (38) व बेटी रोशनी (15) को बाइक में बैठाकर कानपुर से बहन विमला देवी के घर राजीव नगर पुखरायां आ रहे थे। तभी भोगनीपुर क्षेत्र के इंडियन बैंक के पास सामने सामने से बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सरमन समेत तीनों लोग घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी भेजा। जहां डॉ. अनूप कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद रोशनी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### साइकिल से गिरकर छात्र घायल

**पुखरायां।** विद्यालय जाते समय छात्र साइकिल से गिरकर घायल हो गया। पुखरायां के कृष्णा नगर मंडी के सुनील कुमार ने बताया कि उनका लड़का रवि साइकिल में सवार होकर चकचालपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी अचानक रास्ते में साइकिल से गिरकर घायल हो गया। जानकारी पर परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।

### थ्री ह्वीलर से टकराकर बाइक सवार गंभीर

**पुखरायां।** हाईवे पर थ्री व्हीलर से टकरा कर बाइक सवार घायल हो गया। सटटी थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव के सुनील कुमार ने बताया कि उनका भाई अनिल (25) बाइक में सवार होकर किसी कार्य के लिए अकबरपुर गया था। वहां से वापस आते समय झांसी-कानपुर हाईवे पर पटेल चौक के पास खड़े थ्री व्हीलर में पीछे से भिड़ गया। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। डॉ. अनूप कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



स्थानांतरित ग्राम सचिव को विदाई देते सह कर्मी। अमृत विचार

### ग्राम सचिव के स्थानांतरण पर दी विदाई

**संदलपुर।** ब्लॉक के संदलपुर व जलालपुर डेरापुर गांव के सचिव मनोज कनौजिया के जनपद प्रयागराज स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सचिव को श्रीफल, पुष्प गुच्छ और शॉल भेंट की गई। ग्राम सचिव ने कहा कि ग्राम पंचायत के अपने कार्यकाल में शत प्रतिशत लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया गया है। वहीं ग्राम पंचायत में नवागत सचिव के रूप में नीलम कटियार को तैनाती दी गई है। उनके पदभार ग्रहण करने पर ग्राम प्रधान संदलपुर समीउद्दीन, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जलालपुर डेरापुर विनोद कटियार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर एडीओ आईएसबी फूलसिंह, एडीओ पंचायत अश्वनी कुमार, विमल सचान, प्रदीप शुक्ल जिलाध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी संघ, धीरू सिंह पूर्व महामंत्री, जिज्ञासु मिश्रा, उद्धन सिंह, दीपक यादव, अंकित सचान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



रूरा में ताजिया जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

### ताजिया मार्गों का एसडीएम-सीओ ने किया निरीक्षण

**रूरा।** मोहर्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार की शाम एसडीएम व सीओ अकबरपुर ने ताजिया गुजरने वाले मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर हाल जाना। वहीं मार्ग में झूल रही विद्युत केबल, साफ-सफाई आदि व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। मोहर्रम को लेकर रूरा क्षेत्र में ताजिये निकाले जाएंगे। कस्बा रूरा में निर्धारित रूट से ही ताजिये निकाले जाने को लेकर अधिकारियों की ओर से निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को एसडीएम सदर अवनीश सिंह व सीओ सदर तनु उपाध्याय ने प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह व पुलिस बल के साथ निर्धारित मार्ग का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि मार्ग का निरीक्षण किया गया है, सभी ताजियेदारों के साथ बैठक कर निर्देश दिए जा चुके हैं। ताजिये की ऊंचाई कम रखे जाने की बात कही है। सीओ ने कहा कि सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। सभी से शांति पूर्ण त्योहार मनाने की अपील की गई है। यदि कोई अशांति फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कांस्टेबल अरुण चंद्र, सुमित पटेल, कर्ण सिंह, सुलेमान, साकिर अली समेत कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

### चार के खिलाफ एससीएसटी की रिपोर्ट दर्ज

**मूसानगर।** महिला ने चार लोगों के विरुद्ध एससीएसटी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घार गांव की कृष्णकांती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 14 जुलाई की शाम गांव के ही शहीद, गुलाम अली, इमाम अली और वशीम ने गांव के बाहर खेतों में किसी बात को लेकर उसके पति अखिलेश कुमार को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालीगलौज करते हुए मारपीट की। वह बीच-बचाव करने पहुंची तो उसे भी जातिसूचक गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। जिससे उसका बांया हाथ टूट गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### ट्रेन से कटकर किशोरी की मौत

**पुखरायां।** रेलवे लाइन पर रही किशोरी उद्योग नगरी एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गौरा डांडा गांव के मनोज कुमार ने बताया कि उनकी पुत्री शालिनी (17) जुनेदपुर गांव के पास रेलवे गेट नंबर 113 के पास उद्योग नगरी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिसपर आरपीएफ जवान कोमल व देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# कूलर में करंट दौड़ने से युवक की चली गई जान

संवाददाता, राजपुर

- परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के जल्लापुर सिकंदरा में मंगलवार को कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे पीएचसी राजपुर ले गए। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पीएम कराने से मना कर दिया।



मो. नवाजिश।

जल्लापुर सिकंदरा के मो. असलम का 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद नवाजिश पुखरायां में एसी का काम करता था। मंगलवार को वह घर में कूलर को चालू कर रहा था। इसी बीच कूलर में उतरे करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे पीएचसी राजपुर लाए, जहां डॉक्टर शिवकुमार ने मो. नवाजिश को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने बताया कि परिजनों ने शव का पीएम कराने से इंकार कर दिया है।

# कुल्हाड़ी के हमले से घायल की मौत

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** सट्टी थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में पुरानी खुन्नस को लेकर गांव के युवक ने नौ दिन पूर्व रात में अधेड़ के सिर पर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल अधेड़ की मंगलवार को मौत हो गई।



छोटेलाल।

जलालपुर गांव निवासी छोटेलाल चौधरी (50) 7 जुलाई की शाम पड़ोसी हुकुम सिंह के दरवाजे बैठे थे। तभी पीछे से एक युवक ने छोटेलाल पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर कानपुर हैलट रेफर कर दिया था। घायल के बेटे अनिल ने गांव के रवि उर्फ विकास राव पर पुरानी खुन्नस में कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को छोटेलाल की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ जान से मारने के प्रयास में रिपोर्ट दर्जकर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। मुकदमे में हत्या की धारा तरमीम की जाएगी।



पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन खड़े परिजन। अमृत विचार

### डायरिया से दो बच्चों की मौत

**कानपुर देहात।** बदलते मौसम में डायरिया की चपेट में आकर दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि दंपति समेत तीन की हालत गंभीर है।

रूरा थाना क्षेत्र के गहोलिया में आंतों के संक्रमण और डायरिया से पूरा परिवार संक्रमित हो गया, जिससे विद्या (3) की घर पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अंजली (11) की जिला अस्पताल में मौत हो गई। ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने बताया कि रमेश (27) और उसके सात वर्षीय पुत्र सत्यम जिला अस्पताल में भर्ती है, जबकि रमेश की पत्नी अकबरपुर के अनंतराज नर्सिंग होम में भर्ती है। रमेश की मां और एक 5 साल का लड़का घर पर हैं।

**आह्वान** — भू-जल सप्ताह के तहत गोष्ठी का आयोजन, अफसरों ने जल संरक्षण की ली शपथ

# जल संचयन के बारे में लोगों को करें जागरूक

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भू-जल सप्ताह के उपलक्ष्य में डीएम की अध्यक्षता में भू-जल गोष्ठी का आयोजन मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में किया गया। डीएम ने प्रचार वैन को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया। भू-जल सप्ताह 16 जुलाई से 22 जुलाई तक प्रति वर्ष मनाया जाता है।

जिलाधिकारी आलोक सिंह ने गोष्ठी में निर्देश दिए कि जनपद के ऐसे गांव जो नदी-नालों किनारे बसे हैं। उन ग्राम पंचायतों में भूजल संरक्षण अभियान के तहत भूजल सप्ताह मनाते हुए भूगर्भ जल के संतुलित उपयोग, वर्षा जल संचयन की आसान तकनीक अपनाने व भूजल रिचार्ज की विधाओं के बारे में बताएं। दिनचर्या में पानी की बर्बादी रोकने और भावी जलनिधि के रूप में वर्षा जल को संचित कर सिकुड़ते भूजल श्रोतों को बचाने के लिए जागरूक करेंगे।

डीएम ने सभी अधिकारियों के साथ भूजल संरक्षण की शपथ ली। सहायक अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिए कि भूजल सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन संबंधित विभागों से समन्वय कर कराया जाए। कहा कि जन भागीदारी बढ़ाने के लिए केंद्रीय संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि का भी सहयोग लिए जाए। अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई ने पानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी पर 70 प्रतिशत पानी है, लेकिन केवल तीन प्रतिशत ही शुद्ध पानी है और उसमें 1.2 प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है।



अधिकारियों के साथ गोष्ठी करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

### बच्चों के मामलों में बाल मित्र जैसा करें व्यवहार

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक हुई। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस इकाई, मानव तस्करी सेल के कार्यों की समीक्षा तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की वार्षिक कार्ययोजना की समीक्षा की गई। डीएम ने विशेष किशोर पुलिस इकाई व सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता से बाल मित्र जैसा व्यवहार करते हुए त्वरित कार्यवाही की जाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि प्रत्येक समिति में प्रथम त्रैमासिक बैठक आहूत की गई है।

# सीज हेल्थ सेंटर का ताला तोड़कर सामान निकाला

संवाददाता, राजपुर

- भवन मालिक ने हेल्थ सेंटर चालक के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार।** गर्भवती की मौत पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील हेल्थ सेंटर के दरवाजे पर लगा ताला संचालक ने रात के अंधेरे में तोड़ दिया और सामान निकाल कर फरार हो गया। भवन स्वामी ने संचालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

सिकंदरा के मालवीय नगर स्थित मां पीतांबरा हेल्थ सेंटर में बीती 25 मई को इलाज कराने आई नौसाद की गर्भवती पत्नी रिहाना की हालत बिगड़ गई थी। 7 जून को रिहाना की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में नौसाद ने अस्पताल संचालक अजय कटियार के खिलाफ गर्भवती पत्नी का गलत इलाज करने से मौत होने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की थी। सीएमओ के आदेश पर राजपुर पीएचसी प्रभारी ने 10 जून को हेल्थ सेंटर को सीज कर दिया था। उसके बाद से कार्रवाई के लिए पीड़ित नौसाद पुलिस व स्वास्थ्य अफसरों के दफ्तरों में चक्कर लगा रहा है, लेकिन दो महीने बीतने पर भी संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। आरोप है कि सोमवार रात संचालक ने सीज हेल्थ सेंटर का ताला तोड़कर सामान निकाल लिया और उस दौरान किसी को भनक तक नहीं लग सकी। बाद में भवन मालकिन मीनू चौरसिया ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके भवन में मां पीतांबरा हेल्थ सेंटर संचालक ने सोमवार रात स्वास्थ्य विभाग का सील किया हुआ ताला तोड़कर सामान निकाल लिया है। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची और छानबीन। सिकंदरा थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## एक नजर

### छात्रों को किया जागरूक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सड़क दुर्घटना को कम किए जाने तथा 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाए जाने पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में मंगलवार को यातायात प्रभारी लालजी सविता एवं यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान नाबालिक छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। वहीं अंतिम चेतावनी देते हुए उनके परिजनों को वाहन सुपुर्द करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गयी।

### सड़क हादसे में दो लोग घायल

**खागा।** खखरेरू थाना क्षेत्र के रक्षपालपुर खागा मार्ग के पनिहा बाबा के पास बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में राजू पुत्र राम नारायण निवासी बरैचा व मनोज कुमार पुत्र किशनपाल निवासी ईटगांव खागा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मनोज को स्थानीय अस्पताल से सदर अस्पताल रेफर किया गया, वहीं राजू को इलाज के बाद घर भेजा गया है।

### युवती समेत दो ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक युवती समेत दो लोगों ने फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। घटनाओं की जानकारी पर उनके परिजनों में कोहराम मचा रहा। ललौली थाना क्षेत्र के दसौली गांव निवासी रामसुफल निषाद की 18 वर्षीय पुत्री खुशबू ने सोमवार की शाम घर के अंदर उस समय फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली जब घर के सभी लोग खेतों पर काम करने चले गए थे। वापस लौटकर आए तो देखा कि कमरे में खुशबू का शव फांसी पर लटका था। जिसे देखते ही घर में कोहराम मच गया। इसी तरह सदर कोतवाली क्षेत्र के अजगवां आकूपुर निवासी सुखराम के पुत्र गया प्रसाद ने मंगलवार की सुबह घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### ट्रक की चपेट में आकर पुत्र की मौत, मां गंभीर

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी बाईपास ओवर ब्रिज के पास दोपहर में ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजन जिला अस्पताल से झांसी के लिए रेफर करवा लिया। झांसी जनपद के थाना समथर के गांव लोहारी निवासी राजू का पुत्र सुनील अपनी मां भारती के साथ बाइक से झांसी से जौनपुर मुगरा जा रहे थे। बताते हैं कि पूरा परिवार वहां रहकर पानी के बताशे बेंचने का काम करते थे। बाइक जैसे ही खागा कोतवाली के बाईपास ओवर ब्रिज के पास पहुंची तभी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे पुत्र की मौके पर मौत हो गई। वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस से महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां परिजनों ने उपचार के बाद महिला को झांसी के लिए रेफर करवा लिया।

### पूर्व प्रधान ने युवक को पीटा

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर गांव में रात को गांव के बृजकिशोर को पूर्व प्रधान अरविन्द सिंह सहित अजय राज सिंह, लल्ली, पप्पू, प्रताप सिंह ने घर से बाहर ले जाकर जमकर पीट दिया। बुरी तरह पीटने से युवक को गंभीर चोटे आयी है। पीड़ित बृजकिशोर ने थाने में लिखित शिकायत करके क़ानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पीड़ित बृजकिशोर उर्फ कुंदन ने बताया कि देर रात पूर्व प्रधान अरविन्द सिंह उसके घर आए और लाइट जोड़ने के लिए जबरन खम्भे में चढ़ाने लगे। विरोध करने पर मारने लगे। जान बचाकर भागते हुए आवाज लगाई तो गांव के ही निवासी रिंकू सिंह पुत्र चंद्रपाल, दीपक सिंह पुत्र राजपाल ने बीच बचाव कर बचाया। पीड़ित युवक की गंभीर चोटे देखकर पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए भेजा है। मामले को लेकर चांदपुर थाना प्रभारी बच्चेलाल ने बताया कि खम्भे से लाइट जोड़ने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है जांच की जा रही है। दोषी पाये जाने पर आरोपियों के खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### अब 'सहयोग' से मिलेंगी ट्रेनों की सभी जानकारी

**फतेहपुर।** रेलवे पूछताछ केंद्र को निजी हाथों में दिए जाने के बाद अब रेलवे के कर्मचारी इस काउंटर से नहीं बल्कि निजी कर्मचारी 'सहयोग' से अब यात्रियों को ट्रेनों की लोकेशन आदि की जानकारी देंगे। वहीं इस काउंटर से होने वाले अन्य कामों को भी निजी कर्मचारियों द्वारा ही किया जाएगा। यात्रियों को ट्रेनों के आने जाने के जानकारी दिए जाने के लिए रेलवे पूछताछ केंद्र में कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। लेकिन अब इस काउंटर को निजी हाथों में देते हुए पूछताछ काउंटर का निजीकरण कर दिया है। जिसक बाद इसका नाम भी बदलकर सहयोग किया जा चुका है। जिससे अब यात्रियों को सहयोग के माध्यम से ट्रेनों की लाइव लोकेशन के साथ ही आने व जाने के समय का अलाउंस भी किया जाएगा।

# श्मशान घाट के पास मिले प्रेमी युगल के शव

## बिधनू थाना क्षेत्र में सनसनीखेज घटना, तीन दिन से लापता थे दोनों

संवाददाता, बिधनू



सोनू सिंह।



सीमा।

**अमृत विचार।** बिधनू थाना क्षेत्र की खड़ेसर चौकी क्षेत्र के एक गांव के बाहर श्मशान घाट के पास मंगलवार सुबह प्रेमी युगल के शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का शव जहां पेड़ से फंदे पर लटका मिला वहीं महिला का शव पेड़ के नीचे खेत पर क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। तीन दिन पहले दोनों अपने घरों से लापता हुए थे। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस ने घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की।

बिधनू क्षेत्र के कड़री चंपतपुर के मिहीलाल दिवाकर की 32 वर्षीया पुत्री सीमा की शादी वर्ष 2014 में कानपुर देहात के अकबरपुर क्षेत्र के बारा नसरतपुर के हरिशंकर के साथ हुई थी। हरिशंकर प्राइवेट नौकरी करता है। कुछ दिन पहले सीमा ससुराल से मायके आई थी। तीन दिन पहले सीमा के साथ ही गांव के प्रेम सिंह यादव का पुत्र सोनू सिंह अचानक घर से लापता हो गए। दोनों के परिजन तलाश करते रहे, लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा। मंगलवार सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर रिंद नदी के किनारे श्मशान घाट के पास सोनू सिंह का शीशम के पेड़ पर गमछे के फंदे पर शव लटका मिला, जबकि उसी के नीचे खेत पर सीमा का क्षत-विक्षत शव पड़ा था। एक साथ दो-दो शव मिलने की खबर से मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर दोनों के परिजन भी मौके पर पहुंचे और एक-दूसरे पर आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस ने छानबीन की।

### 13 साल से प्रेम, रेप में जेल जा चुका था प्रेमी

ग्रामीणों के मुताबिक दोनों के बीच करीब 13 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका दोनों के परिवार वाले विरोध करते थे। सीमा के पिता ने दुष्कर्म का मुकदमा भी दर्ज कराया था, जिस पर पुलिस ने सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। यह मुकदमा अभी भी अदालत में विचाराधीन है। सोनू के जेल जाने के बाद पिता ने सीमा की शादी कर दी थी। वह अपनी ससुराल चली गई, लेकिन सोनू के जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद फिर दोनों के बीच बातचीत और मिलने-जुलने का सिलसिला शुरू हो गया था। सीमा के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो लड़के और एक लड़की है। अभी हाल ही में सीमा फिर मायके आई थी और तीन दिन पहले गायब हो गई थी।

### युवक के शरीर पर चोट के निशान, बह रहा था खून

घटनास्थल के हालात हत्या की ओर से इशारा कर रहे हैं। फंदे पर लटके मिले युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। कमर, पीठ और पैर पर खून भी बह रहा था। उसके पैंट की दाहिनी जेब पर मोबाइल भी मिला। चोट के निशान और खून के धब्बे देखकर गांव वाले कयास लगा रहे हैं कि हत्या कर शव लटकाया गया है। हालांकि पुलिस अभी हत्या की बात नहीं स्वीकार कर रही है। घटनास्थल पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह का कहना है कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक मौत के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने युवक की जेब से मोबाइल बरामद होने की बात से साफ इंकार किया। उन्होंने कहा कि घटना की छानबीन की जा रही है।

### महिला के शव को नोच रहे थे कुत्ते

जिस शीशम के पेड़ पर सोनू सिंह का शव लटक रहा था, उसी के नीचे सीमा का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला, जिसे कुत्ते नोच रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक कुत्तों का झुंड दिखने पर ही घटना की जानकारी हुई। कुत्तों का झुंड दिखने पर जब लोग वहां पहुंचे तो कुत्ते महिला के शव को नोच रहे थे। कुत्तों ने उसके चेहरे को नोच कर बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया था। फोरेंसिक टीम के मुताबिक दोनों की मौत 24 घंटे के भीतर होने का अनुमान है। सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी।

> युवक का शव पेड़ पर लटका मिला है, जबकि महिला का शव जमीन पर मिला है। मौत की स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार कार्रवाई की जाएगी।
>
> –जितेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी बिधनू।

# दहकते अंगारों पर किया मातम

संवाददाता, मूसानगर



मूसानगर के छिपैठी मोहल्ले में दहकते अंगारे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड नंबर आठ आंबेडकर नगर मोहल्ला छिपैठी में मोहर्रम की आठवीं तारीख को अलाव खेला गया। जिसमे नवयुवक दहकते हुए अंगारों पर चलते देखे गए।

अलाव कमेटी के उस्ताद हनीफ सिद्दीकी ने बताया कि हर साल मोहर्रम की आठवीं तारीख को मोहल्ला छिपैठी में अलाव का प्रोग्राम होता है। इसमे जनपद महोबा, छतरपुर व मूसानगर के खिलाड़ी जलती हुई आग में कूद कर अपने खेल का प्रदर्शन करते हैं। अलाव की शुरुआत सबसे पहले उस्ताद हनीफ सिद्दीकी ने की। उसके बाद बाहर से आए हुए खिलाड़ियों ने अपने जौहर दिखाए। लोग अपनी मन्नत मांग कर बच्चों को अलाव की परिक्रमा कराते हैं। जलते हुए अंगारों पर लोग अपनी आस्था के नाम पर कूदते है।

- मोहर्रम की आठवीं तारीख को अलाव का आयोजन

मोहर्रम कमेटी के खजांची इरशाद बताते हैं कि मोहल्ला छिपैठी में अलाव कार्यक्रम पिछले 40 सालों से लगातार होता चला आ रहा है। इसमे लोग अपनी मन्नत मांग कर अलाव में कूदते हैं। महिलाएं, बच्चे और बाहर से आए हुए लोगों ने अकीदतमंदों के दहकते हुए अंगारों पर चलना और हाथों में अंगारे लेकर करतब दिखाने पर तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर हनीफ उस्ताद, जफर उस्ताद, सलमान सिद्दकी, सभासद सूरज सिंह चौहान, नय्यूम अली, वकील अहमद, मतीन अहमद, ओमकार सोनकर, रागिनी सभासद, आशू ख़ान आदि लोग मौजूद रहे।

# तय रास्तों से ही निकाला जाएगा मोहर्रम का जुलूस

संवाददाता, राजपुर

- इमाम चौक पर साफ-सफाई के साथ जगह-जगह लंगर का आयोजन

**अमृत विचार।** इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हजरत हुसैन की शहादत की याद में बुधवार को दसवीं मोहर्रम पर राजपुर क्षेत्र में ताजिया और अलम का जुलूस परंपरागत रास्तों से निकलेगा। मोहर्रम पर इमाम चौक और ताजिया जुलूस के रास्ते में साफ-सफाई कराई गई।

राजपुर में ताजिया जुलूस की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इधर मजलिस का सिलसिला जारी है। मंगलवार को राजपुर में आयोजित मजलिस में मौलाना अजमत अली ने मोहर्रम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इमाम हुसैन ने इंसानियत को बचाने के लिए ही कर्बला में शहादत दी थी। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि मोहर्रम के शुरुआती 10 दिनों में अधिक से अधिक इबादत करें।

कहा गया कि कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी को ठेस पहुंचे। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि जुलूस के रास्ते पर पड़ने वाले सीसीटीवी कैमरों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। मिश्रित आबादी वाली गलियों में पुलिस अधिक सक्रिय रहेगी। पीस कमेटी की बैठक में परंपरागत तरीके से जुलूस निकालने को निर्देशित किया है।

# मेडिकल कॉलेज भवन का जल्द होगा हस्तांतरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



कुंभी में बनकर तैयार मेडिकल कॉलेज।

**अमृत विचार।** जनपद में स्वशाषी मेडिकल कालेज के कुंभी व जिला अस्पताल परिसर में बने भवनों का निर्माण पूरी हो चुका है, जबकि बाह्य विकास कर कार्य अभी जारी है। वहीं कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग की ओर से निर्माण पूरा होने की सूचना दिए जाने के बाद अब हस्तांतरण की प्रकिया शुरू की गई है। इसमें शासन से तय मानकों की जांच के लिए डीएम ने सीडीओ की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है।

अकबरपुर तहसील क्षेत्र के कुंभी गांव में स्वशाषी मेडिकल कालेज के शैक्षणिक भवन के साथ ही जिला अस्पताल परिसर में बने भवनों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। करीब 265 करोड़ रुपये की लागत वाले मेडिकल कालेज के सभी भवनों का निर्माण पीडब्ल्यूडी ने कराया है। वहीं एनएमसी ने प्रोफेसर व संसाधन पूरे न होने के कारण इसके संचालन के लिए मान्यता देने से इंकार कर दिया है। इससे फिलहाल मेडिकल कालेज संचालन में गतिरोध बना है, लेकिन अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण की ओर से मडिकल कालेज के भवनों का निर्माण पूर्ण होने की सूचना दिए जाने के बाद इसके हस्तांतरण की प्रकिया शुरू हो गई है। प्रदेश के मुख्य सचिव ने नव निर्मित भवनों के हस्तांतरण के संबंध में एसओपी तैयार की है। मेडिकल कालेज भवनों के हस्तांतरण के पहले शासन के तय मानकों की जांच के लिए डीएम आलोक सिंह ने सीडीओ लक्ष्मी एन की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है।

# गलत रस्म-रिवाज इस्लाम में जायज नहीं

संवाददाता, मूसानगर



जलसे में मौजूद लोग। अमृत विचार

- जमीअत उलमा-ए-हिंद की तरफ से जलसा शोहदा इस्लाम का आयोजन

**अमृत विचार।** कस्बे की अज़ीज़िया मस्जिद आतिशबाज़ मोहल्ले में जमीअत उलमा-ए-हिंद की तरफ से जलसा शोहदा इस्लाम आयोजित किया गया। जिसमे क्षेत्र के उलेमाओं और कस्बे के लोगों ने शिरकत की।

जलसे का आगाज कुरान की तिलावत से किया गया। कारी सईद साहब केसी ने अपनी तिलावत से जलसे का आगाज़ किया। वहीं राजपुर से आए मौलाना नेमतुल्लाह साहब ने हज़रत मुहम्मद साहब की तारीफ़ में नात शरीफ पढ़ी। इसके बाद केसी से आए मुफ़्ती अब्दुल अज़ीज ने शोहदाए इस्लाम के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का महीना बड़ी अज़मत वाला है। इस महीने में ऐसे काम नहीं करने चाहिए। जिसका इस्लाम में कोई ज़िक्र न हो। गलत रस्मो रिवाजों को करना इस्लाम में जायज़ नहीं है। हमे हज़रत इमाम हसन और हज़रत इमाम हुसैन के बताए हुए रास्तों पर चलना चाहिए।

राजपुर से आए मौलाना नेमतुल्लाह ने तकरीर में कहा कि मोहर्रम में हज़रत इमाम हुसैन को शहीद किया गया। उनके 72 साथी और घर के सभी लोग इस्लाम के लिए शहीद हो गए। लेकिन उन्होंने ज़ालिमों के सामने अपना सिर नहीं झुकाया। उन्होंने इस्लाम में हुई शहादत का ज़िक्र करते हुए फरमाया कि हज़रत उसमान गनी रज़ी अल्लाहु अन्हु को कुरान पढ़ते हुए शहीद किया गया था। इसके बाद मौलाना नेमतुल्लाह ने सलाम पढ़ी और जमीअत उलमाए हिंद के जिलाध्यक्ष मौलाना इज़हार ने दुआ कराई। जलसे के आयोजक हाफ़िज़ मुहम्मद हसीब मदनी ने आए हुए उलेमाओं और मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर अकरम खान सभासद, उमैर खान, अशरफ खान, इस्माइल खान पप्पू, अशरफ खान कोटेदार, मक़सूद खान, आमिर खान, इमरान सौदागर, उमर सैफ,इमाम हाफ़िज़ साजिद, कामिल खान आदि लोग मौजूद रहे।

**नवाचार** संशोधन कराने को करना होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन , विभागीय वेबसाइट पर होगी गलत बिल की शिकायत

# बिलों का संशोधन अब मैनुअल के बजाय ऑनलाइन

संवाददाता फतेहपुर



**अमृत विचार।** बिजली बिल संशोधन प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है। बिलों का संशोधन अब मैनुअल तरीके से नहीं बल्कि ऑनलाइन किया जाएगा। उपभोक्ताओं को बिल से संबंधित शिकायतें विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन दर्ज करानी होंगी। जिस पर गठित समिति बिलों में संशोधन करते हुए रिपोर्ट अपलोड करेगी। वहीं महीने भर में सही किए जाने वाले बिलों की डिटेल भी रखनी होगी।

नई प्रणाली के अनुसार अलग-अलग स्तर के बिलों में आने वाली गड़बड़ी को संशोधित किए जाने के लिए एक्सईएन व एसडीओ लेबल की समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें बकायदे तीन सदस्यीय जांच समिति बनेगी। यही समिति ऑनलाइन आने वाले बिल संशोधन से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण करेगी। जिसकी रिपोर्ट भी ऑनलाइन ही अपलोड करनी होगी। बिल संशोधन की आने वाली शिकायतों को सम्बंधित डिवीजनों के एक्सईएन द्वारा निपटाया जाएगा, जो एलएमवी-1 व 2 तथा नौ किलो वॉट से अधिक भार क्षमता सहित अन्य सभी श्रेणी व भार के बिलों को संशोधित करेंगे। जबकि शिकायत सम्बंधित उपखंड कार्यालय के एसडीओ द्वारा एलएमवी-1 व 2 के नौ किलो वॉट तक के बिलों का संशोधन किया जाएगा।

### गलत बिल बिजली उपभोक्ताओं का उड़ा रहा 'फ्यूज'

**फतेहपुर।** बिजली विभाग की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान हैं। मीटर रीडर घर-घर जाकर रीडिंग नहीं ले रहे बल्कि मनमानी रीडिंग दर्ज कर बिल बना रहे हैं। जिन लोगों के आठ सौ-हजार रुपये के बिल आते रहे हैं, उनके पास 18 से 35 हजार के बिल पहुंच रहे हैं। ऐसे एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों मामले हैं। जिनकी शिकायतें बिजली घरों में लंबित पड़ी हैं। लोगों का कहना है कि इसके पीछे की वजह यही है कि उपभोक्ता बिल सही कराने के लिए विभाग के चक्कर लगाएं और फिर थक-हारकर सुविधा शुल्क देकर काम कराएं। बिजली बिल गड़बड़ आने पर जब उपभोक्ता अधिकारी के पास जाते हैं तो उन्हें जांच का आश्वासन देकर टरका दिया जाता है। जांच होती ही नहीं है। विभाग के कारनामे का ही जीता जागता उदाहरण मलवां क्षेत्र के रहने वाले रवि कुमार का है। रवि कुमार को बिल भुगतान के बाद भी 8 हजार रुपये का बिल भेज दिया गया है। उन्होंने इसकी शिकायत विभाग के उच्चाधिकारियों से की है। बताया कि अपना बकाया भुगतान पूरा जमा कर दिया था। इसके बाद भी दोबारा बकाया बिल का मैसेज आ गया। 8 हजार का बकाया देख उनके होश उड़ गए। इसी तरह भिटौरा क्षेत्र के कई गांवों के लोग विभाग में अपना बिल सही कराने के लिए परेशान दिखे। जिनमें मोहन एवं रामलाल ने बताया कि विभाग ने मनमाने तरीके से बिल बना दिया है। अब हम उसे सही करवाने के लिए शिकायत करने आए हैं। कई उपभोक्ताओं ने तो यहां तक बताया कि विभाग के ही कुछ कर्मचारी यहां तक कहते हैं कि जब चक्कर काटकर थक जाओ तो हमारे पास आना, काम करा देंगे। बात सही भी है थक-हारकर उपभोक्ता इन्हीं बाबुओं के पास जाकर इनकी जेब गर्म करके बिल सही कराते हैं। तब सारे काम फटाफट हो जाते हैं।

### मीटर रीडर करते हैं खेल

बिलों में गड़बड़ी के लिए सीधे तौर पर मीटर रीडर जिम्मेदार हैं। दरअसल प्राइवेट एजेंसी के पास रीडिंग का जिम्मा है। एजेंसी अपने कर्मचारी लगाकर मीटरों की रीडिंग कराती है। इन मीटर रीडरों के तार विभाग के उन बाबुओं से जुड़े होते हैं, जहां रीडिंग की फीडिंग होती हैं। उपभोक्ता जब बड़े अधिकारी के पास जाता है तो उसे जेई के पास जाने को कहा जाता है। ऐसे में जल्द से जल्द इन मामलों में न्याय मिलना मुश्किल होता है।

## सार-संक्षेप

### 108वीं रैंक लाकर विप्लवी बनीं असिस्टेंट कमिश्नर



विप्लवी सिंह चौहान

**फतेहपुर।** दोआबा की एक बेटी ने असिस्टेंट कमिश्नर प्रोविडेंट फंड की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर जिला और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। बेटी की इस सफलता पर गांव में जश्न का माहौल है और परिवार के लोगों को बधाई देने वाले लोगों की भीड़ लगी रही। ललौली थाना क्षेत्र के कीर्ति खेड़ा गांव के रहने वाले अतुल सिंह चौहान की बेटी विप्लवी सिंह चौहान ने असिस्टेंट कमिश्नर प्रोविडेंट फंड की परीक्षा उत्तीर्ण की है। विप्लवी ने 108वीं रैंक हासिल की है, जिससे पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। विप्लवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और सगे संबंधियों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार को गर्वित किया है, बल्कि अन्य लड़कियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनी हैं। उनकी इस सफलता के बाद पूरे जिले में जश्न का माहौल है और हर कोई उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहा है। विप्लवी सिंह के पिता अतुल सिंह चौहान ने बेटी के इस सफलता पर कहा कि मुझे अपनी बेटी पर गर्व है कि उसने एक गांव से निकलकर इस मुकाम को हासिल किया है।

### डकैती के दोषी को उम्र कैद

**फतेहपुर।** विशेष न्यायाधीश अविजीत भूषण की कोर्ट ने डकैती के आरोपी को दोषी करार देकर उम्रकैद व 15 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी 18 साल से जेल में था। इसी वजह से उसकी फाइल पर शासन के आदेश पर सुनवाई कर जल्द निस्तारण की प्रक्रिया में लाई थी। डकैती के अन्य छह आरोपियो का फैसला बाकी है। विशेष लोक अभियोजक आलोक तिवारी ने बताया कि किशनपुर थाने के मड़ौली ग्राम पंचायत के म्योंखर निवासी डड़िया देवी के घर में तीन अप्रैल 2000 की रात डकैती पड़ी थी। पड़ोसी किशनपाल ने बदमाशों का विरोध किया था। बदमाशों ने किशनपाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। लूट व हत्या का किशनपुर के पुत्र सुमेर ने मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना दौरान पुलिस गुरुप्रसाद, कृष्णपाल, रामस्वरूप, विजय पाल, ननकवा उर्फ चैंपियन, गया प्रसाद व बांदा जिला मर्का थाना के मटेहना निवासी बच्छराज उर्फ बघेला के खिलाफ चार्जशीट लगाई थी। बच्छराज 18 साल से जेल में बंद था। बाकी आरोपियों को जमानत मिल गई थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद बच्छराज को उम्रकैद व 15 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### ट्रक चालक ने फंदा लगाकर दी जान

**राजपुर।** जरी गांव में सोमवार की देर रात ट्रक चालक ने शौचालय के कुंडे में फंदे से लटककर जान दे दी। खुदकुशी के पीछे घरेलू कलह बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।सट्टी थाना क्षेत्र के जरी गांव निवासी रामप्रकाश (61) ट्रक चालक था। सोमवार शाम वह भोगनीपुर में ट्रक खड़ा कर गांव आया और खाना खाने के बाद घर के बाहर आंगन में सोने चला गया। बेटे धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि रात ढाई बजे शौच क्रिया के लिए वह शौचालय गया तो देखा कि पिता रामप्रकाश का शव गमछे के सहारे छत के कुंडे से लटक रहा था। जिसपर उसने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की और फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। मौत की जानकारी पर पत्नी उर्मिला, बेटा धर्मेंद्र, अरविंद कुमार, बेटी गीता बिलखते रहे। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के मुताबिक घरेलू कलह के चलते ट्रक चालक ने फंदे से लटककर जान दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### इग्नू में प्रवेश के लिए 31 तक करें आवेदन

**पुखरायां।** कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय पुखरायां में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. पर्वत सिंह ने बताया कि जुलाई 2024 सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। जिन लोगो को इग्नू से मास्टर डिग्री, बैचलर डिग्री, डिप्लोमा व प्रमाण पत्र कोर्स आदि में प्रवेश लेना है। वह 31 जुलाई तक इग्नू की साइट पर जाकर समर्थ एप के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को स्नातक स्तर पर शिक्षण शुल्क में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। बता दें कि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में व्यवसायिक प्रबंधन के क्षेत्र में अनेक ऐसे कोर्सेस हैं, जो रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं। वहीं भारतीय संस्कृति को जानने के लिए एमए ज्योतिष, एमए भगवत गीता, एमए संस्कृत, वैदिक गणित जैसे अनेक कोर्स हैं। वहीं विज्ञान के क्षेत्र में परास्नातक डिग्री के कोर्स उपलब्ध हैं, जिनको करने से अनेक अनुसंधान के साथ रोजगार व आधुनिक तकनीक विशेष रूप से कंप्यूटर के क्षेत्र में स्नातक एवं परास्नातक कोर्स उपलब्ध है। डॉ पर्वत सिंह ने कहा कि इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ मनोरमा सिंह ने ईमेल के माध्यम से अंतिम तिथि के विषय में जानकारी दी है।

### जिला अस्पताल से गुम हो गई पत्नी, एसपी से की शिकायत

**फतेहपुर।** पिछले कुछ दिनों से लापता पत्नी की खोज के लिए पति चौकी से लेकर अधिकारियों की चौखट पर पहुंचकर चक्कर लगा रहा है, लेकिन पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही है। इसके बाद परेशान होकर पति ने मामले की शिकायत एसपी और राष्ट्रीय महिला आयोग से की है। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के नरौली गांव के रहने वाले राहुल सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना दिया। बताया कि 6 जुलाई को वह पत्नी महक उर्फ राधा का इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल आया था। अस्पताल में पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टर को दिखाया तो डॉक्टर ने देखने के बाद दवा लिखकर दी। पत्नी को जिला अस्पताल के अंदर रोककर दवा लेने गया और जब दवा लेकर आया तो पत्नी लापता थी। पत्नी के पास एक मोबाइल है। उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह लगातार थाना और पुलिस के चक्कर काट रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आठ जुलाई की शाम उसके फोन पर एक कॉल आई, जिसमें उसकी पत्नी घबराई हुई बोल रही थी मुझे बचा लो तभी पीछे से गाली चलने की आवाज आई और फोन स्विच ऑफ हो गया। पति ने बताया कि पत्नी को जान का खतरा है, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई सुराग तक नहीं लगा पाई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

### सास-बहू व बेटा सम्मेलन में दी परिवार नियोजन की जानकारी

**असोथर।** परिवार नियोजन पर अलख जगाने की नई पहल की गयी है। सास एवं बहू, बेटा के माध्यम से परिवार नियोजन पर जागरूकता फैलाई जा रही है। जिले में मिशन परिवार विकास अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत असोथर ब्लॉक के कौंडर गांव में आरोग्य दिवस पर सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें आने वाली सास-बहू की जोड़ियों को परिवार नियोजन के स्थाई तथा अस्थाई साधनों के बारे में जानकारी दी गयी तथा साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। सास-बहू सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सास-बहू के जोड़ियों के साथ खेल खेला गया। जिसमें सास-बहू की जोड़ियों ने काना-फूसी की। इसके माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि काना-फूसी व परिवार नियोजन के बारे में अफवाहों पर ध्यान न दें। बल्कि आशा या एएनएम के द्वारा बताये गये परिवार नियोजन के साधनों का इस्तेमाल करें। वहीं केयर इंडिया के परिवार नियोजन समन्वयक मुकेश गुसाई, प्रीति गुप्ता ने बताया परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी दी गयी । स्थायी साधनों में महिला नसबंदी एवं पुरुष नसबंदी एवं अस्थायी साधनों में कॉपर टी, गर्भ-निरोधक गोली (माला-एम एवं माला-एन), कंडोम एवं इमरजेंसी कंट्रासेपटीव पिल्स के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ नीरज गुप्ता, बीसीपीएम धर्मवीर, सीएचओ एकता शर्मा, मुकेश गुसाई, प्रीति गुप्ता, एएनएम बंदना रावत एवं आशा, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित महिलाएं और नव विवाहित जोड़े मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल में सीसीटीवी कैमरों के बीच रहेगा विकास

**फतेहपुर।** सात बार सर्प दंश से पीड़ित युवक की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वास्थ्य और राजस्व विभाग टीम को सौंपी गई है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीड़ित के गांव सौंरा पहुंचकर उससे मिलने की कोशिश की, लेकिन पीड़ित की मां ही सामने आई। टीम ने उनकी काउंसिलिंग की। वहीं सीएमओ राजीव नयन गिरी का कहना है कि एक बार सांप काटने की पुष्टि हुई है। छह अन्य बार काटने संबंधी जानकारी जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी।बताया कि जांच टीम को निजी हास्पिटल से पूरी रिपोर्ट नहीं मिली है। मलवां थाने के सौंरा निवासी सुरेंद्र द्विवेदी के बड़े बेटे विकास द्विवेदी को दो जून से 11 जुलाई के बीच सात बार सर्प डसा है। हर बार उसका इलाज रामसनेही नर्सिंग होम जीटी रोड में हुआ है। मामला सुर्खियों में आने के बाद डीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने 40 दिन में एक ही व्यक्ति से सर्प डसने के मामले की तह पर जाने की कोशिश शुरू की है। इसके तहत इसमें डिप्टी सीएमओ डॉ. सुरेश, एसीएमओ डॉ. इश्यिाक और वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एनके सक्सेना को शामिल किया गया है। हालांकि अभी तक इस टीम ने मामले में कोई रिपोर्ट नहीं दी है। उधर, सोमवार को विकास द्विवेदी परिजनों के साथ बालाजी से घर लौट आया है। मंगलवार को गोपालगंज पीएचसी की टीम ने सौरा गांव में सर्प दंश से पीड़ित युवक के परिजनों से मिली। उनकी मां की काउंसिलिंग की। सीएमओ राजीव नयन गिरी ने बताया कि विकास को जिला अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखने का निर्णय लिया गया है। यहां पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम विकास की हर समय उसकी निगरानी करेगी।

एक नजर

### छत से गिरकर युवती घायल

**बिन्दकी।** कस्बे के मोहल्ला मुगलाही निवासी सगीर की पुत्री फरीन अंजुमन छत सो रही थी तभी देर रात किसी काम के लिए उठकर चलने लगी तो अचानक उसका पैर फिसल गया और छत के नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी। शोर मचाने पर हुई जानकारी के बाद परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है।

### महिलाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर मंगलवार को सभी थानो की एन्टी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 अभियान व ऑपरेशन जागृति चलाया गया। महिलाओं बालिकाओं से वार्ता कर ऑडियो, वीडियो, पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा के लिए जागरुक किया गया।

# लाउडस्पीकर से दी योजना की जानकारी

संवाददाता, खागा


लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जागरूक करते सभासद।। अमृत विचार

- पीएम आवास योजना में धांधली को रोकने की पहल

**अमृत विचार।** खखरेरु नगर पंचायत में शहरी आवास योजना कॉलोनी को लेकर हो रहीं धांधली व बिचौलियों द्वारा धन उगाही को लेकर सोमवार को नगर अध्यक्ष व सभासदों द्वारा ई-रिक्शा में लाउडस्पीकर लगाकर नगर क्षेत्र में आनाउंसमेंड कर लाभार्थियों को जागरूक किया गया। नगर अध्यक्ष ज्ञान चन्द्र केशरवानी का कहना रहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत यदि लाभार्थियों से पैसे वसलूने की बात सामने आए तो इस पर शिकायत जरूर करें। धन उगाही करने वालों के साथ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं चेयरमैन ने कहा किसी को प्रधानमंत्री आवास के नाम पर पैसा न दिया जाए। नगर क्षेत्र में पैसा कोई मांगता है तो तत्काल इसकी शिकायत करें। ई-रिक्शा के माध्यम से विभिन्न वार्डों में जाकर हर दिन एलाउंसमेंट किया जा रहा है। जिसमें बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी पूरी तरह निःशुल्क है। इसमें कोई भी लाभार्थी किसी को पैसा मत दें। यदि कोई पैसा मांगता है तो नगर पंचायत के कार्यालय में आकर शिकायत करें। कहा कि जिसके नाम लिस्ट में आ गए हैं उनके आवास निरस्त नहीं होंगे न उनकी किस्त रुकेगी। इस मौके पर नगर के सभी सभासद, गुड्डू केसरवानी, शुभम सिंह ठाकुर, संदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कक्षा 1 और 2 के बच्चों को जल्द मिलेंगी किताबें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिला मुख्यालय से ब्लाक मुख्यालयों में भेजी गईं किताबें
- कक्षा एवं दो के छात्र-छात्राएं पढ़ेंगे एनसीईआरटी की पुस्तकें

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई कर रहे कक्षा एक और दो के बच्चों को जल्द नई किताबें मिलेंगी। शासन की तरफ से दोनों कक्षाओं के बच्चों के लिए किताबें जिला मुख्यालय पर भेज दी गई हैं। विभाग ने पुस्तकों का सत्यापन करते हुए बच्चों को वितरित कराने के लिए ब्लाकों में भेज दिया गया है।

जिले के 2126 परिषदीय स्कूलों में करीब पौने तीन लाख बच्चे पढ़ाई करते हैं। इन बच्चों को नए सत्र में शासन की तरफ से पुस्तकें उपलब्ध कराने का निर्देश था। शासन स्तर से फरवरी माह में ही किताबें जिला मुख्यालय भेजी जाने लगीं। मार्च तक कक्षा तीन से आठवीं तक की सभी किताबें जिला मुख्यालय पहुंच गई थी। नए सत्र में इन कक्षाओं में किताबें वितरित भी करा दी गईं।

कक्षा एक व दो की किताबें स्कूलों में अभी तक नही पहुंच सकी हैं। जिसके कारण बच्चे बिना किताबों के ही स्कूलों में पहुंचकर पढ़ाई कर रहे हैं। विभाग की मानें तो इस बार कक्षा एक व दो में एनसीईआरटी की किताबों से बच्चे पढ़ाई करेंगे। शासन की तरफ से समय से किताबें नहीं आ सकी थीं। अब करीब 1.5 लाख किताबें आ चुकी हैं। सत्यापन करने के बाद ब्लाक मुख्यालय पर भेज दी गई हैं। वहां से किताबों को स्कूलों में भेजवाकर बच्चों में वितरित करा दिया जाएगा।


ब्लाक मुख्यालयों में रखीं किताबें।

#### सारंगी और आनंदमयी गणित-1 से पढ़ेंगे बच्चे

कक्षा एक में हिंदी सारंगी, आनंदमयी गणित-1, अंग्रेजी की मृदंग-एक, इसके अलावा अन्य पुस्तक दी जाएगी। इसी क्रम में कक्षा दो में हिंदी सारंगी -2, आनंदमय गणित-2, कार्य पुस्तिका आनंदमय गणित-2, शहनाई-2 उर्दू, अंग्रेजी मृदंग-2 के अलावा अन्य कार्य पुस्तिका दी जाएंगी।

#### मुख्यालय पर भेजी गईं 1.5 लाख पुस्तकें

परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक और दो में पढ़ाई कर रहे बच्चे एनसीईआरटी किताबों से पढ़ाई करेंगे। इन बच्चों के लिए विभिन्न विषयों की 1.5 लाख किताबें शासन की ओर से जिला मुख्यालय भेजी जा चुकी हैं।

> एनसीईआरटी की कक्षा एक व दो की किताबें शासन से मिल चुकी हैं। किताबों का सत्यापन टीम द्वारा किया जा चुका है। सभी ब्लाकों में पुस्तकों को भेज द दिया गया है। जल्द ही बच्चों में वितरित कर दिया जाएगा।
>
> -अखिलेश सिंह, जिला समन्वयक

# रिटायर्ड कैप्टन के घर से 50 लाख की चोरी

## सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, खुलासे को लगाई दो टीमें, मकान खरीदने के लिए रखा था कैश

संवाददाता फतेहपुर


मौके पर जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सेना से रिटायर्ड कैप्टन के घर से 50 लाख रुपये की चोरी हो गई। परिजनों को जब जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। चोरी की सूचना पर डीएसपी कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के वीवीआईपी कॉलोनी के रहने वाले सेना से रिटायर्ड पूर्व कैप्टन हरि शंकर सिंह चौहान के घर पर रखे 50 लाख रुपये की चोरी हो गई। सुबह जब परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर सदर डीएसपी वीर सिंह, कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। पीड़ित ने बताया कि सीओ कार्यालय के पास एक मकान खरीदने के लिए 63 लाख रुपये में बयाना किया था। दो दिन बाद मकान की रजिस्ट्री होने थी, जिसके लिए घर के ऊपरी मंजिल में बने स्ट्रांग रूम में अलमारी में 50 लाख रुपये कैश रखा था। सुबह साढ़े सात बजे पत्नी भारती सिंह छत पर गईं तो देखा कि स्ट्रांग रूम का ताला टूटा हुआ था। 50 लाख रुपये से भरा बैग गायब था। उन्होंने बताया कि घर पर पहली मंजिल पर पत्नी के साथ वह खुद रहते हैं और दूसरी मंजिल पर बेटा और बहू रहते हैं। घर पर हुई 50 लाख रुपये के चोरी के मामले में जानकारी होने पर पूर्व सैनिक कोटेश्वर शुक्ला, समाजसेवी अशोक तपस्वी सहित संगठन के लोग पहुंचे और जल्द खुलासे की मांग की। सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद ली जा रही है और घर के ऊपर तक चोर कैसे पहुचा जांच पड़ताल की जा रही है। चोरी के खुलासे के लिए दो टीमों को लगाया है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

### फौजी के गले से चेन छीन कर फरार हुए बदमाश

**फतेहपुर।** स्कूटी सवार फौजी के गले से सोने की चेन सोमवार देर शाम बाइकर्स लूटकर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरे देखकर जांच में जुटी है। लुटेरे फुटेज में कैद हुए हैं। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा निवासी विजय सिंह कछ्वाह का पुत्र विमल सिंह फौज में शिक्षक हवलदार के पद पर बेग्लूरू में तैनात है। विमल अवकाश पर घर आया था। वह सोमवार देर शाम स्कूटी से पत्नी मोहिनी देवी व पांच माह के बच्चे को लेकर पधारा गांव रिश्तेदार के घर जा रहा था। बिंदकी रोड ओवरब्रिज ढाल पर स्कूटी धीमी गति में थी। पीछे से सफेद अपाचे बाइक सवार दो लुटेरे फौजी के गले में झपट्टा मारक चेन लूट ले गए। फौजी ने बताया कि वह अनियंत्रित हुए, किसी तरह से संभल गए। उनका काफी दूर तक पीछा किया। लुटेरे भागने में कामयाब हो गए। बदमाश चौडगरा से पीछे लगे थे। बदमाशों ने उसे चौडगरा में केला खरीदते देखा था। पुलिस को खोजबीन में खजुहा रोड ईंट भट्ठा पर लगे कैमरे में बदमाश दिखे हैं। चेन करीब तीन लाख कीमत की थी। बदमाश पहुर से खजुहा मार्ग की तरफ भागे हैं। प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# पुण्यतिथि पर मेधावियों को किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद ने संरक्षक की मनाई प्रथम पुण्यतिथि
- मेधा अलंकरण समारोह का किया गया आयोजन, पुरस्कार पाकर बच्चों के खिले चेहरे


बच्चों को पुरस्कार देते परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद एवं भारतीय दोसर वैश्य समाज द्वारा संयुक्त रूप से संरक्षक स्व. ममता गुप्ता की मंगलवार को प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। शहर के बिरसा मुंडा सरस्वती संस्कार विद्यालय चित्रांश नगर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री परिवार द्वारा हवन पूजन के साथ किया गया। वहीं बच्चों के मध्य प्रतियोगी कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया, द्वितीय अभिषेक व तृतीय श्रद्धा रही। इसी तरह से गीत प्रतियोगिता में प्रथम शशि, सामान्य ज्ञान में राधिका कुणाल ने प्रतियोगिता जीती। सभी बच्चों को पुरस्कार देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। स्व. ममता गुप्ता के व्यक्तित्व में प्रकाश डालते हुए गायत्री परिवार के गिरधारी लाल गुप्त ने कहा कि उनका जीवन सामाजिक चिंतन के प्रति सदैव रहा है। परिषद के जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव की पत्नी स्वर्गीय ममता गुप्ता हम सभी के लिए आदर्श थी। आज उनका प्रथम पुण्यतिथि पर हम सभी उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं। उनकी स्मृति में विद्यालय प्रांगण में संगठन के पदाधिकारी द्वारा पांच पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर आशा, लक्ष्मी, रामस्वरूप गुप्त, नरेंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, नारायण बाबू गुप्ता, राजीव पोरवाल, नैंसी, आशीष गुप्ता, दीक्षा, नीतिश गुप्ता समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।


प्रमाणपत्र के साथ एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

# एनसीसी कैडेट्स को बांटे प्रमाणपत्र, किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में उत्तीर्ण होने वाले कैडेटों को एनसीसी 'ए' एवं 'बी' प्रमाण पत्र 2024 वितरित किए गए। प्रमाण पत्र पाकर कैडेटस ने खुशी का इजहार किया।

मुख्य अतिथि 60 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बृजेश पठानिया ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह प्रमाण पत्र उनके जीवन के सभी पहलुओं में उपयोगी होगा और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी पाने में मदद करेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने सभी कैडेटों से जीवन मं। एकता और अनुशासन का पाठ हमेशा याद रखने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य, कर्नल, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रोहित दत्त, सीटीओ बिपिन मिश्रा एवं कैडेट ने एक-एक पौधा लगाया। आओ मिलकर पेड़ लगाएं, अपने पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं का नारा लगाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**खागा।** खखरेरू कस्बे में सोमवार रात जवाहर विद्यालय के पास पैदल जा रहे अधेड़ ब्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।


भोन्दल।

खखरेरू थाना क्षेत्र के शीतलूपुर गांव निवासी भोन्दल पुत्र स्व जयराम की खखरेरू कस्बे के जवाहर विद्यालय के पास पैदल जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि सोमवार की देर शाम करीब नौ बजे किसी काम के सिलसिले में खखरेरू कस्बा गया हुआ था। जैसे ही जवाहर विद्यालय के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। आसपास के लोगों को होते ही आनन-फानन में सीएचसी खखरेरू ले जाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# दलदल में बदला गांव का रास्ता

संवाददाता, किशनपुर

- पंचायत भवन के निकास द्वार पर ही जमा है कीचड़
- विकास के नाम पर लाखों खर्च लेकिन नहीं मिली सुविधा


ग्राम पंचायत गढ़ा के आम रास्ता में भरा कीचड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकास खण्ड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत गढ़ा में रास्तों के हाल बद से बद्तर हैं। जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते रास्ते दलदल में तब्दील हैं। यहां तक की पंचायत भवन के निकास द्वार पर ही दल-दल भरा है।

गढ़ा ग्राम पंचायत विजयीपुर विकास खंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है। इस ग्राम पंचायत में करीब 58 मजरे हैं। जिसमें करीब 20 हजार से अधिक मतदाता हैं। इस ग्राम पंचायत में विकास के नाम करोड़ों रुपए आते हैं। लेकिन जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते आज भी यहां के कई गांवों के लोग दलदल भरें मार्ग से निकलते हैं। बरसात के दिनों में लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है। इस ग्राम पंचायत के चंदापुर से दसईपुर गांव को जाने वाला मार्ग पूरी तरीके से ध्वस्त पड़ा है। इस मार्ग की लम्बाई लगभग एक हजार मीटर के आसपास है। इसी मार्ग से करीब हजारों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। दसईपुर में बने अनिरुद्ध सेन सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे भी इसी दलदल भरे मार्ग से रोज आते जाते हैं। जो आए दिन गिरकर चोटिल हो जाते हैं। दसईपुर में बना पंचायत भवन भी बदहाली के आसू रो रहा है। पंचायत भवन के आसपास कूड़े के ढेर लगें हैं। वहीं पंचायत भवन के निकास द्वार पर कीचड़ भरा है। ग्राम पंचायत में तैनात महिला सहायक पंचायत भी इसी कीचड़ से प्रतिदिन आती जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दसकों पहले इस मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण कराया गया था। जो अब पूरी तरह से टूट गया है। सड़क टूटने के बाद कई बार जनप्रतिनिधियों से इस सड़क को बनवाने की मांग की गई लेकिन जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया।

**83 वाहनों का हुआ चालान : फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर मंगलवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 83 वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों से दो हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

समस्या — गंगा एवं पांडु नदी के जल स्तर में लगातार बढ़ोतरी, ग्रामीणों में दहशत

# खेतों में पहुंचा पांडु नदी का पानी, गांव में घुस सकता है

संवाददाता, चौडगरा फतेहपुर


गांव की ओर बढ़ता नदी का पानी। अमृत विचार

- बिंदकी फॉर्म, संदनहा, मल्लू खेड़ा बड़ा खेड़ा, नया खेड़ा, मदारपुर सहित कई गांव प्रभावित

**अमृत विचार।** गंगा नदी के साथ साथ पांडु नदी के जलस्तर में लगातार हो रहे इजाफे से सम्बंधित गांवों के लोगों में दहशत फैलने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि नदियों का पानी खेतों में लबालब हो चुका है अब गांव की ओर बढ़ता जा रहा है। वहीं पांडु नदी में हो रही कटान से स्थित और भी खराब हो सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिंदकी फॉर्म के पास से गंगा नदी का पानी पांडु नदी की ओर आ रहा है, जिससे पांडु नदी बिंदकी फॉर्म गांव की ओर कटान कर रही है। वहीं पांडु नदी की कटान बिंदकी फॉर्म के पास जिस जगह हो रही है उससे प्राइमरी पाठशाला की दूरी बहुत कम बची है, यदि कटान जारी रही तो प्राथमिक विद्यालय के साथ बिंदकी फॉर्म गांव का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

गंगा नदी व पांडु नदी का जल किसानों के खेतों में बराबर भर रहा है जिससे सब्जी की फसलों के साथ अन्य फैसले भीबाढ़ से नष्ट हो रहे हैं।

#### प्रभावित होने वाले गांव

क्षेत्र के बिंदकी फॉर्म संदनहा मल्लू खेड़ा, बड़ा खेड़ा, नया खेड़ा, मदारपुर, रामघाट, बेरी नारी, बनी खेड़ा, दरियापुर, कटरी, काली कुंडी, पंचघरा, औसेरीखेड़ा, जाड़े का पुरवा आदि गांव के लोगों की मुसीबते बढ़ने की आशंका है।

#### ग्रामीणों ने लगाए आरोप

ग्रामीण अंशु ने बताया पिछले वर्ष आई बाढ़ में बाढ़ प्रभावित लोगों को लाने ले जाने के लिए लगाई गई नाव चलाने वाले लोगों को आज तक मजदूरी नहीं दी गई। किसान रामखेलावन व परशुराम निषाद ने बताया कि पिछले वर्ष आई बाढ़ में अभी तक एक भी किसान को मुआवजा नहीं दिया गया।

#### स्थिति पर प्रशासन की पैनी निगाह

अभयपुर ग्राम प्रधान रामदास निषाद ने बताया की गंगा नदी व पांडु नदी के जाल में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। शासन और प्रशासन के लोग बराबर नजर बनाए हुए हैं। बाढ़ की स्थिति में बाढ़ प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाई जाएगी। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल शुभम सिंह ने बताया कि बाढ़ से निपटने के पूरे इंतजाम कर लिए गए हैं। गांव में पानी घुसता है तो बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाई जाएगी।

### पेड़ से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के संग्रामपुर गांव निवासी श्रीपाल का पुत्र बृजलाल मौर्य शाम को पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह नीचे गिर पड़ा। जानकारी होने पर परिजन उसे तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking)
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेट मैरी स्कूल के पास, बांदा (उत्तर प्रदेश)- 210001
परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8(1) के अन्तर्गत
कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इफोरसमेंट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट के अंतर्गत इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोरसमेन्ट) रूल्स 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए ऋणी को 07.02.2024 तिथि को डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनो के भीतर बकाया ऋण राशि चुकता कर दी जाए। ऋणी द्वारा बकाया ऋण राशि चुकता न करने पर एतदद्वारा ऋणी एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियम के नियम 8 के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपतियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि इन संपतियों का सौदा न करें। इन संपतियों के बारे में किसी भी प्रकार का सौदा नीचे उल्लिखित राशि और ब्याज के लिए **इंडियन बैंक शाखा फतेहपुर आबूनगर, जिला फतेहपुर** के प्रभार के अधीन होगा।

साथ ही ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की तरफ आकर्षित किया जाता है जो प्रतिभूति सम्पत्ति के मोचन के लिये उपलब्ध समय से सम्बन्धित है।

| क्र. सं. | ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण (समस्त प्रकार की सम्पत्तियाँ) | डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि / कब्जा तिथि तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| | शाखा: फतेहपुर आबूनगर, जिला फतेहपुर, मो. नं. 7408763153 | | |
| 1.<br>2.<br>3. | **ऋणी:** मेसर्स एस.एन. कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स, व्यावसायिक पता: न्यू कॉलोनी ज्वालागंज, जिला -फतेहपुर,<br>**अब्दुल शफीक पुत्र अब्दुल रहमान,** (मेसर्स एस.एन. कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर एवं टर्म लोन में ऋणी एवं बंधककर्ता दोनों), निवासी: न्यू कॉलोनी, ज्वालागंज बस स्टॉप, फतेहपुर, यूपी-212601<br>मोहम्मद नफीस पुत्र अब्दुल शफीक, (कैश क्रेडिट में गारंटर एवं टर्म लोन में सह-ऋणी) निवासी: न्यू कॉलोनी, ज्वालागंज बस स्टॉप, फतेहपुर, यूपी-212601 | एक आवासीय मकान जो गाटा संख्या-2575, राजस्व गांव- कस्बा फतेहपुर दक्षिण, मोहल्ला ज्वालागंज, परगना, तहसील एवं जिला- फतेहपुर पर स्थित है। जिसका क्षेत्रफल: 191 वर्ग मीटर और जो अब्दुल शफीक पुत्र अब्दुल रहमान के नाम पर है। चौहद्दी: पूर्व: कच्चा रास्ता 10 फीट, पश्चिम: कच्चा रास्ता 10 फीट, उत्तर: फरीद एवं श्रीमती शाहजहां का प्लॉट, दक्षिण: कनीज फातमा का प्लॉट, | 07.02.2024<br>रू. 38,64,232.00<br>+ ब्याज एवं अन्य व्यय<br>11.07.2024<br>रू. 38,64,232.00<br>(07.02.2024 तक)<br>+ ब्याज एवं अन्य व्यय |

दिनांक: 17.07.2014 स्थान: फतेहपुर आबूनगर, जिला फतेहपुर प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# घर लौट रहा युवक तालाब में गिरा, डूबने से जान गई

## साथी युवक बचा, शराब के नशे में हुए दुर्घटना के शिकार

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** घर लौटते समय दो युवक शराब के नशे में तालाब में गिर गए। एक युवक की डूबने से मौत हो गई जबकि साथी किसी तरह बच गया। जानकारी पर ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद शव को तालाब से निकाला।



प्रवेश सैनी।

ग्राम पनगवां निवासी वीरेन्द्र सैनी का पुत्र प्रवेश सैनी (37) गांव के रिशु दुबे के साथ शराब पीकर सोमवार की देर रात लगभग 10 बजे घर लौट रहा था। नशा अधिक होने के कारण दोनों गांव के तालाब के पास पहुंचे तो लड़खड़ाकर उसमें गिर गए। रिशु किसी तरह निकल आया। प्रवेश डूब गया। साथी को डूबता देख रिशु शोर मचाया तो ग्रामीण एकत्र हो गए। तालाब में कटिया डालकर डूबे युवक को निकालने का प्रयास किया गया। लगभग आठ घंटे के प्रयास के बाद शव को बाहर निकाला गया। शव देख पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

- ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत कर शव को तालाब से निकाला

### तालाब में मिला शौच को निकले ग्रामीण का शव

**कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरापुर के तालाब में युवक का शव पड़ा मिला। वह 14 जुलाई की रात शौच के लिये तालाब पर गया था। शव मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरापुर निवासी नरेंद्र उर्फ कल्लू (30) पुत्र लालाराम 14 जुलाई की शाम घर से शौच जाने की बात कह कर निकला था। देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोज की पर कोई पता नहीं चला। मंगलवार सुबह गांव के लोग जब तालाब के निकट पहुंचे तो एक शव तालाब में पड़ा देखा। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी पर मानीमऊ चौकी प्रभारी शेखर सैनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को निकलवाया गया तो उस की पहचान नरेंद्र उर्फ कल्लू के रुप में परिजनों ने की। मामले में मृतक के भाई सुरेन्द्र कुमार पुत्र लालाराम ने सदर कोतवाली में लिखित सूचना देते हुए बताया कि उस का भाई 14 जुलाई की रात 11 बजे शौच के लिये गया था। उसकी मौत पानी में डूबने से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

# मक्का के भाव में उछाल 2400 रुपये प्रति क्विंटल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- व्यापारी बोले, अब किसान बेंच लें, आगे गिर सकते हैं भाव

**अमृत विचार।** मक्का के भाव में भारी उछाल आ गया है। जिला मुख्यालय की मंडी में रविवार को मक्का के भाव 2400 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक पहुंच गये। व्यापारियों ने कहा है कि अब किसान घरों में रखी मक्का को बाजार में बेंच दें नहीं तो यह भाव नहीं मिलेगा।

जिले में गर्मी के मौसम में तैयार मक्का ने मंडी समिति को खासा लाभ दिया है। कर के रूप में दो करोड़ से अधिक कमाई की गई है। इससे व्यापारियों व किसानों को इस वर्ष मक्का खासा लाभ दे गई है। कुछ किसान अभी भी मक्का घर में रखे हैं जब कि 1900 रुपये से बढ़कर भाव 2400 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक हो गया है। किसान भाव 2500 रुपये प्रति क्विंटल होने के इंतजार में हैं। आढती राजू गुप्ता का कहना है कि किसान अब मक्का को न रोकें क्योंकि अब भाव में गिरावट आ सकती है। जिन प्रांतों में मक्का जा रही है वहां के व्यापारियों को जो खरीद करनी थी वह लगभाग कर चुके हैं। मांग कम होने से भाव गिरने की पूरी संभावना है। तीन से पांच दिन तक ही भाव स्थिर रहने की संभावना है।



मंडी में खड़े मक्का के बोरों से लदे ट्रैक्टर। अमृत विचार




कलेक्ट्रेट पहुंचे एआईएमएआईएम के कार्यकर्ता व पदाधिकारी। अमृत विचार

# दलितों को झूठे मुकदमों में न फंसाया जाए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने एडीएम को दिया ज्ञापन
- कलेक्ट्रेट पहुंचकर की नफरत फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमएआईएम) की जिला इकाई ने कहा है कि लोगों में दहशत व्याप्त है इसे खत्म किया जाए। जान-माल की सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाई जाए। साथ ही झूठे मुकदमों में न फंसाया जाए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे एआईएमएआईएम के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम आशीष सिंह को दिया। इसमें कहा है कि मुसलमानों, दलितों और गरीबों को गलत मामलों में न फंसाया जाए। राज्य सरकार की बुलडोजर नीति के तहत कानूनी प्रक्रिया को ताक पर रख कर मुसलमानों, दलितों और गरीबों के खिलाफ द्वेष पूर्वक सुनियोजित तरीके से सौतेला व्यवहार बंद किया जाए।

धर्म और जाति के नाम पर समाज में नफरत फैलाने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही मोबलिंचिंग की घटना को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इशरत खान, जिला युवा अध्यक्ष अकबर खान, महासचिव वसीम ओवैसी, महासचिव, इकबाल सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष हाशिम हुसैन, युवा नगर अध्यक्ष कन्नौज जीशान अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष खालिद ओवैसी, छिबरामऊ विधानसभा अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी, महासचिव जगजीवन, राम दोहरे, ऐनुद्दीन खान, रईस अहमद, शमीम खान, फैजुद्दीन, अफजल मंसूरी, शादाब अली, फैजान सिद्दीकी, हैदर अली, अशरफ मुकद्दर मौजूद रहे।

# जल्द ही 25 संगठनों के साथ होगी किसान महापंचायत

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

- निजी स्कूलों के खिलाफ आवाज उठाएगी भाकियू

**अमृत विचार।** बहबलपुर स्थित भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह के निवास पर पहुंचे नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ अरुण यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही क्षेत्र में 25 संगठनों के साथ एक महा किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह ने कहा कि जिले में संगठन की मजबूती और किसानों की समस्याओं को लेकर हमारा संगठन हमेशा तत्पर रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष ने कहा की जिस तरह से प्राइवेट स्कूल वाले अपने स्कूल से किताबें और कापी एवं ड्रेसें, टाई, बेल्ट बगैरा अपनी मनमर्जी दामों में बच्चों के अभिभावकों को बेच रहे हैं। इन सभी पर भारतीय किसान यूनियन बलराज आवाज उठाएगा। बिजली समस्या पर भी आवाज बुलंद की जाएगी क्योंकि ट्यूबवेल कनेक्शनधारकों को सरकार के वादे के अनुसार 8 घंटे बिजली नहीं दी जा रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर छिबरामऊ क्षेत्र में बड़ी महापंचायत की जाएगी जिसमें करीब 25 संगठन शामिल होंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष युवा इंजी सौरव यादव, प्रदेश सचिव आमिर खान, अंकेश कुमार, राजन यादव व फैजान मंसूरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# मानदेय को लाइनमैनों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ठेकेदारी व्यवस्था के तहत बिजली विभाग में लगे लाइनमैन व एसएसओ को मई का मानदेय कार्यदायी संस्था ने नहीं दया है। इसके अलावा सुरक्षा के उपकरण भी नहीं दिये जा रहे हैं। इसी को लेकर जिला मुख्यालय के लाइनमैन ने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल कन्नौज के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बाद में ज्ञापन ज्ञापन सौंप कर मानदेय व सुरक्षा उपकरण दिलाने की मांग की है।



अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करते लाइनमैन व एसएसओ। अमृत विचार

- ठेकेदार ने लाइनमैन को सुरक्षा के उपकरण भी नहीं दिये

उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संगठन के जिला सचिव प्रदीप कुमार व रमेश चंद्र राजपूत की अगुवाई में कई लाइनमैन व एसएसओ मंगलवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे। यहां प्रदर्शन किया। इसके बाद अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खण्ड कन्नौज को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि दो माह से कंपनी के ठेकेदार ने कई लाइनमैन को मानदेय नहीं दिया है। मानदेय दिलाया जाये। यही नहीं मानदेय एक से सात तारीख के मध्य हर हाल में खाते में भेजा जाये। मई का मानदेय कर्मचारियों के खाते में भेजा जाये। इसी तरह लाइनमैन को सुरक्षा उपकरण दिलाये जायें। कहा कि सुरक्षा उपकरण न होने लाइनमैन को बिजली का काम करने के दौरान दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। कई लाइनमैन की मौत हो चुकी है। इस मौके पर लाइनमैन अजीत तकुमार, शिवम कुमार, विजय मिश्रा, अभिषेक कुमार, प्रबल यादव, राहुल कुमार, धर्मराज, सरवन कुमार, अमरेश कुमार, अनमोल दास, जय सिंह, मुनीशकुमार, उदयवीर, मुकेश कुमार, सूरज कुमार, राजवीर सिंह, रवि, कृष्ण कुमार, हरिओम, आकाश, कल्लू समेत कई अन्य लाइन मैन मौजूद रहे।

## घर में घुसकर दंपति से मारपीट, छेड़छाड़

**तिर्वा, कन्नौज।** खेत पर कब्जे को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर दंपति से मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की। घटना में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि खेत पर कब्जा की नीयत से कोतवाली के जयसिहंपुर्वा गांव निवासी अंकित पुत्र सोहनलाल, बृजेश पुत्र सतीश, रूबी राजपूत पत्नी बृजेश, सतीश पुत्र रामऔतार अपने साथ चार अज्ञात महिलाओ को लेकर 24 जून को दरवाजे आए और गालीगलौज करने लगे। वह उन लोगों की गालीगलौज को सुनकर पत्नी समेत घर के अंदर आ गया। आरोपी भी घर के अंदर घुस आए और उसके साथ मारपीट व पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# किशोरी से दुष्कर्म कर फोटो किए वायरल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- शिकायत पर आरोपी के पिता ने दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म करने के बाद युवक ने इसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। मामले में शिकायत किए जाने पर आरोपी के पिता ने धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी व उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



कोतवाली क्षेत्र के युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 15 साल की पुत्री के साथ कस्बे के जवाहरनगर निवासी इलैख ऊर्फ दाउद ने दुष्कर्म किया और इसके फोटो भी खींच लिए। घटना को अंजाम देने के बाद अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसकी पुत्री को बदनाम किया। जब उसने आरोपी इलैख के पिता बाजिद से घटना को लेकर शिकायत की तो उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर उसे भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनसी धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाल जितेंद्र प्रताप ने बताया कि अभी आरोपी की तलाश की जा रही है। किशोरी के बयान लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हादसे में मरने वालों की संख्या 4 हुई

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सोमवार को हुए हादसे में एक और मौत के साथ मृतकों की संख्या चार हो गई। मामले में डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बिहार के मुकुंदपुर बादली निवासिनी सविता देवी पत्नी रामजी सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 15 जुलाई की सुबह समय लगभग पांच बजे बहन का पुत्र मुन्नू सिंह अपने साथियों रंजू देवी पत्नी राजन, सुशीला पत्नी दीनानाथ, दीपक, दीपू, यश पुत्रगण राजन, मुकेश पुत्र दीनानाथ, अंश पुत्र मुकेश, रमाकांत की पत्नी मुकेश के साथ पिकअप गाड़ी से दिल्ली से बिहार जा रहा था। लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे किलोमीटर संख्या 150 पर गलत दिशा से आ रही डीसीएम के चालक नाम पता अज्ञात ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे पिकअप में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मुन्नू सिंह, रंजू देवी, सुशीला देवी की मृत्यु हो गई। घायलों को कानपुर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान मुकेश पुत्र दीनानाथ की भी मृत्यु हो गई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर डीसीएम अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

- आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सोमवार को पिकअप से हुई थी भिड़ंत

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत पर रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा, कन्नौज।** अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीरदी है। कोतवाली क्षेत्र के अकुडिया गांव निवासी दिलिप कुमार पुत्र बेंचेलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई 11 जुलाई को तिर्वा से घर आ रहा था। वह लोहामढ़ गांव के पास पहुंचा और अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर वह बात करने लगा। उसी दौरान अनियंत्रित होकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह गंभीर घायल हो गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां से रेफर कर दिया। कानपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाल जितेंद्र प्रताप ने बताया कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से युवक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी थी। उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम नरमऊ निवासी ज्ञान चंद्र पुत्र चंदन ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि कार के अज्ञात चालक ने 15 जुलाई की शाम 05 बजे उसके भाई श्रीकृष्ण (55) के ग्राम भवनियापुर स्थित सर्विस रोड के किनारे टक्कर मार दी थी।

खबर मिलते ही परिजनों ने आनन फानन उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चालक की तलाश की जा रही है।

# सात दिन में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कार्रवाई न होने पर होगा अनिश्चितकालीन सत्याग्रह

**अमृत विचार।** सात दिनों में पूर्व बीजेपी सांसद पर कार्रवाई न की गई तो अनिश्चितकालीन सत्याग्रह किया जायेगा। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने यूपी के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर यह चेतावनी दी है।

संगठन की प्रवक्ता नूतन ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्य मंत्री को दिये ज्ञापन में मांग की है कि कन्नौज के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक पर दो जून 2023 को मंडी पुलिस चौकी थाना कोतवाली कन्नौज में घुसकर पुलिस को पीटने का आरोप लगा। इस संबंध में कोतवाली में एफआईआर दर्ज है। जुलाई 2023 में सुब्रत का इसी चौकी के इंचार्ज को जूतों से मारने की धमकी और फरवरी 2024 में उनके द्वारा हिंदू देवता को गाली देने का ऑडियो वायरल हुआ। इन दोनों मामलों में एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई। उन्होंने इसे अत्यंत गंभीर स्थिति बताते हुए सभी मामलों में सात दिनों में समुचित विधिक कार्रवाई की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने 25 जुलाई से उसी मंडी पुलिस चौकी पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह करने की बात कही है, जहां सांसद द्वारा पुलिस को पीटने की घटना हुई थी।

## सार-संक्षेप

### निरीक्षण के दौरान मिलीं खामियों को दूर करने के निर्देश

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने मंगलवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसीआरबी कार्यालय के निरीक्षण में पत्रावलियां खंगालीं। मिली खामियों को ठीक करने के निर्देश दिये। इसी तरह गणना कार्यालय का निरीक्षण किया। इस के बाद वह पुलिस लाइन में बने अस्पताल पहुंचे जहां मौजूद फार्मासिस्ट से अस्पताल में उपलब्ध दवा के संबंध में जानकारी ली। दवा की एक्सपायरी तारीख देखी। ट्रेनिंग सेंटर में पहुंच कर पुलिस के प्रशिक्षण की जानकारी ली। इसके अलावा मॉनिटरिंग सेल, सम्मन सेल, कैश कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



पुलिस लाइन के अस्पताल का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनन्द। अमृत विचार

### शिक्षक पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम खुबरियापुर निवासी प्राइवेट टीचर महिला ने बताया कि उसके पति ने मारपीट करते हुए पैसे छीन लिए और घर से निकाल दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुबरियापुर निवासी राधा ने बताया कि वह एक प्राइवेट विद्यालय में टीचर के पद पर कार्यरत है। उनका आरोप है कि उनके पति संजीव पाल आए दिन उनके साथ मारपीट करके पैसे छीन लेते हैं। मंगलवार को पति ने उन्हें मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

**अमृत विचार पड़ताल** निजी कंपनियों ने बढ़ाए रिचार्ज के दाम, सिम पोर्ट कराने में जुटे उपभोक्ता

# बीएसएनएल में पहुंचे 25 हजार उपभोक्ता, एक लाख आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** निजी कंपनियों द्वारा रिचार्ज के दाम बढ़ाने से उपभोक्ताओं का रुझान एक बार फिर बीएसएनएल (भारत संचार निगम लिमिटेड) की तरफ होने लगा है। जिले में 13 दिन में 25 हजार से अधिक उपभोक्ता मोबाइल नंबर पोर्टबिलिटी सुविधा का लाभ उठाकर बीएसएनएल से जुड़ गए हैं। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता अधिक जुड़ रहे हैं, जबकि देहात क्षेत्र में कनेक्टिविटी कम होने से खास असर नहीं है।



शहर के मकरंदनगर तिराहा पर सिम पोर्ट करवाते उपभोक्ता। अमृत विचार

देश में निजी क्षेत्र की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो, वोडाफोन, भारती एयरटेल ने एक जुलाई से सभी रिचार्ज के दाम 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। इससे इंटरनेट मोबाइल डाटा भी महंगा हो गया है। एयरटेल में 28 दिन के लिए 155 रुपये का रिचार्ज होता था, वह अब 199 रुपये का हो गया है। रिलायंस जियो ने भी 28 दिन का रिचार्ज 239 रुपये से बढ़ाकर 299 रुपये का कर दिया है। साथ ही इंटरनेट डेटा में भी दस प्रतिशत की कटौती कर दी है, जबकि कॉलिंग पहले की तरह अनलिमिटेड है। वहीं, बीएसएनएल ने रिचार्ज के दाम नहीं बढ़ाए हैं और तीन साल से पिछली दरों पर ही 4जी व 5जी सुविधा दी जा रही है। ऐसे में निजी कंपनियों के उपभोक्ताओं का रुझान बीएसएनएल की तरफ बढ़ा है। पहले ही दिन से हजारों उपभोक्ताओं ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) को मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी के लिए मैसेज भेज दिया था। जिले में अब तक 25 हजार से अधिक उपभोक्ता बीएसएनएल से जुड़ चुके हैं, जबकि ट्राई की वेबसाइट पर जिले में 1.04 लाख से अधिक आवेदन हैं।

- शहरी क्षेत्र में 5जी सेवा शुरू देहात क्षेत्रों में कनेक्टिविटी मिल रही कम

### शहरी क्षेत्र में 5जी सेवा शुरू

अपर जिला दूरसंचार अधिकारी हरीश कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में ओएफसी (ऑप्टिकल फाइबर केबल) के माध्यम से 5जी सेवा शुरू कर दी गई है। कन्नौज शहर के अलावा छिबरामऊ, तिर्वा व गुरसहायगंज में भी 5जी सेवा की शुरुआत हो गई है और लोग ब्रॉडबैंड कनेक्शन भी ले रहे हैं, जिसमें 100 एमबीपीएस की स्पीड मिल रही है। शहरी क्षेत्र में 5 जी मोबाइल सेवा भी बेहतर काम कर रही है।

"निजी क्षेत्र के कंपनियों को भारी भरकम टैक्स सरकार को देना पड़ता है, जिसका बोझ उपभोक्ताओं पर ही पड़ता है। ऐसे में वह प्रतिवर्ष रिचार्ज के दाम बढ़ा देते हैं। बीएसएनएल सरकार के अधीन है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर कॉलिंग और डेटा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। नेटवर्क में सुधार के लिए ओएफसी लाइनों को छोटे कस्बों और गांवों तक बिछाया जाएगा।

-संजय सोनकर, जिला दूरसंचार अधिकारी

## ब्लॉक मुख्यालयों पर नामांकन कल से

**कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने जिले में प्रधान के चार, क्षेत्र पंचायत सदस्य के चार और ग्राम पंचायत सदस्य के 22 रिक्त पदों पर अधिसूचना जारी कर दी। उपचुनाव की प्रक्रिया कल से ब्लॉकों में शुरू हो जाएगी।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि ब्लॉक स्तर के आरओ 18 जुलाई को अधिसूचना जारी करेंगे। उसी दिन से ही नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो जाएगी। ब्लॉक मुख्यालयों पर रिक्त पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 22 जुलाई है। सुबह 10 से शाम चार बजे तक पर्चे दाखिल होंगे।23 जुलाई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच होगी। 24 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक पर्चे वापस लिए जा सकते हैं। छह अगस्त को सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। आठ अगस्त को सुबह आठ बजे से मतगणना कराई जाएगी।



कारागार का निरीक्षण करतीं एडीजे लवली जायसवाल। अमृत विचार

# कारागार में तीन बंदियों ने मांगे निशुल्क अधिवक्ता

संवाददाता,जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज की सचिव व अपर जिला जज लवली जयसवाल ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान तीन बंदियों ने निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की मांग रखी।

यूटीआरसी कैम्पन के तहत उस श्रेणी में आने वाले विचाराधीन बंदियों को चिहिन्त करने के उद्देश्य से किए गए निरीक्षण में उन्होंने बंदियों से खानपान, चिकित्सा एवं उनके मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली। तीन बंदियों द्वारा अधिवक्ता की मांग पर लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल को मामले की पैरवी संबंधित न्यायालय में करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक/जेलर, डिप्टी जेलर व बंदीरक्षक तथा मो. सैफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल/जेल विजिटर, लिपिक बसंतराम रहे।

## एक नजर

### प्रांतीय चुनाव में नामांकन करेंगे कन्नौज के वाईके मंजुल

**कन्नौज।** उ.प्र.परिवार कल्याण सांख्यिकीय सेवा संघ का चुनाव 21 जुलाई को लखनऊ में होगा। इस के लिये नामांकन प्रक्रिया सुरू हो गई है। प्रदेश स्तरीय इस चुनाव में सीएमओ कार्यालय में अपर शोध अधिकारी के पद पर कार्यरत वाईके मंजुल पहलीबार चुनाव मैदान में उतरे हैं। वह प्रांतीय महामंत्री के पद पर नामांकन बुधवार आज करेंगे। जानकारी होने पर पूरे प्रदेश से उनके पास संघ से जुड़े लोगों के शुभ संदेश आने लगे हैं।


अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल।

### पुलिस ने पांच पर की गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

**कन्नौज।** इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने उच्च अधिकारियों की संस्तुति पर थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियो में लिप्त पांच आरोपियों पर गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इन में आशाराम पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम अगौस, रामकरन उर्फ टिल्लू पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम गोपालपुर, छोटू उर्फ सोहिल आलम पुत्र नजमुद्दीन निवासी ग्राम उद्यमपुर, अजीत पुत्र रामविलास निवासी ग्राम महादेवपुर्वा, कन्हैया पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम लालसहायपुर्वा थाना इन्दरगढ़ पर कार्रवाई की गई है।

# नाबालिग नहीं चलाएंगे ई-रिक्शा, बालश्रम कानूनी अपराध

## जिला पोषण समिति, बाल संरक्षण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा ही वाहन चलाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, सीडीओ रामकृपाल चौधरी व सीएमओ डॉ. विनोद कुमार। अमृत विचार

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सुमंगला योजना के भराए 924 आवेदन
- कार्यकत्रियों को प्रत्येक फार्म पर 50 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

**अमृत विचार।** डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला पोषण समिति और बाल संरक्षण समिति की बैठक की। इसमें कहा कि बालश्रम कराना कानूनी अपराध है। इस पर अभियान चलाकर रोक लगाई जाए। बच्चे ई-रिक्शा न चलाएं, इस पर प्रतिबंध है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा ही वाहन चलाएं।

मंगलवार को डीएम ने कहा कि स्कूली वाहनों पर कड़ी नजर रखी जाए। सभी स्कूली वाहनों में मेडिकल किट, फायर सिस्टम यंत्र अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने 924 कन्याओं के फार्म भराए हैं, इसके लिए कार्यकत्रियों को प्रत्येक फार्म पर 50 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाए। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 172 आवेदनों का सत्यापन कराकर लाभार्थियों को लाभ दिया जाए। डीएम ने वन स्टॉप सेंटर में बिजली, पानी आदि की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को कहा। अच्छा कार्य करने वाली कार्यकत्रियों को एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत सम्मानित भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायत/वार्ड में संक्रामक रोग फैलता है तो वहां की एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा, स्वच्छताग्रही, आदि की जिम्मेदारी तय की जाएगी। डीएम ने कहा कि सफाई पर जोर दिया जाएगा।

**छिबरामऊ में बनेगा एनआरसी वार्ड:** डीएम ने कहा कि जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड में पांच बेड बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है। इसके अलावा छिबरामऊ में भी 10 बेड का एनआरसी वार्ड बनेगा। कुपोषित बच्चे जल्द सुपोषित होंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अतिकुपोषित बच्चों को घर से लाने व ले जाने का कार्य अच्छा कर रहा है। डीएम ने दस्तक अभियान के तहत संक्रमित रोगियों को चिह्नित करने को भी कहा।

### अस्पतालों में समूह की महिलाएं बनाएंगी भोजन

- जिले की प्रत्येक सीएचसी, जिला अस्पताल, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में पहली अगस्त से अच्छी गुणवत्ता का भोजन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बनाएंगी। इसको लेकर प्रक्रिया चल रही है। अब जल्द ही जननी सुरक्षा योजना की महिलाओं को गुणवत्तायुक्त भोजन मिलेगा। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, सीएमएस डॉ. विनोद कुमार उपस्थित थे।


स्कूली बच्चों को नियमों की जानकारी देते यातायात प्रभारी आफाक खां। अमृत विचार

# नाबालिगों के वाहन चलाने पर भुगतेंगे मां-बाप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- यातायात प्रभारी ने स्कूली बच्चों को दी जानकारी

**अमृत विचार।** यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए स्कूलों में यातायात जागरूकता अभियान चलाया।

यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने प्रधानाचार्य के सहयोग से जेपी स्कूल में यातायात कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। बताया कि दुर्घटनाएं चार कारण से होती हैं। इनमें सड़क की बनावट में कमी, वाहनों की खराब हालत जैसे टायर एवं हेडलाइट सही न होना, यातायात नियमों के उल्लंघन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट धारण न करना।

प्रभारी ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम में वर्ष 2019 के संशोधन में धारा 199 क जोड़ी गई है। इसमें नाबालिग़ (18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं बच्चियां) वाहन चलाने पर उनके अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। इसमें अभिभावकों का चालान पच्चीस हजार रुपए का किया जा रहा है। वाहन का रजिस्ट्रेशन एक वर्ष के लिए रद्द किया जा रहा है। जिस नाबालिग का चालान हो रहा है। अब उसका ड्राइविंग लाइसेंस पच्चीस वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद ही बनेगा। प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं से यातायात संबंधी सवाल किए गए। सही जवाब देने वाले छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

# मृतक की बहनों को निःशुल्क शिक्षा का दिया आश्वासन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** धन की कमी से इलाज न हो पाने के कारण बालक की जान चली गई। कोमल सिंह महाविद्यालय के डायरेक्टर ने परिजनों की आर्थिक मदद कर बड़े होने पर तीनों बहनों को विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा का आश्वासन दिया है।

मालूम हो कि नगर के गंगेश्वरनाथ नई बस्ती निवासी 9 वर्षीय विष्णु लोगों की बकरियां चराकर परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। सात वर्ष पूर्व पिता की मौत होने के बाद से घर में पैसों की तंगी थी। 16 दिन पूर्व बकरियां चराते समय गिर जानेसे मंगल बुरी तरह घायल हो गया था। पैसों की तंगी के कारण उसका ठीक से इलाज नहीं हो सका जिसके कारण उसने आखिरकार दम तोड़ दिया।

मंगलवार को कोमल सिंह महाविद्यालय के डायरेक्टर ने मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद करके उसकी तीनों बहनों के बड़े होने पर विद्यालय में निशुल्क शिक्षा देने का आश्वासन दिया। वहीं सपा नेता योगेंद्र सिंह यादव, पूर्व सभासद अरुण यादव टिकी, आलोक शाक्य, सुधीर सविता व नागेंद्र यादव ने कहा क्षेत्र के समाजसेवी आगे बढ़कर आए और तीनों बेटियों की मदद करें।



विकास भवन सभागार में बैठक करते पीडी रामऔतार सिंह व अन्य लोग।

# वेंडर बोले, नहीं चल रहा राष्ट्रीय पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रधानमंत्री सोलर रूफटॉप संयत्र लगाने को लेकर हुई बैठक
- 12 हजार किलोवाट का लक्ष्य स्थापित हो सका 52 केवी

**अमृत विचार।** जिले में प्रधानमंत्री सोलर रूफटॉप संयत्र का लक्ष्य पूरा करने के लिए बैठक हुई। इसमें वेंडरों ने कहा कि नेशनल पोर्टल नहीं चल रहा है। इससे दिक्कतें आ रहीं हैं। बताया गया है कि 12 हजार किलोवॉट लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 52 किलोवाट के ही संयंत्र स्थापित हो सके हैं।

विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय सोलर प्रकोष्ठ समिति की बैठक में पीडी डीआरडीए/ प्रभारी पीओ नेडा रामऔतार सिंह ने संयंत्र लगाने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करने की बात कही। फेसिलिटेट करने व योजना के प्रभावी अनुश्रवण पोर्टल पर पंजीकरण आदि को लेकर जोर दिया गया। स्कूलों में संयंत्र स्थापना के लिए सुझाव भी दिए गए। गोशालाओं में भी इसका प्रयोग करने को कहा गया। शहर के एक निजी स्कूल में 19 किलोवाट के संयत्र की स्थापना के लिए प्रबंधक ने सहमति दी। अन्य फर्मों के पंजीकरण बढ़ाए जाने को कहा गया। बैठक में एक्सईएन डिस्कॉम कन्नौज व छिबरामऊ, बीडीओ, ईओ नगर पालिका व नगर पंचायत और वेंडर्स बुलाए गए। इस मौके पर बीडीओ सदर अमित सिंह, चंद्रकेस, अमित कुमार मौजूद रहे।

### छिबरामऊ में बोहनी नहीं कन्नौज में ही लगे संयंत्र

- जनपद में संयंत्र लगाने का कुल लक्ष्य 12 हजार किलोवाट का है। अब तक कुल आवेदन 709 आए हैं इसमें 1660 किलोवाट की क्षमता है। अब तक 52 किलोवाट के संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। इसमें कन्नौज विद्युत वितरण खंड क्षेत्र से 305 आवेदन में 694 किलोवाट का जिक्र है। इसी तरह छिबरामऊ विद्युत वितरण खंड में 404 आवेदन 966 किलोवाट संयंत्रों के हैं। छिबरामऊ में एक भी स्थापित नहीं हुआ है जबकि कन्नौज में ही 52 किलोवाट संयंत्र लगे हैं।

# कक्षों में क्षमता से अधिक मिले छात्र

**कन्नौज।** तिर्वा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बीते सप्ताह गश खाकर गिरे तीन छात्रों के मामले की जांच शुरू हो गई है। बताया गया है कि कक्षों में क्षमता से अधिक विद्यार्थी मिले हैं। हवा व पानी की सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह के निर्देश पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता ने विद्या मंदिर पहुंचकर वहां के प्रधानाचार्य अनिल मिश्र से जानकारी की। साथ ही विद्यालय को भी देखा। जांच अधिकारी ने बताया कि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य ने गश खाकर गिरने वाले वास्तविक आंकड़ों को नहीं बताया था। साथ ही रिपोर्ट में मिर्गी आने की बात कही है। बताया गया है कि विद्यालय परिसर में कक्षों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विद्यार्थियों को बैठने में दिक्कतें न हों। उन्होंने बताया कि कई अन्य पहलुओं को सुधारने के लिए कहा गया है। इसमें कितना अमल किया गया है कि इसकी पड़ताल के लिए वह आगे भी विद्या मंदिर पहुंचेंगे।


सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु।

# सुंदरकांड के पाठ से बही भक्ति की बयार

- गायकों ने भजन प्रस्तुत कर झूमने को मजबूर किया

**कन्नौज।** मोहल्ला न्यू टीचर्स कॉलोनी स्थित उपाध्याय भवन में 'प्रभु की कृपा भयउ सब काजू, जन्म हमार सुफल भा आजू' संपुट के साथ मां सरस्वती जागरण पार्टी ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया। आचार्य पंडित प्रदीप कुमार द्विवेदी व टीम ने भक्ति भाव की गंगा बहाई।

आचार्य गौरव द्विवेदी एवं सहयोगी शुभम द्विवेदी ने विधिविधान पूर्वक अनुराग एवं सौम्या उपाध्याय से राम दरबार का पूजन कराया। संगीतमय सुंदरकांड के बीच-बीच में प्रस्तुत भजन 'हारा हूं बाबा पर तेरा भरोसा है, जीतूंगा एक दिन मेरा दिल ये कहता है... सच्चे दिल से लगा ले फरियाद सहारा हनुमान देगा... हे बंदे तुझे क्या है गम, बोल मुख से अगर बोल बम बम... हनुमान तेरे दर से कोई गया न खाली... कितना सुंदर ममता रूपी बाबा का दरबार'... आदि भजन प्रस्तुत करके सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पंडित बनारसीदास शास्त्री, अनूप दुबे, हर्ष आर्य, उषा उपाध्याय, संजीव बाजपेई, प्रांतिका बाजपेई, सरोज गुप्ता, विमलेश उपाध्याय, अशोक कुमार सिंह, सहदेव भदौरिया, रामनारायण रहे।

# नर्सों की नियुक्ति को मंत्री ने लिखा पत्र

**कन्नौज।** तिर्वा इलाके के डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एक वर्ष पूर्व नर्सों की तैनाती के लिए टेंडर हुए थे। उसके बाद भी अब तक तैनाती नहीं हुई है। इसको लेकर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने डिप्टी सीएम/ चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक को चिट्ठी लिखी है।

सदर कन्नौज से विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा है कि एक से डेढ़ साल में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सुधार हुआ है। नर्सों की तैनाती में जो भी बाधाएं आ रहीं हैं उनको दूर कर जल्द से जल्द नर्सों की भर्ती करने की मांग हुई है। इससे मरीजों को दिक्कतें नहीं होंगी। बताया गया है कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में नर्सों के 300 पद रिक्त हैं। जिसके चलते मरीज और उनके तीमारदारों को परेशानी का सामना करने की जानकारी मिलती रहती है।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व विधिक सेवा प्राधिकरण की पीएलवी व अन्य लोग।

### छात्राओं को जागरूक किया

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला कानूनगोयान स्थित गुरुकुल अकादमी इंटर कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर शिविर लगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरा-लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) शुभा तिवारी ने छात्राओं को जागरूक किया। मंगलवार को बालक अपराध, श्रम अपराध, यौन अपराध विषयों से जुड़े बिंदुओं पर बात हुई। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक नितीष चंद्र श्रीवास्तव, उप प्रबंधक मनीष चंद्र श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या मोनिका श्रीवास्तव, अध्यापिका दीक्षा त्रिवेदी मौजूद रहे।


इन्द्रा नगर-मझपुर्वा संपर्क मार्ग पर हुआ गड्ढा।

### गड्ढों में गुम हो गया इन्द्रा नगर-मझपुर्वा संपर्क मार्ग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गुरसहायगंज का मिनी बाईपास कहा जाने वाला जीटी रोड से मुरादगंज-इंदिरा नगर संपर्क मार्ग जिम्मेदारों की अनदेखी से बदहाल है। संपर्क मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इसमें बरसात में जलभराव की स्थिति हो जाती है। संपर्क मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बड़े व छोटे वाहन नगर व आसपास के ग्रामों के लिए गुजरते हैं। नगर सहित तिर्वा, औरैया, बेला, बिधूना, अमोलर, बनियानी, नदसिया, मतौली, सतौरा, सुजान सराय, ताहपुर होते हुए इंदरगढ़ सहित अन्य कई गांवों को जाने के लिए वाहन चालक यह शार्ट कट रास्ता अपनाते हैं। लापरवाही के कारण मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं जबकि कई स्थानों पर सड़क टूट कर गिट्टी निकलने लगी है। इसकी चपेट में आने से राहगीर घायल भी हो रहे हैं।

### चेतावनी बिंदु तक पहुंचने से पहले घटने लगीं गंगा

**कन्नौज।** चेतावनी बिंदु पहुंचने से पहले ही गंगा का जलस्तर नीचे आने लगा है। मंगलवार को सुबह की रिपोर्ट में दो सेमी और दोपहर में तीन सेमी पानी की गिरावट दर्ज की गई। चौधरी चरण सिंह गंगा बैराज नरौरा से 25,060 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान गंगा का जलस्तर 124.930 मीटर से घटकर अब 124.880 मीटर पर पहुंच गया है जबकि चेतावनी बिंदु 124.970 मीटर और खतरे का निशान 125.970 मीटर पर है।

# काव्या राजपूत अध्यक्ष तो सृष्टि बनी प्रधानमंत्री

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के संरक्षक शंभू दयाल गुप्ता, आरएसएस के नगर संघ चालक ब्रजेश कौशल, अध्यक्ष रामविलास गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर कार्य का शुभारंभ किया।

सोमवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शिशु भारती व छात्र संसद के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। इसमें शिशु भारती की काव्या राजपूत को अध्यक्ष, अभिराज को उपाध्यक्ष व संध्या भार्गव को मंत्री पद की शपथ नगर संघ चालक ब्रजेश कौशल ने दिलाई। तो वही छात्र संसद में सृष्टि यादव को प्रधानमंत्री, कृष्णा सिंह को उप प्रधानमंत्री व आर्यांश को अध्यक्ष, अनुष्का पाठक को मंत्री पद की शपथ विद्यालय के संरक्षक शंभू दयाल गुप्ता ने दिलाई। प्रधानाचार्य नवनीत सिंह ने पदाधिकारियों को पद व दायित्वों के प्रति जागरूक किया।


शपथ ग्रहण करते पदाधिकारी। अमृत विचार

## आक्रोश

परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति को नाराजगी बरकरार, करीब दो महीने के लिए डिजिटलाइजेशन को स्थगित किया गया

# महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष समेत 21 संकुलों ने त्यागपत्र दिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी का मामला करीब दो महीने के लिए स्थगित हो गया है लेकिन अध्यापकों में नाराजगी बरकरार है। मंगलवार को महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष समेत 21 शिक्षकों ने संकुल पद से त्यागपत्र दे दिया।

बीआरसी सदर कन्नौज पहुंचकर बीईओ को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने आठ जुलाई से अध्यापकों की ऑनलाइन उपस्थिति के लिए कहा है। शिक्षकों को 31 उपार्जित अवकाश, 14 आकस्मिक अवकाश, प्रतिकर व अध्ययन अवकाश, निशुल्क चिकित्सा प्रतिपूर्ति, दूसरे शनिवार को अवकाश देने पर बेसिक शिक्षा विभाग ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है। हठधर्मिता के चलते शिक्षक आहत हैं इस वजह से शिक्षक अपने संकुल पद से सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे रहे हैं। पत्र में महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया, आलोक प्रताप सिंह, गुंजन कटियार, अजीत दिवाकर, रूमा चक्रवर्ती, हिमांशू, बेबी, उदय प्रताप, रजनीश सिंह, मदनलाल, मुकेश वर्मा, हर्षित दीक्षित, राजीव सिंह, सुभाष, क्रांति कुमार, सुशील तिवारी, अनिल कुमार, संदीप कुमार, राजकुमार वर्मा व उपेंद्र कुमार के नाम लिखे हैं।


बीआरसी कन्नौज में त्यागपत्र सौंपते शिक्षक संकुल। अमृत विचार


खंड शिक्षा अधिकारी को त्यागपत्र देते संकुल शिक्षक। अमृत विचार

### पहले की बैठक फिर दे दिए सामूहिक त्यागपत्र

**सौरिख, कन्नौज।** विकासखंड क्षेत्र के संकुल शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार को त्यागपत्र दिया। पहले संकुलों ने बैठक की उसमें एकजुटता दिखाते हुये खंड शिक्षा अधिकारी को सामूहिक रूप से त्यागपत्र सौंप दिया। जिसमें उदय भान सिंह यादव, राजेंद्र सिंह पाल, नीरज यादव, अशोक कुमार, नितेंद्र बिहारी हजेला, संदीप यादव, जितेंद्र यादव, नितेश चौबे, सिद्ध गोपाल, सुखदेव, जान मोहम्मद, संतराम, रजनीश, इरफान, अश्वनी दुबे, सुभाष चंद्र, शिवांगी, नाहिदा, सतीश चंद्र, विकास यादव, तेज सिंह, मीनाक्षी, सचिन, दिलीप मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों ने बंद किया काम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


जिला अस्पताल परिसर में काम बंद कर खड़े सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

- मानदेय में कटौती करने की धमकी से भड़के, बोले-नहीं चल पाएगा परिवार

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में ठेके पर लगे सफाई कर्मचारियों ने मानदेय कटौती को लेकर विरोध जताया है। सुबह के समय काम बंद कर सभी ने एक जुटता दिखाई। इससे सफाई व्यवस्था ध्वस्त दिखी।

जिला अस्पताल में कई सफाई कर्मचारी ठेके पर लगे हैं। इन को प्रति माह मानदेय दिया जाता है। बीते एक माह से मानदेय नहीं दिया गया है। कर्मचारियों का कहना था कि उनके मानदेय में 2000 रुपये की कटौती करने की बात कही जा रही है। इससे उनको पांच हजार के करीब रुपये मिलेंगे। इस दशा में उनके परिवार का भरण पोषण होना संभव नहीं है। इस दशा में वह काम बंद कर घर चले जायेंगे। इसी बात को लेकर मंगलवार को जिला अस्पताल के सभी कर्मचारी काम बंद कर सुबह के समय अस्पताल से बाहर निकल आये। कर्मचारियों ने विरोध जताया।

कहा कि इस दशा में सभी सफाई कर्मचारी काम बंद कर सयुक्त रुप से घर चले जायेंगे। अस्पताल में काम नहीं करेंगे। वह पूरी मेहनत व लगन से अस्पताल की सपाई करते हैं। इसी की वजह से हर वार अस्पताल को बाहर से आने बाली टीमों से पुरस्कार मिलता है। अब उनके मानदेय से कटौती किये जाने से उनका वजट खराब हो जायेगा। यदि मानदेय की कटौती नहीं की जाती है तो वह पहले की तरह सफाई का काम पूरी लगन के साथ करते रहेंगे। कर्मचारियों ने इस मौके पर बैठक कर आने वाले समय में पूरी तरह से हड़ताल करने की रणनीति तैयार की है।

सत्यं रुपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम्।
शौर्यं य च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनयः॥

सच्चाई, खूबसूरती, शास्त्रज्ञान, उत्तम कुल, शील, पराक्रम। धन, शौर्य, विनय और वाक् पटुता –ये दस गुण स्वर्ग पाने के अर्थात समस्त ऐश्वर्य पाने के साधन हैं।

## संपादकीय

# आतंकवाद विरोधी अभियान

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं। डोडा में सोमवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के कई जवान शहीद हो गए। पिछले तीन हफ्तों में डोडा जिले के जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ थी। एक सप्ताह पहले कठुआ जिले के माचेडी जंगल में आतंकवादियों ने सेना के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। डोडा में जो हुआ वह बेहद निंदनीय है। इस हमले में हमने बहादुर सैनिकों और अधिकारियों को खो दिया है। हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स संगठन ने ली है। इसी संगठन ने कठुआ आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर टाइगर्स का गठन हुआ था। यह संगठन पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा समर्थित बताया जाता है। इस संगठन ने सबसे पहले जून 2021 में सेना के वाहन पर ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी ली थी। उस दौरान इसके साथ लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट, पीपुल्स अगेंस्ट फासिस्ट फोर्सेस और लश्कर-ए-मुस्तफा का भी नाम सामने आया था। अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा रद होने के बाद से, भारतीय सेना ने क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर दिया।

भारतीय सेना विदेशी आतंकियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चला रही है। कठुआ क्षेत्र में भी इसी तरह के ऑपरेशन लगातार किए जा रहे हैं। खास बात है कि आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच जिस डोडा जिले में मुठभेड़ हुई वह कश्मीर नहीं जम्मू रीजन का हिस्सा है। अधिकारियों का कहना है कि अब आतंकी जम्मू में अपनी गतिविधियों को बढ़ाना चाहते हैं। आतंकवादी समूह विद्रोह जारी रखने के नए रास्ते खोज रहे हैं। गुरिल्ला युद्ध की नीति अपना रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा बल इस क्षेत्र से आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमले राज्य में बिगड़े हालात को दर्शा रहे हैं। खराब ढंग से चलाए गए सुरक्षा अभियानों ने भी स्थानीय आबादी और सरकार के बीच भरोसे को नुकसान पहुंचाया है। इस बीच जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने बड़ा आरोप लगाया है। डीजीपी स्वैन ने कहा कि राज्य की क्षेत्रीय पार्टियों ने वोट की राजनीति के लिए आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। उन्होंने आतंकी संगठनों के फंडिंग पर भी सवाल उठाए। ऐसे में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली ताकतों से प्रमुखता से निपटना समय की जरूरत है।

# यंत्रों पर निर्भरता मानव के लिए कितनी उचित



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव, मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा।

केरल के एक स्कूल में शिक्षक के रूप में एक यांत्रिक मानव (रोबोट-उच्चारण-रोबो) का उपयोग प्रारंभ कर दिया गया है। यह कृत्रिम बुद्धि से युक्त है। इसे एक स्त्री का रूप दिया गया है। इस रोबोट शिक्षक या शिक्षिका को मेकरलैब्स कंपनी ने बनाया है और इसे आइरिस का नाम दिया गया है।

यह सुन सकती है, देख सकती है, सोच सकती है, समझ सकती है, बोल सकती है, याद रख सकती है और सीख सकती है। यह चल सकती है, हाथ मिला सकती है, छात्रों और अन्य लोगों से संवाद स्थापित कर सकती है, मंच से भाषण दे सकती है, पढ़ सकती है, लिख सकती है, प्रश्नों के उत्तर दे सकती है और पढ़ा सकती है। अभी इसे शुरू की कक्षाओं से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों को पढ़ाने के लिए बनाया गया है। अभी इसे अंग्रेजी, हिंदी और मलयालम तीन भाषाओं की जानकारी है। आगे इसे 20 से अधिक भाषाएं सिखाए जाने की तैयारी चल रही है। यह गलत जानकारी और गलत सामग्री को रोक सकती है और अन्य कंप्यूटर्स एवं पुस्तकों के माध्यम से नया ज्ञान प्राप्त कर सकती है। यह यांत्रिक शिक्षिका मानव के समान ही साड़ी एवं अन्य वस्त्र पहनती है।

इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है। आगे इसका और विस्तार किया जाएगा और यह यंत्र-मानव कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी जाएगा। यह पढ़ाई के अतिरिक्त एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज को भी बढ़ावा देगा। यह यांत्रिक मानव रोबोटिक्स, कंप्यूटर विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक कॉम्बीनेशन है। इसमें इंटेल के प्रॉसेसर्स लगे हुए हैं। यह यंत्र-मानव नीति आयोग की 2021 की स्कूलों में शिक्षा के प्रसार की नीति के अंतर्गत 'अटल टिंकरिंग लैब्स परियोजना' की पहल के रूप में है। कृत्रिम बुद्धि युक्त इन रोबोट्स के रूप में विज्ञान कथाएं सच हो रही हैं। मानव की कल्पना साकार रूप ले रही है। पहले भी पनडुब्बियों और चांद पर जाने



इसको बनाने वाली कंपनी ने ऐसा दावा किया है कि ये रोबोट शिक्षक और शिक्षिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में सभी सीमाओं को तोड़ेंगे और इनसे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। अभी इस शिक्षिका को एक हायर सेकेंडरी स्कूल में लांच किया गया है।

जैसी अनेक विज्ञान कथाएं सच हुई हैं। प्रसिद्ध ब्रिटिश कथाकार जूल्स वर्न की सन् 1870 के आसपास लिखी गई 'ट्वेन्टी थाउजेंड लीग्स अंडर द सी' और 'फ्रॉम द अर्थ टू द मून' जैसी कथाएं इसके उदाहरण हैं। आगे और भी विज्ञान कथाएं सत्य होंगी।

यह प्रश्न उठता है कि क्या यंत्रों को अपने जीवन में इस प्रकार उपयोग में लाना मानव के लिए उपयुक्त है? क्या इससे मानव के रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं? यंत्रों पर कितनी निर्भरता उचित है? हां, इनको उपयोग में लाना हमारे लिए उपयुक्त है। इनके अंदर मानव से अधिक क्षमता है, इनके एक ही मस्तिष्क में बहुत अधिक ज्ञान भरा जा सकता है और ये विविध प्रकार के विषयों और कक्षाओं को पढ़ाने और विभिन्न कार्य करने के लिए उपयुक्त और सक्षम हैं। ये भ्रष्टाचार रहित हैं, ये बहुत अधिक परिश्रम कर सकते हैं, ये थकते नहीं हैं, इन्हें छुट्टी की आवश्यकता नहीं होती है, ये अनुशासनहीन नहीं होते हैं, ये बीमार नहीं पड़ते हैं, इन्हें भोजन की आवश्यकता नहीं होती है। हां, कुछ यंत्रों के समान इनको भी देखभाल की आवश्यकता पड़ सकती है और इनको चलाने के लिए कुछ ऊर्जा खर्च होती है। इन यंत्रों से मानव के लिए रोजगार के अवसर कम नहीं होते हैं। यदि किसी एक क्षेत्र में ये अवसर कम होते हैं तो किसी अन्य क्षेत्र में अवसर बढ़ जाते हैं। यदि इनका उपयोग करने से कुछ शिक्षकों का रोजगार समाप्त होगा तो इन रोबोट्स को बनाने वाले वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के रूप में नए रोजगारों का सृजन भी होगा। यदि ड्राइवर रहित टैक्सियां बन रही हैं तो उन टैक्सियों को बनाने की टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए मनुष्य चाहिए होते हैं। फिर इस प्रकार मानव का श्रम बंट जाने से मानव बेहतर कार्यों के लिए मुक्त हो सकता है। हम कल्पना करें कि यदि हमारे खेतों और कारखानों का कार्य ये रोबोट्स संभाल लें तो मानव ज्ञान-विज्ञान की उन्नति और विभिन्न स्थानों के एक्सप्लोरेशन के लिए मुक्त हो जाएगा। वह समुद्रों, पहाड़ों और अंतरिक्ष जैसे दुर्गम स्थानों की खोज के लिए इन रोबोट्स की सहायता ले सकता है। मानव ने प्रारंभ से ही यंत्रों की सहायता ली है। गुफा मानव के पत्थर के औजार उसके यांत्रिक उपकरण ही थे।

क्या आज हम यंत्रों के बिना अपने जीवन की कल्पना कर सकते हैं? सुबह से शाम तक हमारे हर कार्य के लिए हम किसी न किसी उपकरण या यंत्र की मदद पर ही निर्भर करते हैं। यह शंका उठ सकती है कि कभी ये यंत्रमानव मनुष्य द्वारा अथवा स्वयं, अपने अंदर भावनाएं विकसित न कर लें और मानव से विद्रोह करके उस पर अधिकार न कर लें, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। मनुष्य इन बातों को ध्यान में रखकर ही इनका विकास करेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक सर इसाक एसीमोव ने अपनी रोबोट सीरीज के उपन्यासों में रोबोटिक्स के तीन मूलभूत नियमों की कल्पना की थी। बाद में उनके उपन्यासों में अधिक बुद्धिमान रोबोट्स के बन जाने के बाद इन्हें तीन से बढ़ाकर चार नियमों में परिवर्तित कर दिया गया था। ये नियम थे...1.कोई रोबोट अपने किसी कार्य से अथवा अक्रियाशील रहकर किसी मानव को क्षति नहीं पहुंचा सकता है। 2.कोई रोबोट मनुष्य की आज्ञा का पालन करेगा, जब तक यह प्रथम नियम को नहीं तोड़ता है। 3.कोई रोबोट स्वयं की रक्षा करेगा, जब तक यह प्रथम दो नियमों को नहीं तोड़ता है। बाद में इसमें शून्य नियम (जीरोथ लॉ) भी जोड़ दिया गया था, जो प्रथम नियम के भी पहले आता था। यह था- कोई रोबोट अपने किसी कार्य अथवा निष्क्रियता से मानवता अर्थात् संपूर्ण मानव जाति को कोई क्षति नहीं पहुंचाएगा। शेष सब नियमों में इस नियम के अनुसार बदलाव हो जाएगा।

एसीमोव की कल्पना के अनुसार ये नियम रोबोट के 'पॉजिट्रॉनिक मस्तिष्क' के मूलभूत सर्किट्स में प्रिंटेड थे। इनके बिना किसी रोबोट की रचना नहीं हो सकती थी। इसलिए एसीमोव के उपन्यासों के सभी रोबोट्स मानव के लिए सुरक्षित थे। वे मानव के वास्तविक सहायक और सहयोगी थे। वास्तविक जीवन में भी इस प्रकार के नियमों का ध्यान रखा जाएगा। इन यंत्र मानवों को निरंतर बेहतर बनाने के प्रयोग हो रहे हैं। उन्हें मानवीय रूप देने का प्रयास हो रहा है। इन्हें ह्यूमैनॉइड बनाने का प्रयास हो रहा है। अभी मानवीय त्वचा को इन रोबोट्स के चेहरे पर उगाने के सफल प्रयोग चल रहे हैं। उसके अनेक लाभ हैं। उससे ये रोबोट्स मानव के समान ही दिखाई पड़ेंगे। वह मुस्कुरा भी सकेंगे और उनके चेहरे पर भाव भी आ सकेंगे।

कृत्रिम बुद्धि युक्त ये यंत्र मानव हमारे अनेक काम आएंगे। अंततः मानवों और यंत्र मानवों का एक संयुक्त समाज बनेगा, जिसमें ये यंत्र मानव, मानव के सहायक और सेवक होंगे। मनुष्य अपनी सुरक्षा को देखते हुए ही इनमें विकास करेगा। हमें इस बात से डरने की आवश्यकता भी नहीं है कि इस विकास से हमारे रोजगार कम होंगे। निश्चित रूप से इससे नए रोजगार सृजित होंगे और अंततः हमें यह देखना होता है कि क्या कार्य मानवता के व्यापक हित में है, जो कार्य मानवता के व्यापक हित में है, हमें उस दिशा में बढ़ना होता है, भले ही उससे किसी अन्य क्षेत्र में कुछ छोटी-मोटी कठिनाइयां भी हों। आवश्यकता केवल इनके विवेकपूर्ण उपयोग की है। इसके अतिरिक्त यंत्रों और सहायकों एवं स्वयं के उपयोग में हमें सदैव एक संतुलन रखना होगा। हम इस संतुलन की सीमा रेखा कहां खींचते हैं, यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है। यदि हमारा विवेक अच्छा है तो हम एक अच्छी दुनिया बना पाएंगे अन्यथा खराब।

## प्रसंगवश

# किताबों का मोहल्ला

हाल में एक बार फिर कोलकाता आना हुआ। हर बार तमाम जगहें बाकी रह जाती देखने को। हर बार सोचते कि अगली बार घूमेंगे। ऐसी ही एक जगह यहां की कॉलेज स्ट्रीट है। कॉलेज स्ट्रीट में कोलकाता का विख्यात पुस्तक बाजार है। यह भारत और एशिया का सबसे बड़ा पुस्तक बाजार माना जाता है। बंगाली में इसे 'बोई पाड़ा' कहते हैं, जिसका मतलब है ' पुस्तकों का मोहल्ला/किताब टोला।' हर तरफ किताबें ही किताबें। 'पुस्तक सरणी' भी कहते हैं कॉलेज स्ट्रीट को।



अनूप शुक्ल
कानपुर

कॉलेज स्ट्रीट में सड़क के दोनों किनारे छोटी-बड़ी गुमटियों में सैकड़ों किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबों से अटी-पटी दुकानें। कई प्रसिद्ध प्रकाशन संस्थान भी कॉलेज स्ट्रीट पर हैं। करीब 900 मीटर लंबी सड़क के दोनों तरफ किताबों की दुकानें हैं। नई पुरानी किताबें। लोग यहां किताबें खरीदने-बेचने आते हैं। बंग्ला, अंग्रेजी और हिन्दी की किताबें रखी मिलती हैं। किताबों की खरीद में मोलभाव खूब होता है। स्टीफन हाकिंग की ब्रीफ आंसर्स टु बिग क्वेशचन्स, जिसकी मूल कीमत 650 रुपये लिखी थी हम लोगों ने एक सौ रुपये में खरीदी। एक जगह हर किताब सौ रुपये की मिल रही थी। किताबों की दुकानों पर तरह-तरह की किताबें पलटते, देखते रहे। किसी ने माना नहीं किया। एक दुकान पर तमाम प्रसिद्ध लेखकों की कालजयी किताबें दुकानों पर एक के ऊपर एक लगीं थीं। हिन्दी की किताबें अधिक दिखी नहीं। अलबत्ता एक जगह लिखा जरूर था-'यहां हिन्दी का किताब मिलता है।' मतलब कि इलाका बदलने के साथ 'किताब' का लिंग परिवर्तन हो गया। हिन्दी की किताबों में भी लेखकों के कहानी संग्रह/कविता संग्रह मुख्य थे। वे किताबें भी नई थीं यानी मोलभाव की गुंजाइश नहीं थी। कुछ देर में दुकान से बाहर आ गए।

बहुत देर तक कॉलेज स्ट्रीट की दुकानों पर किताबें देखते, पलटते, पढ़ते, वापस रखते टहलते रहे। वर्षों से कॉलेज स्ट्रीट देखने की तमन्ना को पूरा होने की खुशी महसूस करते रहे। हर दुकान एक जैसी होते हुए भी अपने में अनूठी लगती। पुस्तक मोहल्ला ही अपने में अनूठा है। काफी देर कॉलेज स्ट्रीट के दोनों तरफ टहलने के बाद इस इरादे से वापस लौटे कि फिर आना है। जल्द ही।

# वर्तमान विदेश नीति के केंद्र में मानवता



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी, जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था।

वर्तमान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व में अपनी नई भूमिका के लिए तैयार दिखाई पड़ता है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति उसके भारतीय दर्शन मानवतावादी दृष्टिकोण की परिचायक है, जिसके केन्द्र में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना सदैव पल्लवित होती रही है। किसी गणंतत्र के लिए राष्ट्रवाद एवं मानवतावाद एक सिक्के के दो पहलू की तरह हैं। हमारी विदेश नीति का आधार ये दोनों ही पक्ष बने हुए हैं। हमारी विदेश नीति समृद्धि, सुरक्षा एवं आतंकवाद से जूझने के साझा प्रयास को लेकर चल रही है। साथ ही वह समस्त विश्व के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए पूरे विश्व में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

विदेश नीति में बदलाव की पहली झलक मई 2014 में तब मिल गई थी, जब शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया गया था। तब से लेकर आज तक द्विपक्षीय दौरों एवं परियोजनाओं में साझेदारी के जरिए इसे विकसित किया जाता रहा है। बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद का शांतिपूर्ण निपटारा किया जाना, द्विपक्षीय मामलों को सुलझाने का ही एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। अपने मानवतावादी दृष्टिकोण के चलते पड़ोसी देश नेपाल को भूकंप के दौरान त्वरित सहायता प्रदान करना इसी नीति का एक हिस्सा था। अफगानिस्तान में जन कल्याण के लिए किए जाने वाले प्रयासों ने भारत के मानवीय पक्ष को बल दिया है। अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से 31 में भारत के विकास कार्य चल रहे हैं। अफ्रीका में भी भारत ने जन आधारित योजनाओं पर 10 अरब डॉलर की निधि के निवेश की प्रतिबद्धता दिखाई है। भारत एवं फ्रांस के संयुक्त नेतृत्व में किया गया अंतर्राष्ट्रीय सौर समझौता मानव विकास पर 2 अरब डॉलर की राशि का निवेश करके इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने समस्त विश्व की शांति के लिए आतंकवाद को एक बड़ा अवरोध माना है। अपने कूटनीतिक प्रयासों से उन्होंने संपूर्ण विश्व को भी स्वीकार करने को बाध्य कर दिया है। अब कई देश अपने द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय वक्तव्यों में कुछ आंतकी समुदायों एवं उनके रक्षकों का पर्दाफाश करने में नहीं हिचक रहे हैं।

पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों में सीमा पार से आने वाले आतंक को लेकर सबसे ज्यादा खटास है। इससे निपटने के लिए ही सर्जिकल स्ट्राइक जैसा कदम उठाया गया था। कई देशों ने दबे स्वर में इसे उपयुक्त कदम बताया है। संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जाने वाले मोदी भारत के ऐसे प्रधानमंत्री बन गए, जिन्होंने 35 वर्षों में उभर आई एक दरार को भरकर संबंधों को भारत के एक बड़े निवेशक के रूप में तैयार कर लिया है। ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के समझौते ने भारतीय विदेश नीति के एक नए सोपान की शुरुआत की है। अंतर्राष्ट्रीय रूप से ऊलझे अपने कुछ मामलों को दृढ़ता एवं कूटनीति के साथ सुलझाने के कारण भारत की अपनी एक साख बन गई है। चीन के साथ डोकलाम विवाद को सुलझाकर भारत ने अपनी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता एवं सैनिक समाधान का परिचय दिया है। इस पूरे प्रकरण ने चीन और भारत को यह विश्वास करने पर मजबूर कर दिया है कि वैमनस्य के स्थान पर सद्भावना से कुछ अधिक प्राप्त किया जा सकता है। भारत की विदेश नीति का हर दूसरा कदम अपने में मानवीय हित को समेटे हुए चल रहा है।

साम्यवादी विचारों के प्रभाव में अभारतीयकरण इतना गहरा हो चुका है कि उसने सोच के साथ शब्दावली को भी प्रभावित कर दिया है और इसका एक प्रमाण कांग्रेस के एक नेता के इस बयान से मिला कि यदि भाजपा फिर से शासन में आती है तो भारत 'हिंदू पाकिस्तान' बन जाएगा। 'हिंदू पाकिस्तान' शब्द ही विरोधाभासी है। नागपुर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कहा था, 'पश्चिम में जो राष्ट्र विकसित हुए उनका आधार एक विशिष्ट भूमि, भाषा, रिलीजन और समान शत्रु रहा है, जबकि भारत की राष्ट्रीयता का आधार वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया का चिंतन रहा है। भारत ने सदैव समूचे विश्व को एक परिवार के रूप में देखा है। भारत सभी के सुख और निरामयता की कामना करता रहा। भारत की यह पहचान मानव समूहों के संगम, उनके सम्मिलन और सहअस्तित्व की लंबी प्रक्रिया से निकलकर बनी है। हम सहिष्णुता से शक्ति पाते हैं, बहुलता का स्वागत करते हैं और विविधता का गुणगान करते हैं। यह शताब्दियों से हमारे सामूहिक चित्त और मानस का अविभाज्य हिस्सा है। यही हमारी राष्ट्रीय पहचान है।'

## सोशल फोरम

# हमें जो करना चाहिए

कहा जा रहा है कि अंबानी ने बेटे की शादी में पांच हजार करोड़ खर्च किए। इतनी चर्चा है तो किया होगा। उन्हें अधिकार है अपने शौक पूरे करने का और हमें एक सीमा से अधिक अधिकार नहीं है। सार्वजनिक मंचों पर उन्हें इस बिना पर लानत मलामत भेजने का कि आखिर उन्होंने इतना तामझाम क्यों किया, जो हमें अधिकार है और जो हमें करना चाहिए वह तो करते नहीं।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)


हमें अधिकार है कि हम सवाल उठाएं कि आखिर अंबानी का बिजनेस मॉडल क्या है कि उन्हें इतनी कमाई होती है, सरकार की आर्थिक नीतियों में उनका क्या और कितना दखल है, रिलायंस के निचले दर्जे के कर्मचारियों के प्रति उनका कैसा रवैया है। हम खबरें पढ़ चटखारे लेते हैं, लेकिन ऐसे किसी विमर्श में शामिल नहीं होते कि ऐसा क्यों हो रहा है और देश की बहुसंख्य आबादी की आर्थिक सेहत पर इसका कैसा कुप्रभाव पड़ रहा है। अंबानी और अडानी जैसों के पसरते जाते आर्थिक साम्राज्य की पृष्ठभूमि में सत्ता और कारपोरेट का जो नेक्सस अपना खेल कर रहा है, उस पर विमर्श होना चाहिए न कि इस पर कि अपने बेटे की शादी में उन्होंने किस तरह ऐश्वर्य प्रदर्शन किया। बाजारवाद के दौर में एक कहावत बहुत आम है कि 'पैसा बोलता है' तो अंबानी का पैसा बोल रहा है और हमारे कानों में ऐसी ध्वनियां गूंज रही हैं कि बेटे की बारात में शामिल अतिथियों को उन्होंने कितने करोड़ की घड़ी उपहार में दी, रेहाना को नाचने के कितने पैसे दिए, सितारों को खाना परोसने के एवज में क्या-क्या दिया।

सामंतवाद के दौर में छोटे बड़े सामंत और राजे महाराजे अपने बेटे-बेटियों की शादी को किस तरह उत्सव का रूप देते थे और किस तरह जनता से लूटे गए धन को पानी की तरह बहाते थे। यह लोक श्रुतियों और इतिहास की कहानियों में हम पढ़ते सुनते रहे हैं। पहले भी सार्वजनिक शोषण से प्राप्त अकूत धन से ही सामंत लोग ऐश करते थे और आज भी वही कहानी है। अंतर यही है कि आज सामंत की जगह कारपोरेट घराने हैं।

–फेसबुक वॉल से

# बेगम अनीस किदवई : अब ऐसे लोग कहां

कहते हैं अगर आपने माटी की खिदमत की है तो एक न एक रोज उसकी महक दुनिया महसूस करेगी। मेरे पास लिखने को हजार पन्ने हैं, लाखों शब्द हैं मगर मैं उनकी शख्सियत पर क्या-क्या लिखूं। साहित्य अकादमी सम्मान से नवाजी लेखक, दो बार राज्य सभा सांसद, फ्रीडम फाइटर और सबसे बढ़कर बंटवारे में शरणार्थी कैंप में जीजान से खिदमत करने वाली बेगम अनीस किदवई। उन्होंने नजरे कुश गुजरे, अब जिनके देखने को, चार रुख, जुल्म और आजादी की छांव जैसी किताबें लिखकर अपने अंदर की बुनावट दुनिया के सामने रख दी। शायद वह इकलौती महिला हैं, जिसने कैंप में लाशों को नहलाया, कफन दफ्न किया, यहां तक कब्रें भी खोदी, तब जाकर बंटवारे से उपजा जख्म हम पाट पाए थे।



हफीज किदवई
लेखक

हजारों लड़कियों को जो बेच दी गई, जो उठा ले जाइ गई, जिन्हें भीड़ ने काफिलों से लूटकर छीन लिया, अपने घरों में बांध लिया। एक-एक लड़की को वापिस उसके परिवार में पहुंचाने वाली बेगम अनीस किदवई। मृदुला साराभाई, बेगम अनीस और सुभद्रा जोशी की तिकड़ी, जिसने चाक दिलों को सी दिया, इन्हें याद रखिए। "आज़ादी की छांव में" उनकी लिखी किताब पढ़िए और रोइए। देखिए जमीन को मजहब के नाम से फाड़ने पर कितने दिल टूटे थे। इस सबसे इतर उस वक्त के हालात देखिए, वह कौन लोग थे जो तब भी भीड़ बनकर डरा रहे थे। सैकड़ों साल से साथ रह रहे अपने भाइयों को खींचकर गांव से बाहर कर रहे थे। कितनी ही बेंटियों को गले में रस्सी डालकर, बिना कपड़ों के घर में जानवरों की तरह बांधे रखे थे। यह सारे दर्द, यह सारी नाइंसाफी, यह सारे जख्म को बेगम अनीस किदवई और मृदुला साराभाई ने साथ-साथ भरकर हमारे देश की बुनियाद रखी है। बंटवारे के शरणार्थियों की सेवा के साथ-साथ सैकड़ों लड़कियों को खोजा। खोजी हुई लड़कियों को जब उनके ही अपने सगों ने लेने से इंकार किया, तो उन्हें पाला। बेगम अनीस और सुभद्रा, दो औरतें भयंकर दंगों से झुलस रहे गांव मे अकेले निकल गईं, लड़कियों को खोजने, लोगों ने घेरकर उनकी गाड़ी तोड़-फोड़ दी, उन्हें गालियां दीं, उन पर झपटने को दौड़े मगर न यह डरी और न पीछे हटीं।

गांव के सबसे खूंखार वहशी के खूंटे में बंधी लड़की को खींचकर निकाल लाईं और उसको आजाद जिंदगी दी। आपको क्या लगता है कि बंटवारें से उपजा जख्म यूहीं भर गया। इसके लिए अथक मेहनत की गई, दिन रात बिना फर्क किए काम किया गया। सवालों और बदले की आग पर ठंडा पानी डालकर सेवा की गई, लोगों को भड़काने की जगह बनाने पर जोर दिया गया। रोने की जगह उठ खड़े होने की बातें की गईं। बेगम अनीस किदवई को पढ़िए, रोइए की अपने शौहर के जिस्म को दंगों में टुकड़े-टुकड़े देखकर भी उनके दिल से इंसान की खिदमत न गई। अपने सारे गम भुलाकर वह मुल्क की बुनावट में लग गईं। अपने शौहर के खून की छींटे देख बदले के लिए नहीं दौड़ी, बल्कि दूसरे परेशान हाल सताए हुए लोगों के आंसू पोछने निकल पड़ी। जमाने की उन्होंने खिदमत की तो उस जमाने ने उन्हें पलकों पर भी बैठाया। मसौली में 1906 को जन्मी बेगम अनीस किदवई आज के ही रोज 1982 में दुनिया को अपने काम, अपनी छाप, अपने किरदार की खुशबू देकर छोड़ गईं।

# बुद्धि बनाम धन:बदलते मानदंड

प्राचीन ग्रंथों और मान्यताओं के अनुसार संसार में सबसे बड़ा बल 'बुद्धि' माना गया है। धन बल काफी निम्न स्तर का मान्य है। कहा गया है कि 'बुद्धिर्यस्य बलं तस्य निरबुद्धेस्तु कुतो बलम्'। भगवान श्रीकृष्ण के मुख से कही गई गीता में भी इंद्रियों से परे मन, मन से परे बुद्धि और बुद्धि से भी परे वह (आत्मा) है। यानी बुद्धि से ऊपर सांसारिक कोई चीज नहीं है, क्योंकि आत्मा तो परमात्मा का अंश है, अलौकिक है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि यह नियम फेल होता दिख रहा है और धनवान सर्वाधिक मान्य हैं। अब देखिए। एशिया के सबसे बड़े धनाड्य मुकेश अंबानी के बेटे की शादी हुई। इसमें 'बड़ों' का बहुत बड़ा जमावड़ा हुआ। प्रधानमंत्री सहित लगभग सभी बड़े नेता, चाहे वे परस्पर विरोधी क्यों न हों, इस समारोह में एक साथ नजर आए। बालीवुड के सितारे सहित सभी क्षेत्रों के महान लोग यहां आए। मैं नहीं समझता कि बौद्धिक माने जाने वाले किसी प्रोफेसर, साहित्यकार, वैज्ञानिक या वकील की शादी में इस स्तर के इतने लोग एकत्र हुए हों। तथ्य यह भी है कि इसमें निर्धन, अकिंचन कोई नहीं था। साथ ही यह भी है कि इस समारोह में शामिल होने वाले बड़े इतनी संख्या में किसी गरीब को उसकी शादी में आशीर्वाद देने कभी नहीं गए। धर्म ग्रंथों का अवलोकन करें तो कुबेर सबसे धनी माने गए हैं, लेकिन उन्हें देवता का भी दर्जा प्राप्त नहीं है। वे सिर्फ यक्ष हैं। बुद्धि के देव और देवी गणेश जी तथा सरस्वती हैं और किसी भी शुभ कार्य में वे प्रथम पूज्य और वंदनीय हैं।

विवाह को लें तो देवाधिदेव महादेव का परिणय पार्वती जी के साथ पारंपरिक वैदिक रीति से हुआ था, जिसमें भगवान विष्णु सहित सभी देवता गए थे, लेकिन निचले तबके के भूत प्रेत भी बखूबी शामिल हुए। अब बताइए शंकर जी के पास क्या दौलत थी? कहा गया है कि 'धाम धतूरो, विभूति को कूरो, निवासु जहां सब लै मरे दाहै' यानी उनके घर में केवल एक धतूरे का पौधा और राख की कुछ ढेरियां ही थीं। बस और घर भी श्मशान घाट। मेरे कहने का मतलब है कि तब महान जमघट ऐसों के विवाह में होता था और अब अंबानी जैसों के यहां। मानक कितने बदल गए। बदलते मानदंड रेखांकित करते हैं कि अब धन ही सबसे बड़ा है। राजा से संन्यासी हुए भर्तृहरि शायद भविष्य भांप गए थे, तभी उन्होंने अपने नीति शतक में कहा है कि 'जिसके पास धन है, वही कुलीन है, वही पंडित है, वही गुणी, ज्ञानी है, वही कुशल वक्ता और दर्शनीय है। सभी गुण कंचन (सोने) में निहित हैं।

# हरियाली का उत्सव हरेला



पहाड़ के ज्यादातर त्योहारों की तरह हरेला भी प्रकृति मां के प्रति आभार जताने का अवसर है। धरती-आसमान पर दस्तक दे रहे सावन के विपुल महीने के स्वागत में हरेले से दस दिन पहले हर घर में छोटे-छोटे पात्रों में अपने घर-खेत की मिट्टी भर कर उनमें पांच-सात तरह के स्थानीय अनाजों के बीज बोए जाते हैं।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

दस दिन में बीज अंकुरित होकर हल्के धानी रंग की पतली-पतली पत्तियों में बदल जाते हैं। इन्हें भी हरेला कहा जाता है। संक्रांति के दिन त्योहार मनता है। हरेला काटा जाता है, रसोई बढ़िया गमकती है, खीर-पुए बनते हैं और घर की सबसे सयानी स्त्री अनुष्ठानपूर्वक हरेले के पत्तों को परिवार भर के सदस्यों के पैरों-घुटनों-बांहों और सिर से क्रमशः छुआकर आशीष देती हैं कि जीते-जागते रहना, आकाश जितने ऊंचे और धरती जितने चकले बनना, कि दूब जैसी हरियाली, सियार जैसी बुद्धि और शेर जैसा प्राण हासिल करना कि जब तक हिमालय में बर्फ और गंगा में जल है तब तक ऐसे मुबारक मौके तुम्हारे जीवन में आना-जाना करते रहें। हरेला हरियाली का उत्सव है।

मई-जून की कड़ियल गर्मी के बाद आई सुकून भरी हवा और ताजगी का इस्तकबाल है। हरेला आगामी फसलों की तैयारी और पिछली फसल के लिए प्रकृति को धन्यवाद कहने का कर्तव्य है।

## एक नजर

### मुफ्त बिजली योजना में किसान अब 31 तक करा सकेंगे पंजीकरण

अमृत विचार, लखनऊ। निजी नलकूप किसान अब मुफ्त बिजली योजना में 31 जुलाई तक पंजीकरण करा सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने पंजीकरण की तारीख 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। इस संबंध में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी किया गया है। कॉरपोरेशन की ओर से वंचित किसानों से निर्धारित तारीख के अंदर पंजीकरण कराने की अपील की गई है।

### 50 हजार का इनामी गैंगेस्टर धारावी से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: उप्र. एसटीएफ ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार के इनामी गैंगेस्टर तबरेज को महाराष्ट्र के धारावी से गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के खिलाफ पूर्वांचल के पांच जिलों के अलग-अलग में 20 मुकदमें दर्ज है। एसटीएफ अभियुक्त को चार दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर उप्र ला रही है। एसटीएफ के डीएसपी संजीव दीक्षित ने बताया कि फूलपुर आजमगढ़ निवासी तबरेज पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए महाराष्ट्र के धारावी में रह रहा था।

### पावर कॉरपोरेशन का राजस्व 17 प्रतिशत बढ़ा

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन में 2023-24 में लगभग 17 प्रतिशत तक राजस्व बढ़ा है। प्रदेश में बिजली कनेक्शन की संख्या करीब 3.46 करोड़ और कुल बिजली भार 73,835 मेगावाट पहुंच गया है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के साथ ही राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 में राजस्व बढ़ोतरी 17 प्रतिशत से अधिक है। 2022-23 में कॉरपोरेशन ने 59,635 करोड़ रुपए राजस्व वसूल किया था, वर्ष 2023-24 में यह 17.63 प्रतिशत बढ़कर 70,153 करोड़ रुपए पहुंच गया है।

# वृद्धावस्था पेंशन व पारिवारिक लाभ योजना का आडिट शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समाज कल्याण विभाग पहली बार अपनी दोनों योजनाओं का सोशल आडिट कराने जा रहा है
- योजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलेगा, नियोजन विभाग को दी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट कराएगा। सोशल आडिट से विभाग को जमीनी हकीकत के बारे में पता चलेगा और अपात्रों को योजना का लाभ लेने से रोका जा सकेगा। आडिट की जिम्मेदारी नियोजन विभाग को दी गई है।

समाज कल्याण विभाग ने सोशल आडिट की सूची में अपनी दो योजनाओं (वृद्धावस्था पेंशन योजना और पारिवारिक लाभ योजना) को जुड़वाया है।

सोशल आडिट करने वाली टीमों को योजनाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने योजना के लाभार्थियों की सूची भी मुहैया करवाई जा रही है। वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट यूपी के 30 जिलों में होगा। इनमें सभी 18 मंडल मुख्यालय के जिलों के साथ आठ आकांक्षी जिलों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही चार उन जिलों में भी सोशल आडिट कराया जा रहा है, जहां इन योजनाओं के सबसे अधिक लाभार्थी हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आडिट नियोजन विभाग से कराया जा रहा है। एक-एक लाभार्थी से मुलाकात कर उनका पूरा ब्यौरा जुटाएंगे। साथ ही जिनको योजना का लाभ नहीं मिल रहा है उनको शामिल किया जाएगा।

#### इन जिलों में होगा आडिट

लखनऊ, कानपुर,बांदा, गोंडा, अयोध्या, बरेली, बस्ती, मुरादाबाद, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, अम्बेडकरनगर, सिद्धार्थनगर,अलीगढ़, आगरा, आजमगढ़, प्रयागराज, गोरखपुर, चित्रकूट, झांसी, मेरठ, वाराणसी, मीरजापुर, सहारनपुर के साथ फतेहपुर, प्रतापगढ़, कुशीनगर, जौनपुर, चंदौली और सोनभद्र।

# बारा बिजलीघर की एक इकाई ठप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली संकट गहराया अधिकतम मांग 29 हजार मेगावाट पार

**अमृत विचार:** गर्मी व उमस के कारण प्रदेश में बिजली की मांग फिर बढ़ रही है। मंगलवार को अधिकतम मांग 29 हजार मेगावाट पार कर गई। इस बीच, बारा बिजलीघर की एक इकाई ठप हो जाने से बिजली संकट गहरा गया। एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में गई, जबकि घोषित कटौती के कारण प्रदेश के गावों, तहसीलों व नगर पंचायत क्षेत्रों में लोग बिजली संकट से जूझते रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई में सुबह करीब 10 बजे तकनीकी खराबी आ गई। इससे बिजली उत्पादन ठप हो गया। इकाई को चालू करने का प्रयास किया गया, पर चालू नहीं हो सकी। इस इकाई के 19 जुलाई को चालू होने की संभावना बताई जा रही है।

#### बारिश से मांग में आई थी कमी

सूत्रों ने बताया कि ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट की एक इकाई बीती 11 जुलाई से बंद चल रही है, जबकि जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को मरम्मत के लिए बंद रखा गया है। इस इकाई के 22 जुलाई को चालू होने की संभावना है। तीन इकाइयों के बंद रहने से 1383 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। सूत्रों का कहना है कि बारिश के कारण पिछले दिनों मांग में काफी कमी आ गई थी, पर मंगलवार को अधिकतम बिजली मांग 29,142 मेगावाट दर्ज हुई।

# मंडी शुल्क से छूट के नियम सरल अब सात दिन में लगेगी डीएम की रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मंडी परिषद के संचालक मंडल की 170वीं बैठक की मुख्यमंत्री ने की अध्यक्षता
- मंडियों में किसानों के लिए बनेंगे विश्राम कक्ष और होगी सस्ते दर वाली कैंटीन की व्यवस्था

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 170वीं बैठक संपन्न हुई। अपने सरकारी आवास पर मंगलवार को हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने नव स्थापित प्रसंस्करण इकाई को मंडी शुल्क से छूट देने की व्यवस्था का सरलीकरण किए जाने के निर्देश दिए। वर्तमान में इकाई स्थापना के दिनांक से छह माह के भीतर मंडलायुक्त के समक्ष आवेदन करना होता है, जिसे मंडलायुक्त द्वारा रिपोर्ट के लिए जिला मैजिस्ट्रेट को भेजा जाता है। इस व्यवस्था का सरलीकरण करते हुए इकाई द्वारा आवेदन सीधे जिला मैजिस्ट्रेट के समक्ष ही किया जाए और जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा अगले सात दिनों में रिपोर्ट के लिए मंडी समिति को भेज दिया जाए।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बरीपाल और मुरादाबाद की मंडी समिति में खाद्य तेलों पर यूजर चार्ज लिए जाने की व्यवस्था है। व्यापारियों के हित में इसे समाप्त किया जाना चाहिए। यदि कोई व्यापारी वर्ष भर में मंडी की दुकान से जितने मूल्य के खाद्य तेलों का व्यापार करे, न्यूनतम उतने ही मूल्य के कृषि उत्पाद, जिन पर मण्डी शुल्क या यूजर चार्ज लिया जाता है, का भी भी व्यापार करे तो उनसे खाद्य तेल पर यूजर चार्ज न लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, मंडी में किसानों के लिए सुविधा और सुरक्षा के सभी प्रबंध होने चाहिए। मंडियों में साफ-सफाई, जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो। कहीं भी अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। जलभराव की स्थिति न हो। शौचालय, पेयजल के पर्याप्त इंतज़ाम रखें। यहां किसानों के लिए विश्राम कक्ष और सस्ते दर वाली कैंटीन की व्यवस्था भी कराई जाए। विभिन्न विभागीय सम्पत्तियों की नीलामी अब मैनुअल के स्थान पर ई-ऑक्शन व्यवस्था से की जाए। साथ ही चारों कृषि विश्वविद्यालयों में टिशू कल्चर लैब स्थापित होंगे।

#### 2023-24 में लगभग 1862 करोड़ रु.की आय

मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व से संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहां 1553 करोड़ रु. की आय हुई थी, वहीं 2023-24 में लगभग 1862 करोड़ रु.की आय हुई। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में लगभग 400 करोड़ रु.का राजस्व संग्रहीत हो चुका है। मंडी शुल्क न्यूनतम होने के बाद भी मंडियों से राजस्व संग्रह में हुई बढ़ोतरी सराहनीय है। यह राजस्व किसानों के हित में ही व्यय किया जाए।

#### हाट-पैठ का होगा निर्माण और मंडियों में बनेंगे कोल्ड रूम

नगरीय क्षेत्रों में भी हाट-पैठ निर्माण कराये जाने की मांग पर ध्यान देते हुए जिन नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर निगम में स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप अच्छे हाट-पैठ बनाए जाएं। नए अधिसूचित नगरीय निकायों को प्राथमिकता दें। हाट-पैठ बनने के बाद संबंधित मंडी समिति द्वारा इसे नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर निगम को हस्तान्तरित कर दिया जाए। कृषि फसलों की सुरक्षा के लिए मंडियों में कोल्ड रूम तैयार कराया जाए। इससे किसान अपनी फसल को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकेंगे।

## पिछड़ा वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति का बढ़ा बजट

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के लिए विभाग ने पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में बजट बढ़ा दिया है।

पिछड़े वर्गों के विकास एवं उनके शैक्षिक स्तर को उठाने के लिए विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना ऑनलाइन संचालित की जा रही है। इसके तहत राजकीय विद्यालय, राजकीय सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत अन्य पिछड़े वर्ग के पात्र छात्र/छात्राओं को प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है।

गत वर्ष पूर्व दशम में 7 लाख 58 हजार 44 विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिला था और 160.16 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। जबकि दशमोत्तर में 19 लाख 58 हजार 929 को लाभ मिला था और 2026.73 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस बार शासन ने पूर्व दशम में बजट बढ़ाकर 300 करोड़ और दशमोत्तर में 2175 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया है। सितंबर के अंतिम सप्ताह या अक्टूबर से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू होंगे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन आवेदन से पहले विद्यालयों को सूचना दी जाएगी।

# खनन निदेशालय अग्निकांड साजिश नहीं, शासन को सौंपी गई रिपोर्ट

विनय सिंह, लखनऊ

- सीएम के आदेश पर एसटीएफ कर रही थी अग्निकांड की जांच
- फायर, एफएसएल, विद्युत सुरक्षा से भी मिली क्लीनचिट

**अमृत विचार:** खनन निदेशालय में लगी आग साजिश का हिस्सा नहीं थी। यह आग सर्वप्रथम भवन के बाहर एकत्रित हुए पत्तों में लगी थी, जो सुलगते-सुलगते धीरे-धीरे कक्ष तक पहुंची। आग कक्ष की खिड़कियों के पर्दे और थर्माकोल के माध्यम से आग अंदर तक पहुंची और कुछ ही देर में आग ने बृहद रूप ले लिया। अगर स्थानीय चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल न पहुंचती तो यह अग्निकांड बड़ा हो सकता था और पूरा भवन आग की चपेट में आ सकता था। इस अग्निकांड में कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी नहीं जिला। विस्तृत रिपोर्ट को एसटीएफ ने शासन को सौंप दी है।

बतादें कि अग्निकांड की यह घटना नौ अप्रैल को घटी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए इस अग्निकांड की जांच एसटीएफ को सौंप दी थी। जांच के दौरान एसटीएफ ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल), विद्युत सुरक्षा निदेशालय एवं अग्निशमन निदेशालय को भी जांच में शामिल किया था। लंबे समय तक चली जांच के बाद एफएसएल ने अपनी रिपोर्ट में इस घटना को साजिश का हिस्सा नहीं माना। वहीं विद्युत सुरक्षा निदेशालय एवं अग्निशमन विभाग ने भी अपनी रिपोर्ट में क्लीनचिट दे दी। उधर, एसटीएफ ने भी विभिन्न पहलुओं पर प्रकरण की जांच की थी।

विभाग के कई अधिकारियों से पूछताछ भी की, लेकिन साजिश नजर नहीं आई। समस्त विभागों से रिपोर्ट आने के बाद जब एसटीएफ संतुष्ट हो गई तो रिपोर्ट शासन को भेज दिया। अधिकारियों के मुताबिक भवन के बाहर वृक्ष लगा हुआ है। उसी के सूखे पत्ते एकत्रित थे, जिसमें किसी कारणवश आग लगी थी। वही आग कक्ष की खिड़की तक पहुंची और पर्दे में लग गई, जिसके बाद आग ने भीषण रूप ले लिया।


विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पुष्पगुच्छ देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## महाना के घर पहुंचकर योगी ने सेहत का जाना हाल

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के 16-कालिदास मार्ग लखनऊ स्थित आवास पहुंचे और उनका हालचाल जानाऔर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। तबियत बिगड़ने पर जून में विधानसभा अध्यक्ष का गुरुग्राम में ऑपरेशन हुआ था।

महाना के परिजन की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, सरोजिनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह आदि भी यहां रहे।

## रिश्वत लेने वाले चकबंदी अधिकारी पर एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** चकबंदी अधिकारी ने भूमि की पैमाइश करने के नाम पर किसान से दो लाख रुपए रिश्वत ले लिए। प्राथमिक जांच में यह पुष्टि होने के बाद सतर्कता अधिष्ठान आगरा सेक्टर ने चकबंदी अधिकारी के खिलाफ एफआरआर दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की है।

अधिष्ठान के अधिकारियों ने बताया कि एटा जिले के जैथरा निवासी गुरुवचन से चकबंदी अधिकारी गजेंद्र सिंह से भूमि की पैमाइश कराने और कब्जा दिलाने के लिए 2021 में दो लाख रुपए रिश्वत के तौर पर लिया था। इसके बाद गुरुवचन ने सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत की थी। अधिष्ठान के अनुभाग तीन की ओर से आगरा सेक्टर के अधिकारियों से प्रकरण की जांच कराई गई तो आरोप सही पाया गया। अधिष्ठान के अधिकारियों ने बताया कि उक्त कृत्य पर चकबंदी अधिकारी पर एफआईआर दर्ज किया गया है।

# सड़कों पर अब नहीं दिखते ट्रैफिक उपकरण

डीपी. शुक्ल,लखनऊ

**अमृत विचार:** किसी भी जिले की कानून व्यवस्था का अंदाजा वहां की यातायात को देखकर भी लगाया जा सकता है। प्रदेश की बिगड़ी ट्रैफिक सिस्टम से चिन्तित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे सुधारने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश भी दिये। यहां तक कि सड़कों और शहरों में जाम की भयावह स्थिति होने की वजह से कानपुर के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीना और लखनऊ के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ध्रुवकांत ठाकुर को हटा दिया गया था। परन्तु जाम और ट्रैफिक की समस्या जस कि तस बनी हुई है। करीब हर जिले में आज भी लोगों को भीषण जाम से जूझते हुए देखा जा सकता है। हालांकि सड़क हादसों को रोकने के लिए सरकार ने यातायात विभाग को तमाम महंगे उपकरण दिये हैं, मगर ज्यादातर उपकरण जिलों की पुलिस लाइन में धूल खा रहे हैं। अभी तक न तो ब्रेथएनलाइजर ने किसी चालक को नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा और न ही गति मापक यन्त्र ने तेज रफ्तार से वाहन को अपनी गिरफ्त में लिया।

जानकारी के अनुसार यातायात विभाग के पास वर्तमान में इन्टरसेप्टर गाड़ी- 17,क्रेन-84,ड्रोन कैमरा-18,सार्वजनिक स्थानों व भीड़ में ट्रैफिक कर्मियों की वर्दी में लगाने वाला वॉडीवार्न कैमरा-3450, गति मापक यन्त्र-232,नशा मापक यन्त्र -2708,डिस्बुलमेटर प्रिन्टर-299,आयरन बैरियर-16,300,फोल्डिंग बैरियर-3045,रेनकोट-8,300,सेफ्टी जाकेट-9780,सेफ्टी ग्लाउज-3800,रात में चमकने वाला सेफ्टी बेल्ट-2,900,मास्क-12,722,माइक-1,800,पब्लिक एड्रेस सिस्टम-384,हेल्मेट-7155,डेगीनेटर-6,000 और ट्रैफिक कोन-15000 उपलब्ध है। इसके अलावा 10 और इन्टरसेप्टर गाड़ी तथा 75 इन्टरसेप्टर बाइक खरीदने के लिए यातायात निदेशालय ने शासन को प्रस्ताव भेजा है। इतने उपकरण होने के बाद भी फील्ड से यह सब नदारद है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये इन उपकरणों का प्रदर्शन सिर्फ पुलिस परेड के समय ही देखने को मिलता है।



- पुलिस लाइन्स में धूल खा रहे महंगे ट्रैफिक यन्त्र

#### सड़क हादसों को रोकने के कड़े निर्देश



यातायात विभाग के अपर पुलिस महानिदेशक के. सत्यनारायण का कहना है कि हर जिले में समुचित ट्रैफिक उपकरण मुहैया कराया गया है। उन्होंने सड़क हादसों को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि भारी वाहनों को राष्ट्रीय हाई-वे,एक्सप्रेस-वे पर सड़क के बायें लेन पर चलने के लिए जगह-जगह पर ग्लो साइन बोर्ड लगवाये जायें। मुख्य मार्गों पर स्थित ढाबों और होटलों पर पार्किंग की व्यवस्था की जाय। इसी तरह शीघ्र प्रतिक्रिया प्रणाली के तहत सड़क हादसे में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था हो। सभी जिलों के कप्तानों को भेजे गये अपने निर्देश में उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय व राज्य हाई-वे व शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाये। भारी वाहनों के चालकों को बारीकी से चेकिंग करायी जाये। यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने को लेकर हमारा विशेष फोकस है। इसके लिए हमने पिछले दिनों आगरा,मथुरा,गाजियाबाद,मेरठ और मुजफ्फरनगर जिलों का दौरा किया है। जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर वहां की ट्रैफिक समस्या की जानकारी हासिल की और उसके समाधान करने के निर्देश दिये हैं।


## वर्ग पहेली-133

**बाएं से दाएं**

1.1. गैंडा 2. सुअर 3. मुरगा।
3.1. वह कथन जिसमें किसी मत या सिद्धांत का दृढ़तापूर्वक निरूपण किया गया हो 2. ऐसी प्रतिकृति जो ठीक मूल आकृति जैसी हो।
4.1. जलता हुआ कोयला आदि 2. मंगल ग्रह, मंगलवार 3. भृंगराज, भांगरा, कटसरैया नामक पेड़ 4. कार्बन नामक रासायनिक तत्व।
6. जिसके पास टके हों अर्थात धनी, धनवान।
7.1. काला, सांवला 2. मलिन, गंदा 3. मुरझाया हुआ, कुम्हलाया हुआ।
8.1. मंत्री, (मिनिस्टर) 2. मध्यकाल में बादशाह का सलाहकार, सचिव 3. शतरंज के खेल का एक मुहरा।

**ऊपर से नीचे**

2.1. शारीरिक, देह से संबंधित 2. देहजनित, शरीर से उत्पन्न।
3. बहुत तेज़ चाल
4. बीच की अवधि या समय, मध्यांतर, दो घटनाओं के बीच का समय।
5. वह असामी जो दूसरों की भूमि पर खेतीबारी करता हो, काश्तकार, कृषक, हलवाहा।



### वर्ग पहेली -132 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 दा | | 2 र | 3 स | वं | ती |
| ढ़ा | | | ट | | |
| | 4 अ | ध | प | ग | 5 ला |
| | क | | टा | | ठी |
| 6 मा | ल | वा | ह | क | |
| | बी | | ट | | 7 मा |
| 8 प | र | वा | | | टा |

## सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 1 | | | | 2 | |
| | | 2 | | 4 | 8 | 1 | | |
| | 3 | | | 9 | | 5 | 6 | |
| | 1 | 8 | | 7 | | | | |
| 9 | 4 | | | | | | 7 | 1 |
| | | | | 5 | | 4 | 3 | |
| | 5 | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | 9 | 6 | 3 | | 7 | | |
| | 7 | | | | 2 | 9 | | |

### सुडोकू -45 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 8 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 6 | 3 | 4 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 5 | 9 | 8 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21.02 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अनुराधा 18 जुलाई 03.13 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। किसी उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्ति से मार्गदर्शन एवं सानिध्य मिलेगा व्यापार में बड़ा उन्नति कारक परिवर्तन होने के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में आपकी लगन एवं ईमानदारी कार्यशैली उच्चाधिकारियों को प्रभावित करेगी।

**वृष:** आज व्यापार में बार-बार अपना निर्णय न बदलें। इससे आपके सहयोगियों के मध्य हताशा व असमंजस्य बढ़ेगा। रोजगार की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ेगा। नौकरी में अधिकारियों से उचित दूरी बनाकर रखें।

**मिथुन:** आज किसी सामाजिक कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में आई बाधा किसी मित्र के सहयोग से दूर होगी। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। कृषि कार्य में सरकारी योजना का लाभ मिलेगा।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में व्यर्थ भागदौड़ बनी रहेगी। भोग विलास में अत्यधिक रुचि रहेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जानना पड़ेगा। जमा पूंजी धन व्यर्थ कार्यों पर खर्च होगा। किसी वरिष्ठ परिजन के कारण व्यय हो सकता है। उद्योग धंधे में नए सहयोगी बनेंगे।

**सिंह:** आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से सहयोग, सानिध्य मिलेगा। राजनीति में वर्चस्व स्थापित होगा। रोजगार के अवसर मिलेंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। व्यापार में आय एवं व्यय में सामान्यता रहेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं।

**कन्या:** आज आपको मनचाहे स्थान पर तैनाती मिल सकती है। भूमि के क्रय विक्रय, कृषि कार्य में लगे लोगों को परिजनों मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से मनोबल में वृद्धि होगी। आपकी कार्यशैली लोगों को प्रभावित करेगी।

**तुला:** आज धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है,जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें।

**वृश्चिक:** आज धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में चली आ रही विभिन्न बाधाएं कम होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

**धनु:** आज आजीविका के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की व्यक्तिगत समस्याएं बढ़ सकती है। नौकरी में अपने कार्य के प्रति अधिक ध्यान दें। व्यवसाय के क्षेत्र में सलंग्न लोगों को व्यापार में लाभ होने की अच्छी संभावना है। आपके साहसिक कार्य की कार्यक्षेत्र में चारों चर्चा होगी।

**मकर:** आज दिन की शुरुआत अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगी। किसी लंबी दूरी की यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि बढ़ सकती है। व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को नवीन व्यवसाय के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** आज शुभ समाचार मिलेगा। समाज में उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क करेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों को व्यापार में लाभ एवं उन्नति के योग बनेंगे। आजीविका नौकरी के क्षेत्र में संलग्न लोगों को परिश्रम का फल प्राप्त होगा।

**मीन:** आज अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। व्यवहार को अच्छा बनाए रखें। पढ़ाई में अधिक मुश्किल और परिश्रम करने की आवश्यकता रहेगी। कोर्ट कचहरी के मामलों में सतर्कता रखें। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राम बलराम — सुबह : 09.47
बुलेट रानी — शाम : 05.12

&pictures
थलाइवी — सुबह : 11.04
राधे — शाम : 05.14

SONY PIX
द डार्क नाइट — सुबह : 11.35
जॉन रैम्बो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
टीबीए — सुबह : 09.54
लगान — दोपहर : 03.24

colors CINEPLEX
दस — सुबह : 09.26
मद्रास कैफे — रात : 09.55

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.14 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मेरा वजन कैसे कम होगा?
पति- अपनी गर्दन को दाएं से बाएं हिलाती रहो।
महिला- अच्छा, पर ये किस समय करूं?
पति- जब कोई खाने को पूछे।

चिंटू जंगल में जा रहा था, अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया।
ये देखकर भालू आया और चिंटू के कान में बोला- भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।



हादसे के बाद बिलखती गुड्डी की बेटियां। अमृत विचार



हादसे के बाद घटनास्थल पर जमा भीड़। अमृत विचार

# भाई-भाभी का समझौता कराने जा रही महिला को डंपर ने रौंदा

## नौबस्त बंबा पर हुआ हादसा, परिजनों और ग्रामीणों ने दो घंटे हाईवे किया जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेटे के साथ बाइक से कुढ़नी स्थित गांव जा रही थी महिला

**अमृत विचार।** भाई-भाभी के बीच चल रहे मनमुटाव को दूर करने के लिए बेटे के साथ बाइक पर जा रही महिला को नौबस्ता बंबा पर डंपर ने कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटा बाल-बाल बच गया। राहगीरों ने पीछा कर डंपर को पकड़ लिया लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। आक्रोशित परिजनों ने चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक जाम के बाद कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन माने।



गुड्डी देवी।

जूही बंबुरहिया निवासी मजदूर रामकिशोर पत्नी गुड्डी देवी (45) व चार बच्चों के साथ रहता है। रामकिशोर ने बताया कि घाटमपुर कुढ़नी के जसरा गांव निवासी साले सर्वेश कुमार व उसकी पत्नी सोनी के बीच विवाद चल रहा था। मंगलवार को गुड्डी दोनों के बीच सुलहनामा कराने बेटे अभिषेक के साथ बाइक से गई थी। नौबस्ता बंबा के पास पीछे से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। गुड्डी डंपर के पिछले पहिए की चपेट में आ गई और मौके पर ही मौत हो गई।

राहगीरों के पीछा करने पर चालक डंपर छोड़ कर फरार हो गया। इसके बाद परिजन चालक की गिरफ्तारी, डंपर मालिक को मौके पर बुलाने व मुआवजे की मांग को लेकर अड़ गए। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह, नौबस्ता, बर्रा, गुजैनी व हनुमंत विहार थाने की फोर्स मौके पर पहुंची। इस दौरान करीब दो घंटे तक नौबस्ता से हमीरपुर जाने वाली लेन पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। एसीपी नौबस्ता ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत करा शव पोस्टमार्टम भिजवाया।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** अर्मापुर थानाक्षेत्र में सोमवार शाम मसवानपुर निवासी 45 वर्षीय राजेश कुमार शुक्ला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। भाई बसंत नारायण ने बताया कि वह सुबह घर से निकले थे। इसके बाद शाम को आर्डिनेंस फैक्ट्री के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। रात भर उनकी तलाश की गई लेकिन कोई जानकारी नहीं हो पाई। मंगलवार सुबह पुलिस ने फोन कर हादसे की जानकारी दी।

## 'किट फॉर किड्स इंडिया' से जरूरतमंद बच्चों की मदद

**कानपुर।** संसाधनों के अभाव में पढ़ाई में पिछड़ रहे स्कूली बच्चों के लिये यूएसए में पढ़ने वाले भारतीय मूल के 11वीं के छात्र विराज सिंह ने 'किट फॉर किड्स इंडिया' अभियान शुरू किया है। गुरुवार को अभियान के तहत वह शहर के 300 बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, रबर, स्केल और अन्य संसाधन वितरित करेंगे।

- यूएसए में पढ़ने वाले छात्र ने शुरू किया अभियान, पढ़ाई किट देंगे

आयोजन समिति के सदस्य आर के सिंह ने बताया कि 18 जुलाई बृहस्पतिवार को जवाहर नगर स्थित ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में सुबह 11 बजे से बच्चों को किट वितरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम में अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद देवेन्द्र सिंह 'भोले' मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि ओंकारेश्वर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस, कानपुर के प्रमुख संरक्षक डॉ. अंगद सिंह और उप्र के सेवानिवृत्त मुख्य सूचना आयुक्त भवेश कुमार सिंह होंगे। रंजय कुमार सिंह की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। विराज सिंह ने बताया कि 'किट फॉर किड्स इंडिया' का उद्देश्य जरूरतमंद भारतीय बच्चों को पढ़ने के लिए आवश्यक उपकरण की आपूर्ति करना है।



मोहर्रम और सावन को लेकर महापौर प्रमिला पांडेय ने अफसरों के साथ बैठक की। अमृत विचार

# सावन आ रहा है, मंदिरों के पास चकाचक सफाई हो, चूना छिड़कें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जो काम न करे उसे हटाइये, ये कूड़ा घर नहीं है: महापौर
- मोहर्रम और सावन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने मंगलवार को सावन और मोहर्रम को लेकर नगर निगम समिति कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक की। उर्सला अस्पताल की गंदगी की खबर सुनकर महापौर ने कहा कि जो काम न करे उसे हटाइये चाहे कंपनी हो या कर्मचारी-अधिकारी। नगर आयुक्त से कहा कि मनमानी करने वाली कंपनी को तत्काल सस्पेंड कर दीजिये। यह नगर निगम है कोई कूड़ाघर नहीं। धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई की व्यवस्था के निर्देश दिये।

बैठक में महापौर ने कहाकि बरसात को देखते हुये अनावश्यक खोदाई कार्य नहीं होना चाहिये। नगर आयुक्त मदन सिंह गबर्याल से कहा कि मेट्रो, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी के साथ बैठक करिये। गुजैनी में हुये कब्जों को दो दिन में खाली करा लिया जाये।

मोहर्रम को देखते हुये विशेष सफाई रखी जाये। सावन में मंदिरों के पास हमेशा सफाई रहे। सोमवार से सावन का पवित्र महीना शुरू हो रहा है।

सभी मंदिरों के पास एक महीना निरंतर सफाई चले। बैठक में नगर निगम मुख्य अभियंता सैय्यद फरीद अख्तर जैदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय संखवार, जेडएसओ, अधिशाषी अभियन्ता रहे।

### चट्टा वालों के लिये मांगी जमीन

महापौर ने नगर आयुक्त से कहा कि आप केडीए के उपाध्यक्ष हैं। शहर के प्रमुख इलाकों में चट्टे चल रहे हैं। यदि सबको 100-100 गज शहर के बाहर जमीन मिल जाये तो इन्हें स्थानांतरित कर सकते हैं। महापौर ने कहा कि चट्टा वालों को पूर्व में जमीन दे दी गई लेकिन उन्हें पूरी तरह शिफ्ट नहीं किया जा सका। चट्टा संचालकों को नोटिस भेजिये कि अपनी व्यवस्था कर लें। मार्गप्रकाश प्रभारी से कहा कि सावन में शहर के आउटर क्षेत्रों की लाइटों को तत्काल जलवाएं।

# बैंक मैनेजर व कर्मचारियों पर गबन का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चमनगंज थानाक्षेत्र का मामला, कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला के अनुसार उन्होंने बैंक में 2.79 लाख रुपये की चेक जमा की थी। आरोप है कि बैंक मैनेजर और कर्मचारियों ने रुपये हड़प लिए। पीड़िता ने शिकायत पुलिस से की मगर कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

डिप्टी पड़ाव निवासी रंजना कुमारी के अनुसार उनके पति पप्पू श्रीवास्तव से रुपयों को लेकर अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। कोर्ट में पति ने 2.79 लाख रुपये जमा किए थे। इस पर कोर्ट ने उन्हें चेक बनाकर दी थी। जिस पर पीड़िता दो सितंबर 2023 को बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया चंद्रिका देवी रोड गई। जहां पर बैंक में मौजूद कर्मचारी ने बैंक जमा पर्ची भरकर चेक साथ में लगाकर बॉक्स में डालने की बात कही। इस पर उन्होंने जमा पर्ची पर भरकर चेक साथ में लगाकर बॉक्स में डाल दिया था। बैंक कर्मचारियों ने तीन दिन बाद आकर पता करने को कहा। आरोप है कि जब वह आठ सितंबर को बैंक गई तो बैंक के कर्मचारियों ने कहा कि आप ने कोई चेक जमा नहीं की है। इस पर पीड़ित ने मामले की शिकायत बैंक मैनेजर व पुलिस से की। बैंक कर्मियों ने उन्हें कुछ फुटेज दिखाए मगर जहां पर चेक बॉक्स है वहां का कैमरा खराब होने की बात कही।

## मजदूर यूनियन ने महाप्रबंधक को लिखा पत्र

**कानपुर।** आयुध उपस्कर निर्माणी फूलबाग कानपुर की कार्यसमिति के अनुरोध पर निर्माणी प्रशासन ने बुधवार को मोहर्रम के अवसर पर निर्माणी में अवकाश घोषित किया है।

मोहर्रम के बदले कार्य दिवस का समायोजन करने के लिए 21 जुलाई रविवार को निर्माणी खोले जाने का आदेश जारी किया है। जिस पर किला मजदूर यूनियन ने आपत्ति जताई है।

यूनियन के कार्यवाहक महामंत्री समीर बाजपेई ने महाप्रबंधक को पत्र लिखकर मांग की है कि 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा आषाढ़ी का पर्व है और अगले दिन सावन मास का पहला सोमवार है। इसलिए कार्यदिवस का समायोजन 28 जुलाई रविवार को या किसी अन्य दिन किया जाए।

# एलिवेटेड सेक्शन के नीचे ग्रीनबेल्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो के 5 किलोमीटर लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में निर्माण कार्य के साथ-साथ ग्रीन बेल्ट के लिए पौधे लगाने की शुरूआत हो गई। निर्माणाधीन बारादेवी स्टेशन की तरफ से पौधे लगाए जाने लगे हैं। इस पूरे एलिवेटेड सेक्शन के नीचे पिलर्स के बीच में लगभग 1200 वर्ग मीटर क्षेत्र में हरे पौधे लगाए जाने हैं। पहले सड़क के ऊपर मेट्रो वायडक्ट और अब उसके नीचे हरियाली बढ़ाई जा रही है।

- बारादेवी-नौबस्ता के 5 किमी. मेट्रो सेक्शन में पौधे लगाने की शुरुआत

प्रॉयोरिटी कॉरिडोर (आईआईटी-मोतीझील) पर सड़क के बीचोंबीच विकसित किए गए ग्रीन बेल्ट के तर्ज पर लगभग 5 किमी लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन पर भी पौधे लगाए जा रहे हैं। इससे सड़क की सुंदरता बढ़ने के साथ ही वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी। एलिवेटेड सेक्शन में वर्षा जल संरक्षण के लिए भी सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं।



बारादेवी के आगे ग्रीनबेल्ट विकसित की जा रही है।

# बिजली संकट से शहरी परेशान, राज्यपाल से गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी भेजा पत्र

**अमृत विचार।** शहरवासी बिजली कटौती से परेशान हैं, शिकायतों के बाद भी बिजली की समस्या का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है और बिजली के बिल काफी बढ़े हुए भी आ रहे हैं। बिजली की दरों को कम करने और बिजली कटौती से निजात दिलाने की गुहार सपा जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व राज्यपाल आनंदी बेन को पत्र भेजकर की।

नवीन मार्केट स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में मंगलवार को पीडीए टीम के प्रभारियों की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि वर्तमान में कई उपभोक्ताओं के घरों का बिजली का बिल काफी बढ़ा हुआ रहा है। सरकार जनता को परेशान कर रही है। शहरवासी बिजली कटौती से परेशान हैं। बिजली न आने की वजह से लोगों को पानी की भी समस्या से जूझना पड़ रहा है। केडीए के पांच हजार से अधिक मकान बगैर बिके शताब्दी नगर समेत अन्य क्षेत्रों में खाली पड़े हैं। मांग है कि केडीए इन मकानों को नो प्रॉफिट- नो लॉस पर वकीलों को विक्रय कर पर दे। पत्रकारों को मकानों के खरीद में नियम के साथ छूट और विक्रय कर कम करने के साथ किस्तों पर रजिस्ट्री कर देना चाहिए। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, सत्यनारायण गहरवार थे।

# मजदूर की मौत, ठेकेदारों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 17 अप्रैल को चकेरी थानाक्षेत्र में काम कराने के लिए ले गए थे

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों ने दो शटरिंग ठेकेदारों पर हत्या कर शव को कांशीराम अस्पताल छोड़ जाने का आरोप लगाया था। परिजनों ने हाईकोर्ट के आदेश पर चकेरी थाने में दोनों ठेकेदारों के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है।

जिला फतेहपुर के कल्याणपुर महमूदपुर निवासी कल्याण सिंह के अनुसार उनके भाई अनिरूद्ध सिंह को 17 अप्रैल 2024 को शटरिंग ठेकेदार घाटमपुर के साढ़ इटहरा निवासी अजय यादव और राम सिंह काम कराने के लिए कानपुर ले गए थे। उसके बाद से उसका फोन बंद जा रहा था। दोनों ठेकेदारों ने जवाब ठीक से नहीं दिया। राम सिंह पर भाई से बात करवाने का दबाव बनाया गया तो उसने बताया कि उनका भाई कांशीराम अस्पताल में भर्ती है। जब वह लोग भाई को देखने कांशीराम अस्पताल पहुंचे तो वहां पर उसका शव मिला। परिजनों ने बताया कि अनिरूद्ध के शरीर पर चोट के निशान थे। आरोप है कि किसी विवाद के बाद दोनों ने उनके भाई की हत्या कर दी। आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। इस पर उन्हें हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी। प्रभारी निरीक्षण अशोक दुबे ने बताया कि हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रिकवर किया गया यूनिवर्सिटी का फेसबुक पेज

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के फेसबुक पेज को साइबर अपराधियों ने हैक कर लिया था। 19 अप्रैल को क्राइम ब्रांच को एक प्रार्थना पत्र दिया गया था। साइबर टीम ने 16 जुलाई को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय का अधिकारिक फेसबुक पेज को रिकवर कर लिया है।

## थाने आने वालों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल राजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को थाना स्वरूपनगर, रायपुरवा, सीसामऊ, फजलगंज तथा काकादेव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय अभिलेख, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस व आगन्तुक रजिस्टर को देखा। थानेदारों से थाना परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों और पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करने, उनके बैठने की उचित व्यवस्था के निर्देश दिए।

# साड़ी में आग लगने से महिला की मौत

- जूही थानाक्षेत्र की घटना बचाने में पति भी झुलसा

**कानपुर।** सोमवार को जूही थानाक्षेत्र में खाना बनाते समय साड़ी में लगी आग से एक महिला आग का गोला बनकर इधर-उधर भागने लगी। पति ने कंबल डालकर आग बुझाने की कोशिश की जिसमें वह भी झुलस गया। महिला को उर्सला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

जूही के छंगामल का हाता निवासी अजय ओमर के अनुसार वह ट्रांसपोर्ट नगर में कपड़ों की फेरी लगाते हैं। सोमवार सुबह करीब 11 बजे उनकी पत्नी 38 वर्षीय रूबी ओमर किचन में खाना बना रही थी। इसी दौरान रेशमी साड़ी ने आग पकड़ ली। वह जान बचाने के लिए किचन से बाहर की ओर भागी। उसने और बगल की ब्रेड फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों ने कंबल डालकर आग बुझाई। बाद में पत्नी ने उर्सला में दम तोड़ दिया। झुलसे पति का कहना था कि उसकी आंखों के सामने पत्नी जलती रही लेकिन वह नहीं बचा पाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सूचित करना है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरा नाम नेब्बू लाल लिख गया है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम वीरेंद्र कुमार है जो आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में दर्ज है। वीरेंद्र कुमार व नेबू लाल दोनों नाम मेरा ही है। अब वीरेंद्र कुमार के नाम से जाना पहचाना जाए। **वीरेंद्र कुमार पुत्र रामू सोनकर, निवासी ग्राम- भुड़कुड़ा, पोस्ट- रुपईडीह, गोंडा।**

### सूचना

मैं, इप्शिता, पुत्री श्री पंकज सूद एवं श्रीमती दीपाली सूद, बी -1403, इंदिरा नगर की निवासी हूं। मैने अपने जन्म प्रमाण पत्र के नाम इप्शिता में परिवर्तन करके इसे इप्शिता सूद कर दिया है। मैं यह घोषणा करती हूं की आज से मेरे सभी दस्तावेजों और अन्य सभी जगहों पर यही नाम प्रयोग किया जाएगा।

### सूचना

सूचित हो कि मै आर्मी न0 15709946M हवलदार राजकुमार सिह वर्तमान में 14W.EU C/o 99 APO में तैनात है मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में पुत्री का नाम माही लिख गया है जबकि पुत्री के शैक्षिक व आधार कार्ड में माही सिंह (MAHI SINGH) दर्ज है। मेरे सर्विस रिकार्ड में पुत्री का नाम माही सिंह (MAHI SINGH) DOB 29.08-2015 दर्ज किया जाए। - **राज कुमार** 14W.EU C/o 99 APO

### सूचना

सूचित हो कि मैं **श्रीमती रिहाना खातून पत्नी अजीमुल्ला, निवासी- ग्राम पठानन पुरवा, मजरा तेलियार, थाना- पढुआ, जिला- खीरी** के खोये हुए बैनामो की अंतिम पृष्ठ आवेदन संख्या-202000797008282 विक्रय पत्र दिनांक-4-11-2020 आवेदन संख्या -201900797004433 विक्रय पत्र-17-8-2019 के अंतिम पृष्ठ खो गए हैं जिस किसी को भी मिले हो कृपया इस नंबर पर सूचित करने का कष्ट करें। **मो0-9919256630**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **ओम प्रकाश सोनी पुत्र राम कृष्ण, निवासी-3/151 विधायकपुरम विनय खण्ड गोमतीनगर लखनऊ** का हूँ, मेरे बडे पुत्र व पुत्रवधु नवीन सोनी व पुनीता सोनी के द्वारा किये गये कृत्यों से मैं व मेरी पत्नी क्षुब्द हैं इसलिए उपरोक्त के किये गये कृत्यो से मेरा व मेरी पत्नी का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।

### गुमशुदा की तलाश



सूचित किया जाता है कि **श्रीमती केशाना देवी पत्नी राममोहन, निवासी शिवाखेड़ा मजरे कहींजर थाना सरेनी रायबरेली** जो दिनांक 24/07/ 2023 को घर से दवा लेने के लिए महारानीगंज निकली व घर वापस नहीं आई, जिनके गुमशुदगी के संबंध में थाना सरेनी रायबरेली में मु.अ.स. 230/23 धारा 364 आईपीसी पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति को इनके संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया मोबाइल नंबर 8090084199 पर या 8299004245 पर देने की कृपा करें।

### गुमशुदा की तलाश



सूचित किया जाता है कि **श्रीमती मंजुला गोस्वामी उर्फ मंजू पत्नी सोनू गोस्वामी निवासी ग्राम गोसाई कुटी, मजरे इब्राहिमपुर, थाना सरेनी, जनपद रायबरेली** जो दिनांक 19.09. 2020 को घर से बिना किसी को जानकारी दिये निकल गई व घर वापस नहीं आई जिनके गुमशुदी के सम्बन्ध में थाना सरेनी में मुकदमा अपराध संख्या 319/2023 धारा 498ए, 323, 507, 364, आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति को इनके सम्बन्ध में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया मोबाइल नम्बर 8299004245 या 8382841739 पर देने की कृपा करें।

# बहन के जयमाल से पहले मूकबधिर भाई ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर थानाक्षेत्र में बहन की शादी में जयमाल से पहले भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन जयमाल की तैयारी कर रहे थे, इसी दौरान भाई धर्मशाला से निकलकर घर पहुंचा और रस्सी से फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। परिजनों के अनुसार वह बोलने और सुनने में असमर्थ था। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

नटवन टोला कच्ची बस्ती निवासी मुन्नालाल का 28 वर्षीय पुत्र सौरभ बोलने और सुनने में असमर्थ था। वह घर के पास स्थित टेंट हाउस में नौकरी करता था। सोमवार को उसकी बहन सोनम की शादी थी। घर के पास स्थित धर्मशाला से शादी की रस्में की जानी थीं। सोमवार रात बारात पहुंची थी। तभी सौरभ अचानक धर्मशाला से घर चला गया। रात 11:30 बजे के आसपास भाई रोहन और अनुज उसे ढूंढने घर पहुंचे तो कमरे में रस्सी के फंदे के सहारे उसका शव लटका देखा। चीख-पुकार के बीच किदवई नगर पुलिस पहुंची और जांच की। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके हैं। इस संबंध में किदवई नगर थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ड्राइवर ने की आत्महत्या

सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र में 28 वर्षीय ड्राइवर आशीष बाजपेई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार सोमवार को परिवार के लोग रिश्तेदारी में कथा सुनने गए थे, इसी दौरान उसने घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद मां पुष्पा व पत्नी रूपाली अचेत हो गई।


हेल्थ जोन | टीबी अलर्ट इंडिया संस्था घर-घर जाकर लोगों की जांच करेगी

# हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन से गांव-गांव में जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** टीबी की जांच कराने के लिए लोगों को अब भटकना नहीं पड़ेगा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत लोगों को घर के पास ही टीबी की जांच के लिए एक्सरे की सुविधा मिलेगी। टीबी अलर्ट इंडिया संस्था अल्ट्रापोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन लेकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों की टीबी की जांच व स्क्रीनिंग करेगी।

उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संयुक्त निदेशक (क्षय)/ राज्य क्षय नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी ने सीएमओ डॉ.आलोक रंजन व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा को पत्र जारी कर कहा है कि टीबी मुक्त पंचायत अभियान में टीबी अलर्ट इंडिया संस्था के सहयोग से नगर के वार्ड, ब्लॉक व गांवों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर विशेष रूप से उन क्षेत्रों में चलाया जाएगा, जहां अधिक टीबी रोगी मिलने की संभावना हैं या मिलते हैं। शिविर में टीबी के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों की जांच के लिए पोर्टेबल मशीन से एक्स-रे किया जाएगा।



इस मशीन से होगी जांच।

### कटरी में 30 लोगों की जांच, 12 में मिले टीबी के लक्षण

- **कानपुर।** जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा ने बताया कि पहले चरण में कल्याणपुर, शिवराजपुर, बिधनू व भीतरगांव ब्लॉक की 20-20 ग्राम पंचायतों का शिविर के लिए चयन हुआ है। मंगलवार को टीबी अलर्ट इंडिया के सहयोग से पहला स्वास्थ्य शिविर कल्याणपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत शंकरपुर सराय कटरी में लगाकर 30 लोगों का एक्सरे किया गया। यहां 12 लोगों में टीबी के संभावित लक्षण पाए गए। कैंप में डीपीसी राजीव सक्सेना, एसटीएस शोभित, शालीन, अवनीत, गौरव सिंह, रवि गुप्ता, अभय सिंह मौजूद रहे। टीबी अलर्ट इंडिया के स्टेट लीड शिवम मिश्रा ने बताया कि जिले में टीबी उन्मूलन के लिए उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कैंप लगाकर एक्सरे के अलावा बलगम की जांच की जाएगी।

### एआई तकनीक पर आधारित है मशीन

- जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि एआई तकनीक पर आधारित हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन को वाईफाई के माध्यम से लैपटाप से जोड़ा जाता है। एक्सरे मशीन से प्राप्त छवि की 30 सेकंड में स्कैनिंग कर पता लगाया जाता है कि मरीज टीबी का संदिग्ध केस है या नहीं।

### इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

- दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, सीने में दर्द, बलगम में खून आना, शाम को पसीने के साथ बुखार, भूख न लगना, तेजी से वजन गिरना।

# रामगंगा का जलस्तर कम होने से लोगों ने ली राहत की सांस

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा, पीड़ितों की सहायता के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाताअमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रामगंगा नदी का जलस्तर कम होने से प्रभावित गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। जल स्तर घटने के बाद भी दुश्वारियां अभी भी बरकरार हैं। रामगंगा की नदी की बाढ़ से तहसील क्षेत्र के 18 गांव प्रभावित थे। जिलाधिकारी वीके सिंह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। रामगंगा का जलस्तर कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। अमैयापुर पुलिया और खाखिन संपर्क मार्ग से पानी हट जाने से लगभग एक दर्जन गांवों का आवागमन फिर शुरू हो गया है। किसानों के अनुसार खेतों मे खड़ी मूंगफली की फसल में सर्वाधिक नुकसान हुआ है। गड्ढों मे भरे बाढ़ के पानी से बदबू फैल रही है। मच्छर जनित रोग फैलने का डर बढ़ गया है। एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति द्वारा अमैयापुर पुलिया पर बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए गए। अलादपुर का अस्तित्व समाप्त कर रामगंगा नदी अब भटौली गांव की तरफ बढ़ने लगी है। ग्रामीणों ने गांवों में फागिंग कराने की मांग की है। एसडीएम अतुल सिंह ने बताया फसल सर्वे के लिए लेखपालों को निर्देशित कर दिया गया है। स्वास्थ्य टीमें गांवों में जाकर दवा वितरित कर रही हैं।

डीएम डॉक्टर वीके सिंह ने एसपी आलोक प्रियदर्शी, सीडीओ, एडीएम के साथ बाढ़ प्रभावित गांव अहलादपुर भटौली का निरीक्षण किया। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने बताया कि गांव के अधिकांश घर नदी की धार में कट गए है। केवल 8 परिवार नदी के किनारे रह रहे है। जिनके घर गत वर्ष बाढ़ में कट गए थे। जिन्हें भूमि आवंटित कर दी गई है। डीएम ने ग्रामीणों से जानकारी ली। सरिता ने बताया कि तीन दिन पहले भूमि की पैमाइश हुई है। डीएम ने एडीओ अजीत पाठक को मौके पर रुककर बेघर ग्रामीणों की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने बरेली हाईवे का निरीक्षण किया और कावंड़ यात्रा शुरू होने से पहले फुटपाथ के गड्ढे भरने के निर्देश दिए।


बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई सड़क। अमृत विचार


बाढ़ पीड़ितों से बात चीत करते जिलाधिकारी वीके सिंह। अमृत विचार

### पौधरोपण को महोत्सव के रूप में मनाने के निर्देश

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पौधरोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे 20 जुलाई 2024 को होने वाले वृहद पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग समय से गड्ढों की खोदाई व पौधों का उठान सुनिश्चित करें। किसी भी विभाग को कोई भी समस्या हो तो डीएफओ से संपर्क करें। सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने विभाग को मिले लक्ष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। पौधरोपण सभी का नैतिक व सामाजिक दायित्व है इसका पालन करें और पौधरोपण को उत्सव के रूप में मनाया जाये तथा सभी पौधों की जिओ टैगिंग कराई जाये। डीएफओ द्वारा बताया गया कि हरितिमा अमृत वन ऐप को मोबाइल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर उस पर पौधरोपण की रिपोर्टिंग करें। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर, जिला विकास अधिकारी,क्षेत्राधिकारी अमृतपुर व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### गंगा स्नान को लेकर पांचाल घाट का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने सावन माह में होने वाली कांवड़ यात्रा व गंगा स्नान के मद्देनजर संयुक्त रूप से पांचाल घाट व पांचाल घाट से रामगंगा पुल तक कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी अपनी देखरेख में पांचाल घाट पर स्नान वाले क्षेत्र में दोनों तरफ बैरिकेडिंग करायें, गहरे पानी वाले स्थानों पर पानी गहरा है स्नान प्रतिबंधित है के चेतावनी बोर्ड लगाये जायें। घाट पर प्रकाश व सफाई की व्यवस्था ग्राम पंचायत से की जाएगी। चौराहे से घाट तक प्रकाश व सफाई की व्यवस्था नगर पालिका से की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### एक सप्ताह पूर्व घर से निकले ऑटो चालक का मिला शव

**फर्रुखाबाद।** एक सप्ताह पूर्व घर से निकले ऑटो चालक का शव कम्पिल बदायूं मार्ग पर अटैना पुल के निकट पानी में उतराता मिला। पुलिस ने शव की जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान की। शव मोर्चरी में भिजवा दिया और परिजनों को मामले की सूचना दे दी है। जनपद कासगंज थाना सिकंदरपुर वैश्य निवासी 40 वर्षीय पवन कुमार ऑटो चालक था। बीते एक सप्ताह पूर्व पवन आवश्यक कार्य से घर से निकला था। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास क्षेत्र में खोजबीन की। लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार को कम्पिल-अटैना घाट के निकट गांव इकलहरा के पास ग्रामीणों ने पानी में युवक शव उतराता देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने शव की शिनाख्त उसकी जेब से निकले आधार कार्ड से की है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। मृतक पवन की पत्नी तारा देवी व अन्य परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मझोला निवासी एक युवक ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। उसमें बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री गांव की सहेली के साथ शकुंतला देवी महाविद्यालय में पढ़ाई करती है। रोज की तरह सुबह 8:00 बजे टीपी चौराहा पर छात्राएं ई-रिक्शा का इंतजार कर रही थी। तभी मेरी पुत्री की सहेली के पहचान वाले चार लड़के दो बाइक से आए और स्कूल छोड़ने के बहाने अपने साथ बाइक पर बैठा लिया। कुछ देर इधर-उधर घूमते रहे और इसके उपरांत विद्यालय न छोड़कर ओंकार सिंह यादव के मकान में छोड़कर चले गए। जिसका मेरी पुत्री ने विरोध किया। कुछ समय पश्चात वहां पर सत्येंद्र यादव पुत्र ओंकार सिंह आ गए और जबरन मेरी पुत्री और उनकी सहेली को कमरे के अंदर ले गया और पुत्री व उसकी सहेली के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। मेरी पुत्री ने अपने आप को उनके चंगुल से छुड़वाया इतने में गांव के सत्यम पुत्र सतीश चंद्र ने मेरी पुत्री को रोते हुए देखा और मुझे फोन से जानकारी दी। तत्काल घटनास्थल पर पहुंच अपनी पुत्री व उसकी सहेली को उक्त सतेंद्र यादव के चंगुल से छुड़वाया सत्येंद्र यादव काफी दबंग व्यक्ति है। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले पर कोतवाली प्रभारी राम अवतार सिंह ने बताया छेड़छाड़ की तहरीर मिली थी। युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दोषियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेग।

### ओपीडी गेट पर मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित जिला अस्पताल लोहिया के ओपीडी गेट पर सुबह एक अज्ञात वृद्ध का शव मिला। स्टाफ ने मामले की सूचना अस्पताल प्रशासन को दी। वृद्ध के शव को इमरजेंसी लाया गया। ईएमओ डॉ ने चिकित्सीय परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया और शव को मोर्चरी में रखवा दिया। थाना कादरी गेट क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल लोहिया पुरुष के ओपीडी गेट के सामने मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे एक अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा मिला। उसे स्ट्रेचर पर लेकर इमरजेंसी ले जाया गया। जहां ईएमओ डॉ कृष्ण कुमार ने शव का चिकित्सीय परीक्षण कर मोर्चरी में रखवा दिया।

### धान की रोपाई करने निकले किसान का मिला शव

**फर्रुखाबाद।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में धान की रोपाई करने गए किसान का शव खेत मे पड़ा पाया गया। थाना क्षेत्र के गांव हज्जू नगला निवासी 50 वर्षीय समरपाल राजपूत मंगलवार तड़के तीन बजे घर से अपने खेत पर धान की रोपाई करने जा रहे थे। उसके बाद पीछे से उनके भाई हीरालाल आदि लोग खेत पर जाने को निकले। रास्ते में उन्होंने समरपाल का शव पड़ा देखा। उनके शरीर पर मारपीट की चोट नहीं मिली। थानाध्यक्ष अमित गंगवार ने पहुंचकर गहनता से जांच की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम में ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### छत से गिरकर युवक घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव मंसूर नगर निवासी ऋषि गांव में ही दावत खाने गया। किसी काम से वह छत पर गया और अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौडे और सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज किया गया।

### दिव्यांग के साथ परिवारीजनों ने की मारपीट

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** दिव्यांग के साथ परिवारीजनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। नगर से सटे गांव कुबेरपुर निवासी दिव्यांग जाकिर अली को पुलिस घायलावस्था में इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी लेकर आई। जहां इलाज के दौरान उसने बताया कि घर से कुछ दूरी पर बाग की रखवाली कर रहा था। तभी उसके चाचा, चाची व उसके दोनों बेटे जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया। तो सभी ने मिलकर उसके साथ साथ मारपीट कर दी। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल करने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

### जिला पंचायत अध्यक्ष पर ठेकेदारों से मनमानी कराने का आरोप

**फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने मंगलवार को फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम को सीएम योगी और पीएम मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मेला में 5 करोड़ रुपये के सरकारी धन का गबन हुआ। जिसमें शिकायतकर्ता को फर्जी मुकदमा लगवा कर परेशान किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सजातीय ठेकेदारों से मनमानी करा रही हैं। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश पदाधिकारियों की मौजूदगी में बुधवार को डीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी ने बताया कि जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है। कोई काम बिना रुपये लिए नहीं हो रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम दिए ज्ञापन में मांग की गई ग्रामीण स्तर पर विद्युत आपूर्ति किसानों को मात्र 8 घंटे मिल रही है, उसमें भी शट डाउन के चलते दिक्कत आती है इसका निदान कराया जाए। धारा 24 से सीमांकन मेड़बंदी किसानों के लिए परेशानी का सबब है। जिला पंचायत अध्यक्ष के कराया गए कार्यों की जांच की मांग की गई। इस प्रकार से 11 सूत्रीय मांग मात्र सौंपा गया। मांगे पूरी नहीं होने पर दस दिन बाद आंदोलन करने की चेतावनी गई है। पीएम मोदी को दिए ज्ञापन में नेशनल हाईवे 730 सी के नाला निर्माण भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जांच की मांग की गई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सोमवंशी, प्रदेश महासचिव र 21 संजय सोमवंशी, छविनाथ सिंह, प्रधान जिला सहसंयोजक जगपाल, योजन सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### वृद्धा बाइक से गिरी, भर्ती

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव लुघईया निवासी वृद्धा सिया देवी अपने बेटे के साथ बाइक पर जा रही थी। अचानक गिर गई। बेटा सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां उसका इलाज जारी है।

### ऊंचाई से गिरकर वृद्धा घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव गंगईया निवासी वृद्धा गुमता ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गई। परिजन सीएचसी लेकर दौडे। जहां उसका इलाज किया गया।

### बोलेरो पलटने से 6 जख्मी

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद गेस्ट हाउस से विवाह समारोह से वापस आ रही बोलोरो इटावा-बरेली हाईवे पर कारगिल पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बोलोरो में बैठे आदेश कुमार, विक्रम सिंह, अमित कुमार, सुनील, हिमांशु निवासी इंदरपुर थाना मोहम्मदाबाद घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को निकाला तथा सूचना पर पहुंचे। परिजनों की मदद से प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।112 पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### महिला परामर्श केंद्र पर आए भाई-बहन को पीटा

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद के मोहल्ला मूलचंद निवासी मुनीष गुप्ता ने बेटी तान्या गुप्ता की शादी 2 मार्च 2024 को जनपद मैनपुरी थाना किशनी क्षेत्र के मोहल्ला हवेली निवासी रमेश गुप्ता के पुत्र पियूष गुप्ता के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर तान्या को प्रताड़ित करने लगे। 3 जून 2024 को ससुरालीजन ने तान्या को घर से निकाल दिया। मामला फतेहगढ़ महिला परामर्श केंद्र पर विचाराधीन है। पुलिस ने मंगलवार को महिला परामर्श केंद्र पर दोनों पक्षों को बुलाया। फतेहगढ़ पुलिस लाइनगेट पर ने पीयूष गुप्ता ने तान्या गुप्ता व उसके भाई यश की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल भाई बहन का जिला अस्पताल लोहिया में मेडिकल परीक्षण कराया है।

# स्कूल में वाहन चेकिंग करने पहुंचे एआरटीओ को बनाया बंधक

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- मौके पर पहुंचे एसडीएम दोनों पक्षों को थाने लेकर आये
- देर रात तक दोनों पक्षों में होता रहा समझौते का प्रयास

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में एक विद्यालय में वाहन चेकिंग के लिए पहुंचे एआरटीओ सुभाष चंद्र को प्रबंध तंत्र ने बंधक बना लिया। एआरटीओ ने इस मामले की सूचना एसपी को दी। एसपी के निर्देश पर विद्यालय पहुंचे एसडीम दोनों पक्षों को थाने ले आए हैं।

एसडीम कायमगंज रविंद्र सिंह ने बताया कि किरण पब्लिक स्कूल में एआरटीओ सुभाष चंद्र राजपूत विद्यालय के वाहनों की जांच करने गए थे। विद्यालय की ओर से छात्रों को लाने ले जाने के लिए पांच वाहन संचालित किये जा रहे हैं। एआरटीओ ने जैसे ही विद्यालय के अंदर प्रवेश किया विद्यालय में मौजूद मृदुल गंगवार ने विद्यालय का फाटक बंद कर दिया और एआरटीओ के साथ अभद्रता करने लगे।

एसडीएम ने बताया कि इसकी सूचना उन्हें दी गई तो वह दलबल के साथ यहां पहुंचे और दोनों पक्षों को थाने ले आए हैं। मृदुल गंगवार ने बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता है और विद्यालय की प्रबंधक का पति है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। हालांकि मामले की जानकारी पर भाजपा नेता कोतवाली पहुंच गए हैं। नगर पालिका कायमगंज के अध्यक्ष शरद गंगवार के चाचा का स्कूल है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष थाने में बैठे हुए हैं। मामले में समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा है।


स्कूल में मौजूद पुलिस व अन्य लोग। अमृत विचार


एक्सईएन का पुतला फूंकते हिजामं नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

## धड़ाम हुई बिजली व्यवस्था, ग्रामीणों ने फूंका एक्सईएन का पुतला

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** हिजमां नेताओं ने कायमगंज में चरमराई बिजली व्यवस्था पर एक्सईएन का पुतला फूंका। बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आपूर्ति सुधारने की मांग की।

हिन्दू जागरण मंच के दर्जनों पदाधिकारी गुंड़ मंडी तिराहे पर एकत्र हुए और नगर में चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर विरोध दर्ज किया और कहा कि यहां का बिजली विभाग सरकार के कार्यो को नुकसान पहुंचा जा रहा है। यहां बीस घंटे आपूर्ति मिलनी चाहिए लेकिन 10 से 12 घंटे ही आपूर्ति दी जा रही है। भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। इसके बाद हिजामं नेताओं ने एक्सईएन का पुतला फूंक दिया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हिजामं नेता प्रदीप सक्सेना, अनूप चौवे, शनि शर्मा, अंकित गुप्ता, जय सक्सेना, शिवमंगल कौशल, रिंकू कौशल, अजय गुप्ता, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# तहरी खाने से तीन बच्चे गंभीर

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र में घर में बनी तहरी खाने से तीन बच्चों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने पास के कस्बे में एक झोलाछाप के यहां भर्ती कराया। कई दिन तक उपचार के बावजूद बच्चों की हालत में सुधार नहीं आया, जिसके बाद ग्राम प्रधान के कहने पर पिता ने बीमार बच्चों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया है, जहां पर उनका इलाज जारी है।

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम आतर निवासी रामवीर राजपूत किसान है। बीते गुरुवार को उनकी बेटी विद्या ने शाम को तहरी बनाई थी,जिसको उसकी बहन लक्ष्मी और छोटे भाई इंद्रेश ने भी खाई थी। रात में तीनों की हालत बिगड़ गई। उल्टी और दस्त चालू हो गये थे। अगले दिन भी हालत खराब रहने पर पिता रामवीर ने तीनों बच्चों को सलेमपुर कस्बा में एक झोलाछाप के यहां भर्ती करा दिया। उसी झोलाछाप के यहां मंगलवार तक उपचार चलता रहा। लेकिन बच्चों की हालत में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद गांव के प्रधान ने बच्चों को लोहिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। तब परिजन बच्चों को लेकर जिला अस्पताल लोहिया में पहुंचे और भर्ती कराया। इमरजेंसी में जगह नहीं होने पर एक बेड पर दो बच्चों को लिटाकर उपचार दिया गया। वहीं दूसरे बेड पर लक्ष्मी को लिटाया गया उस पर भी एक आने मरिज पहले से लेटा था।

ईएमओ डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि तीन बच्चों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द की शिकायत पर भर्ती कराया गया है, जिनका उपचार किया जा रहा है।


लोहिया अस्पताल में भर्ती बच्चे। अमृत विचार

- झोलाछाप से इलाज के बाद भी नहीं हुआ सुधार, लोहिया अस्पताल में कराये गए भर्ती

अभियान

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 अगस्त से, स्वास्थ्य कर्मी वर्ष में एक बार घर-घर जाकर खिलाते हैं फाइलेरिया की दवा

# फाइलेरिया चुनें या दवा खाकर करें बचाव : सीएमओ

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद सहित प्रदेश के 27 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 अगस्त से 28 अगस्त के बीच चलाया जायेगा। इस दौरान प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग के बारे में जागरूक करेंगे साथ ही अपने सामने दवा खिलाएंगे और किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। यह दवा फाइलेरिया रोग से सुरक्षित रखेगी। इसको खाना है फेंकना नहीं। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनीन्द्र कुमार का।

सीएमओ ने कहा कि जनपद में लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डीईसी और एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक मानकों का पालन करते हुए खिलाई जाएगी। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवाएं नहीं खिलाई जाएगी। अभियान की सफ़लता के लिए पीसीआई संस्था की तरफ़ से मगंलवार को प्राथमिक विद्यालयों में फाइलेरिया अभियान के दौरान खिलाई जाने वाली दवा के बारे में जागरूक किया गया। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय, समविलियन प्राथमिक विद्यालय लिंजीगंज और प्राथमिक विद्यालय अंगूरी बाग में बच्चों को फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया कि आप सभी को यह दवा खानी है साथ ही अपने माता पिता और पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी खिलानी है।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर सी माथुर ने बताया हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पांव हो जाना, महिलाओ के स्तन में सूजन आ जाना यह सब फ़ाईलेरिया रोग के लक्षण हैं, फ़ाईलेरिया रोग मच्छरों द्वारा फैलता है।

खासकर क्यूलैक्स मादा मच्छर के जरिए। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया रोग से ग्रसित व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है फिर यह मच्छर रात के समय किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काट लेता है तो फाइलेरिया रोग के परजीवी रक्त के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया रोग से ग्रसित कर देते हैं। ज्यादातर संक्रमण अज्ञात या मौन रहते हैं और लंबे समय बाद इनका पता चलता है। डॉ आर सी माथुर ने बताया कि फ़ाईलेरिया रोग प्रबंधन के लिए 2 से 5 वर्ष के बच्चों को डी.ई.सी. की 1 टेबलेट और एल्बेंडाजोल की 1 टेबलेट दी जाएगी एवं 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को डी.ई.सी. की 2 टेबलेट व एल्बेंडाजोल की 1 टेबलेट तथा 15 वर्ष से ऊपर सभी व्यक्तियो को डी.ई.सी. की 3 टेबलेट व एल्वेंडाजोल की 1 टेबलेट दी जायेगी। डीएमओ ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि जनपद की लक्षित शत प्रतिशत आबादी को अभियान के दौरान दवा का सेवन अवश्य कराया जाए।



बच्चों को फाइलेरिया की जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

- जिले में इस समय हैं 1013 फाइलेरिया रोगी

### फाइलेरिया के लक्षण

- सामान्यत: तो इसके कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते हैं।
- बुखार, बदन में खुजली तथा पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द और सूजन की समस्या दिखाई देती है।
- पैरों व हाथों में सूजन, हाथी पाँव और हाइड्रोसिल के रूप में भी यह समस्या सामने आती है।

### फाइलेरिया से बचाव

- मच्छरो से बचने के लिए मच्छर दानी का प्रयोग करें।
- घर के आस-पास कूडे को इकट्ठा न होने दें, कूडेदान का प्रयोग क रे
- आसपास पानी न जमा होने दे।
- गन्दे पानी में केरोसिन भी डाल दे।
- चोट या घाव वाले स्थान को हमेशा साफ़ रखे।
- पूरी बाजू का कपड़ा पहने।

इस दौरान प्रधानाचार्य सुशील मिश्र, दीप्ति त्रिवेदी, मंजरी शाक्य, पीसीआई से अनुपम मिश्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे


गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम रविंद्र सिंह। अमृत विचार

## गौशाला में गंदगी देख कर नाराज हुए एसडीएम

- 1138 गोवंश मौके पर मिले, पानी की नहीं मिली उचित व्यवस्था

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** सुल्तानपुर पलनापुर गौशाला में गंदगी देख एसडीएम नाराज हुए। उन्हे मौके पर 1138 गोवंश मिले। पानी की व्यवस्था सही नहीं मिली। नोडल अधिकारी के नियमित निरीक्षण न करने पर दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम रविंद्र सिंह ने कंपिल स्थित सुल्तानपुर पलनापुर में गौशाला का निरीक्षण किया। जहां उन्हें 1138 गोवंश मौके पर मिले। जहां मौजूद गौपालकों ने बताया कि इसमें से 560 गोवंश शाहपुर गंगपुर गौशाला से भेजे गए है। गौशाला में गंदगी व पीने के पानी की उचित व्यवस्था न देख एसडीएम नाराज हुए और ग्राम प्रधान रामवीर को सख्त निर्देश दिए। गौशाला के बाहर खुला भूसा रखा मिला। मौके पर 50 बोरी दाना पाया गया। गौपालकों की ओर से बताया कि आधा दर्जन गोवंश बीमार थे। पशुचिकित्सक डा. सुखदेव ने इलाज करने आए थे। एसडीएम ने बताया कि गौशाला के नोडल अधिकारी बीडीओ सुनील कुमार पांडेय है। जांच में पाया गया उनके द्वारा नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है।

## बाइक फिसलने से एक की मौत एक घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बदायू क्षेत्र में दावत खाने गए बाइक सवार युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका साथी घायल हो गया।

सोमवार की देर शाम जनपद एटा के थाना राजा की रामपुर के गांव विजयनगर निवासी राजवीर यादव का 22 वर्षीय पुत्र मोहित यादव अपने दोस्त चन्द्र देव के साथ जनपद बदायू के थाना उसहैत के गांव तितुरी में दावत खाने गया था। देर रात दोनों दावत खाकर वापस लौट रहे थे। तभी कंपिल अटैना के पास बाइक फिसल गई और पत्थर से जा टकराई, जिसमें दोनो गंभीर घायल हो गए। पुलिस दोनों को सीएचसी लेकर आई। जहां डाक्टर ने मोहित को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल चंद्रदेव को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं मृतक मोहित यादव की मौत के मामले में उसके चाचा रूपराम का कहना है यह मार्ग दुर्घटना नहीं है बल्कि हत्या है।


मोहित यादव।

# 853 बेटियों की शादी कराएगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले को शासन स्तर से आवंटित किया गया लक्ष्य



**अमृत विचार।** गरीबों को बेटियों की शादी से चिंतामुक्त करते हुए सरकार गरीबों की बेटियों की शादी कराएगी। यह कार्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इस योजना के में जिले में 853 शादियां कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए संबंधित लाभार्थियों की ओर से ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। पात्रता के आधार पर सामूहिक विवाह कराया जाएगा।

इसके तहत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 853 बेटियों के हाथ पीले कराने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी योजना में समाज कल्याण विभाग की ओर से बीते वर्ष 2023 में 999 बेटियों के हाथ पीले कराए गए थे। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी कराने के लिए शासन के निर्देश पर सीएम सामूहिक विवाह योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग करता है। योजना के तहत तय स्थलों पर सामूहिक विवाह के लिए मंडप सजाया जाता है। इसमें बरातियों और जनातियों का स्वागत और सत्कार सरकारी अमले के साथ जन प्रतिनिधियों की ओर से किया जाता है। एक जोड़े की शादी पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें से 35 हजार रुपये बेटी के बैंक खाते में भेजे जाते हैं। 10 हजार की कीमत की विवाह उपयोगी सामग्री दी जाती है और छह हजार रुपये मंडप सजाने और खानपान पर खर्च किए जाते हैं। 2024-25 में जिले की 853 बेटियों का विवाह कराए जाने का लक्ष्य समाज कल्याण निदेशक ने तय किया है। इस योजना में निराश्रित व जरूरतमंद के साथ वर व कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षिक रिकॉर्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र व मनरेगा जाबकार्ड में कन्या की आयु 18 व वर की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। वार्षिक आय सीमा दो लाख रुपये तक ही होनी चाहिए।

### लक्ष्य के अनुसार करेंगे कार्य : प्रिया शर्मा

इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रिया शर्मा ने बताया कि सामूहिक विवाह योजना से शादी कराने का लक्ष्य निदेशक की ओर से भेजा गया है। इसके अनुसार कार्ययोजना बनाकर विकास खंडों व नगरीय निकायों को लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। सामूहिक विवाह की तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं और लक्ष्य के अनुरुप कार्य किया जाएगा।

## बीईओ ताखा ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**इटावा।** विकास खंड ताखा के खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने कंपोजिट विद्यालय नगला पछाय, समथर, नगरिया यादवान, प्राथमिक विद्यालय हिरमानी, उच्च प्राथमिक विद्यालय अमथरी समेत दर्जनों विद्यालयों का निरीक्षण किया। सभी विद्यालयों में विधिवत कक्षाएं संचालित मिलीं। टाइम एंड मोशन का पूर्णतया पालन किया जा रहा। शिक्षकों द्वारा अपनी ऑफलाइन उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर कर पूर्व की तरह दी जा रही है। विधिवत कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। प्रार्थना सभा से लेकर सभी शैक्षिक गतिविधियां कराई जा रही हैं। बच्चों की उपस्थिति ऑफलाइन पंजिका पर दर्ज की जा रही और मध्याह्न भोजन का डिटेल भी पंजिका पर दर्ज किया जा रहा।

# कौशल विकास पर मेहंदी प्रतियोगिता

### युवा कौशल दिवस

कार्यालय संवाददाता, इटावा


मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रशिक्षणार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार से प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान इटावा ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मोहल्ला बांबे कॉलोनी सुंदरपुर मोड़ पर कौशल आधारित प्रश्नोत्तरी, मेहंदी प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया।

संस्थान के निदेशक हरिनारायण वाजपेई ने कहा कि बेरोजगारी एक वैश्विक चिंता का विषय है। ऐसे में उनमें कौशल विकास के प्रति जागरुकता पैदा करना जरूरी है। इसलिए प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई के दिन विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जाता है।

यह दिवस युवाओं को रोजगार अच्छे काम और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करके रणनीतिक महत्व पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ने भारत में युवाओं को कौशल विकसित करने का संकल्प लिया है। जिससे वह अपनी कुशल से क्षमता बढ़ाकर जीविका अर्जित कर सकें। राज्य प्रशिक्षक जयशिव मिश्रा ने कहा युवा कौशल दिवस महत्वपूर्ण है।

प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को कौशल पर समझाते हुए कहा कि इस दिन को मनाने का खास प्रयोजन युवा वर्ग में स्किल डेवलप करना है । वार्ड पार्षद, चंदन पोरवाल, इंदू, कमल किशोर, यश कश्यप, अमन चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों ने किया हंगामा

## हंगामा बढ़ता देख निकल गए चेयरमैन व ईओ, लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, इटावा


बैठक में मौजूद चेयरमैन ज्योति गुप्ता, ईओ विनय मणि एवं संटू गुप्ता। अमृत विचार


बैठक स्थगित होने के बाद नारेबाजी करते सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद इटावा में कामकाज को लेकर चल रही तनातनी मंगलवार को खुलकर सामने आ गई। पालिका बोर्ड की प्रस्तावित बैठक को शोक सभा के बाद अचानक स्थगित कर दिया गया। बोर्ड बैठक स्थगित होते ही गुस्साए सभासदों ने मेज पीट कर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कर्मचारियों का वेतन देने, शोषण बंद करने और पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष ने मनमानी से बैठक बुलाकर स्थगित करके बोर्ड का अपमान किया।

मंगलवार को पालिका बोर्ड की बैठक अध्यक्ष ज्योति गुप्ता व अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी के मौजूदगी में होनी थी। बैठक की पूरी तैयारी कर ली गई थी लेकिन पिछले लंबे समय से बगावती हुए सभासदों ने अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को बोर्ड बैठक में ही घेरने की योजना बनाई थी। इस बीच पालिका बोर्ड बैठक शुरू होने से पहले ही उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर को लेकर बात बिगड़ गई। दरअसल ईओ विनय कुमार मणि त्रिपाठी का कहना था कि पहले कोरम पूरा किया जाए इसके बाद बोर्ड बैठक की शुरुआत हो। जिस पर सभासदों ने एतराज जताया उन्होंने कहा कि पहले उन्हें आपत्ति नहीं होती थी लेकिन इस बार उनकी आपत्ति है कि बोर्ड बैठक की कार्रवाई शुरू की जाए और उसके बाद हस्ताक्षर कराया जाए। इस बीच हंगामा होता देख अचानक पालिकाध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी ने लेखाधिकारी अवधेश तिवारी के जरिए पालिकाध्यक्ष की माता जी व सभासद सुनील यादव भूरे के पिता जी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखने व बोर्ड बैठक स्थगित करने का प्रस्ताव पढ़ दिया। दो मिनट का मौन सुनकर सभी सभासद व अन्य लोग अपने स्थान पर खड़े हो गये। एक मिनट बाद ही अचानक अध्यक्ष व ईओ समेत मंच पर मौजूद लोगों के बाहर निकलने की सुगबुगाहट से नाराज सभासदों ने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने पालिका हाल में ही नारेबाजी शुरू कर दी इसके बाद बाहर निकाल कर भी उन्होंने जमकर नारेबाजी की उन्होंने अध्यक्ष व ईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए उनका कहना था कि पिछले कई महीने से संविदा कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिला जबकि ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए और मोटा कमीशन पाने के लिए ईओ और अध्यक्ष मिलकर काम कर रहे हैं इसके अलावा उन्होंने विकास कार्यों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए।

### उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने से बढ़ा विवाद

**इटावा।** नगर पालिका बोर्ड के गठन के साथ ही बीते 13 महीने से सभासदों व अध्यक्ष के बीच सब कुछ सही नहीं चल रहा, लेकिन इस बीच कुछ समय के लिए दोनों में आपसी सहमति बनी जिसके बाद तेजी से विकास कार्यों को मंजूरी मिली थी। लोकसभा चुनाव के बाद बालिका बोर्ड बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया था लेकिन जिस तरह बैठक स्थगित की गयी उससे यह बैठक पक्ष और विपक्ष की शक्ति को मापने का कारण बन गई। बोर्ड में मौजूद सभासदों का कोरम जांचने के नाम पर उपस्थिति रजिस्टर पर साइन कराया जा रहे थे उसी के चलते पूरा विवाद शुरू हो गया।

### पालिकाध्यक्ष के निर्देश पर स्थगित की गई बोर्ड बैठक

**इटावा।** पूरे मामले में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी का कहना है कि पालिकाध्यक्ष के निर्देश पर बोर्ड की बैठक शोक प्रस्ताव के बाद स्थगित की गई थी। बोर्ड बैठक की नई तारीख का जल्द ही ऐलान किया जाएगा। वहीं सभासदों का कहना है कि जन हित के कार्यों में वह सभी हमेशा एकजुट रह कर काम करते रहे हैं लेकिन इस तरह तानाशाही पूर्ण रवैया किसी भी तरीके से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका के इतिहास में पहली बार सम्मानित बोर्ड का अपमान किया गया है जो जनता का अपमान है लिहाजा अब बोर्ड बैठक को लेकर जल्द से जल्द रणनीति तय की जाएगी।

# पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के लिए चुनाव 6 अगस्त को

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 22 जुलाई को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होंगे नामांकन

**अमृत विचार।** जिले में क्षेत्र पंचायत के सदस्यों के रिक्त पदों के लिए चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने चुनावों को कराने के लिए अधिकारियों की तैनाती भी कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन कार्य 22 जुलाई से शुरू हो जाएगा और मतदान 6 अगस्त को कराया जाएगा।

नामांकन पत्र जमा करने का कार्य 22 जुलाई को सुबह 10:00 बजे से 4:00 बजे तक किया जाएगा। नामांकन पत्रों की जांच 23 जुलाई को सुबह 10:00 बजे से की जाएगी और नाम वापसी के इच्छुक उम्मीदवार 24 जुलाई को सुबह 10:00 बजे से 3:00 बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। उसी दिन 24 जुलाई को शाम 3:00 बजे के बाद चुनाव चिह्न आवंटन का कार्य किया जाएगा। 6 अगस्त को सुबह 7:00 बजे से 5:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा। 8 अगस्त को सुबह 8:00 बजे से मतगणना होगी।

इन चुनावों को करने के लिए अलग-अलग विकास खंडों में निर्वाचन अधिकारी तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी की तैनाती कर दी गई है। चकरनगर विकासखंड में सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी शिवकुमार शर्मा को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। जसवंत नगर ब्लॉक में सहायक अभियंता प्रखंड हरपाल सिंह तथा भरथना ब्लॉक में भूमि संरक्षण अधिकारी राष्ट्रीय जलागम प्रमोद कुमार को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

ताखा विकासखंड में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी को निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है जबकि सहायक अभियंता सिंचाई खंड धर्मपाल बढ़पुरा के निर्वाचन अधिकारी होंगे। सहायक अभियंता निर्माण खंड राजीव कुमार मिश्रा को बसरेहर तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी को महेवा का निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

# पुरानी पेंशन के लिए फिर भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सौंपा ज्ञापन
- सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जताया आक्रोश



पुरानी पेंशन के समर्थन में विकास भवन में एकजुट होते राज्य कर्मचारी एवं शिक्षक।

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारियों ने एक बार फिर पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठाते हुए अपनी आवाज बुलंद करने का अभियान शुरू कर दिया है। कर्मचारी संगठन की मांग है कि अधिकरियों और कर्मचारियों तथा शिक्षकों को पुरानी पेंशन ही दी जाए। इसे लेकर जिला मुख्यालय पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को सभी विभागों के कर्मचारी व शिक्षक विकास भवन परिसर में अपराह्न तीन बजे एकत्रित हुए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री को पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने के लिए संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

इस दौरान परिषद के संरक्षक दिलीप मिश्रा, प्रदीप सक्सेना, कार्यवाहक अध्यक्ष रिजवान अहमद, पूरन सिंह, संदीप सविता, राहुल श्रीवास्तव, ललित कुमार, मनोज त्रिपाठी, अजय कुमार, पंकज सक्सेना, अरविंद शर्मा, राजेश, सरोज, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव, आरफा खातून, विकास भवन से अशोक शर्मा, सुनील दत्त, सुमित कटियार, रमन श्रीवास्तव, विशेष पांडे, कृष्णा कश्यप, रामनरेश, चंद्रभूषण, नितिन अग्रवाल, राजेश यादव, शशि भूषण, चंद्रशेखर, बालकिशन शुक्ला, देवेन्द्र कुमार, सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

## सीबीए का वार्षिक चुनाव कार्यक्रम घोषित

**इटावा।** बार कौंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिला सिविल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया। चेयरमैन धर्मेंद्र कुमार बंसल एडवोकेट व सदस्य गोवर्धन वर्मा ने बताया की सदस्यता सूची प्रकाशन के लिए 18 जुलाई का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 20 जुलाई को आपत्ति सदस्यता सूची, 22 जुलाई को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 23 व 24 जुलाई को नामांकन प्रक्रिया के साथ 26 जुलाई को नाम वापसी होगी। 30 जुलाई को मतदान की प्रक्रिया सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक संचालित की जाएगी। उसी दिन शाम 3:30 बजे से मतगणना की कार्रवाई पूरी की जाएगी। उन्होंने कार्यकारिणी सदस्यों की सूची सीओपी नंबर व बकाया शेष धनराशि सहित उपलब्ध कराने की अपील की है।

# हीरो मोटो कोर्प में चयनित 74 ट्रेनीस खुशी से झूमे

कार्यालय संवाददाता, इटावा


हीरो मोटो कोर्प में चयनित ट्रेनीस के साथ प्रधानाचार्य राजकुमार यादव।

**अमृत विचार।** राजकीय आईटीआई इटावा में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 174 ट्रेनीस ने प्रतिभाग किया। जिसमे 74 ट्रेनीज को नौकरी मिली। प्लेसमेंट प्रकिया में सबसे पहले कंपनी के प्रतिनिधि, ललित का हरिशंकर ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कंपनी प्रतिनिधि ललित ने कंपनी के बारे में विस्तृत टेक्निकल एवं जनरल जानकारी साझा की।

जनपद में संचालित समस्त राजकीय आईटीआई एवं प्राइवेट आईटीआई के साथ-साथ अन्य प्रदेशों के महिला एवं पुरुष ट्रेनीस विभिन्न ट्रेड वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन वायरमेन, प्लम्बर, टर्नर, मशीनिस्ट, मशीनिस्ट ग्राइंडर, फैशन, कोपा, शीटमेंटल ड्राफ्टसमेंन सिविल, आर्किटेक्टरल, मैकेनिक ट्रेड के ट्रेनीस ने प्रतिभाग किया। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर विभिन्न कंपनियों मे काम करने वालों क़ो सम्मानित किया । प्लेसमेंट प्रभारी ले. प्रशांत कमल ने चयनित ट्रेनीज को मन लगाकर कार्य करने की सलाह दी। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. राजकुमार सिंह यादव ने ट्रेनीज को कंपनी के सभी नियमों का अनुपालन करने के लिए प्रेरित किया।

## सार-संक्षेप

### युवक ने छप्पर में फांसी लगाकर दी जान

**इकदिल, इटावा।** थाना क्षेत्र में गांव मनियांमऊ के रहने वाले सुरेश चंद्र के 33 वर्षीय बेटे नीरज राजपूत ने किसी बात से छुब्ध होकर घर के बाहर छप्पर में लगे लकड़ी के खंभे में प्लास्टिक की रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। सोमवार देर रात साढ़े तीन बजे बहन संगीता रात को लगुशंका के लिए जब घर से बाहर आई तो फंदे पर भाई को लटकते देख उसके के होश उड़ गए। चीखपुकार सुन घर के लोगों के साथ पड़ोसी भी आ गए।परिजनों ने रस्सी काटकर उसे नीचे उतरवाया और जिला अस्पताल ले गए। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के साले जितेंद ने बताया कि सोमवार देर रात करीब 12 बजे अपने ममेरी बहन की शादी समारोह में चौधरी गार्डन में निमंत्रण खाकर लौट कर घर आया था। परिवार के लोग रिश्तेदारों के साथ घर के अंदर सो गए। नीरज घर के बाहर सो रहा था। तभी उसने फांसी लगा कर जान दे दी।

### सरस्वती शिशु मंदिर में रोपे गए पौधे

**जसवंतनगर।** जन सेवा श्रमिक स्वाभिमान समिति के तत्वावधान में दादा शिवकुमार सरस्वती शिशु मंदिर में पौधारोपण किया गया। समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल माहौर, पूर्व उप चेयरमैन रघुवीर सिंह, सुभाष गुप्ता, पूर्व सभासद मुन्नेश यादव व प्रेम कुमार ने संयुक्त रूप से पहला पौधा रोपित किया। प्रधानाचार्य अमित यादव, धर्म प्रकाश भोले, राम शंकर, प्रताप सिंह, राधा देवी, माधुरी देवी व रिंकी ने सहयोग प्रदान किया।

### व्यापार मंडल ने किया पौधरोपण

**जसवंतनगर।** व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सुभाष गुप्ता की अगुवाई में नगर क्षेत्र में स्थित कई स्कूलों में फलदार पौधा रोपे गये। उन्होंने कहा कि पौधे रोपने के साथ इनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेना जरूरी है। सपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि अजेन्द्र गौर के ने कहा कि पेड़ो के बिना मानव जीवन की कल्पना मात्र भी व्यर्थ है। अजेन्द्र सिंह, विनोद जैन, रघुवीर सिंह, सर्वेश गुप्ता, राकेश, हनुमंत सिंह, विपिन, पवन, आकाश, मोनू, अमित, हेमू, देवेंद्र, आलोक आदि मौजूद रहे।

### मृत ई-रिक्शा चालक की हुई शिनाख्त

**इटावा।** पक्का तालाब और एसएसपी चौराहा के बीच सोमवार को दोपहर बाद एक व्यक्ति का शव सिविल लाइंस थाना पुलिस द्वारा बरामद किया गया था। उसकी शिनाख्त सरस्वती देवी निवासी नगरिया आशा, अछल्दा, औरैया ने अपने 50 वर्षीय जेठ महेश चंद्र कठेरिया पुत्र रामेश्वर दयाल के रूप में की।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**इटावा।** सैफई थाना क्षेत्र के ग्राम नगला चौधरी निवासी 21 वर्षीय प्रशांत पुत्र अतर सिंह की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवती की गई जान

**इटावा।** रामनगर फाटक के पास मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे रेलवे लाइन पार करते समय 21 वर्षीय प्रिया कुमारी पत्नी मारूत कुमार गौतम निवासी शास्त्रीनगर, आंबेडकर पार्क, फ्रेंड्स कालोनी की डाउन लाइन पर आ रही जोधपुर हावड़ा एक्सप्रेस की चपेट में आकर मृत्यु हो गई।

### बाल संरक्षण समिति की बैठक 18 को

**महेवा, इटावा।** ब्लॉक बाल सरंक्षण समिति महेवा की बैठक 18 जुलाई को 12 बजे से ब्लॉक सभागार में होगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी महेवा मनोरमा पांडेय ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख महेवा पवित्रा देवी करेंगी। खंड विकास अधिकारी सहित सभी सदस्यों को एजेंडा भेजा गया है ।

### ग्राम पंचायतों में चुनावी सरगर्मियां शुरू

**महेवा।** ग्राम पंचायतों में रिक्त ग्राम प्रधानों के एवं पंचायत सदस्य पदों के चुनाव की अधिसूचना जारी करने के बाद गांवो में चुनावी हलचल शुरू हो गई है। एडीओ पंचायत इंद्र पाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत असदपुर की वार्ड संख्या 8 , ग्राम पंचायत कीरतपुर में वार्ड संख्या 7, बहेड़ा में वार्ड संख्या 5, बिजौली में वार्ड संख्या 13, उझियानी में वार्ड संख्या 3 , टड़वा इस्माइलपुर में वार्ड संख्या 8 , धौरखा में वार्ड संख्या 10, निवाड़ीकला में वार्ड संख्या 2 , नगला कले में वार्ड संख्या 1 ग्राम पंचायत सदस्य पद रिक्त हैं। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य पद में निवाडीखुर्द व निवाड़ीकला वार्ड संख्या पांच रिक्त है तथा ब्लॉक की राहतपुर ग्राम पंचायत में प्रधान पद का चुनाव होना है।

बजट से आस | केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

# बजट में बीमा, पेंशन और नि :शुल्क शिक्षा का हो प्रावधान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- ऑनलाइन शॉपिंग पर 10 प्रतिशत कर लगाने की व्यवस्था करने को कहा


एसडीएम कौशल किशोर को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी बजट में व्यापारियों व उद्योगों की समस्याओं को शामिल करने के लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इटावा के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में व्यापारियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित एक 14 सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल किशोर को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि बढ़ती हुई महंगाई को ध्यान में रखकर नकद लेन-देन की सीमा बढ़ाकर एक लाख करने की मांग को आगामी बजट में शामिल करें। आयकर में छूट की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख की जाए। आयकर व जीएसटी देने वाले व्यापारियों के परिवार के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य की मुफ्त व्यवस्था की जाए।

ज्ञापन में जीएसटी में दरों की विभिन्नताएं समाप्त करने, जीएसटी कि दरें 0, 5, 12 तथा अधिकतम 18 प्रतिशत रखने तथा एक ट्रेड में सभी प्रकार के कारोबार पर एक ही दर रखी जाए। दैनिक इस्तेमाल की चीज जैसे अनाज, (गेहूं, चावल, दाल, आटा) कपड़ा आदि से जीएसटी समाप्त किया जाए। साथ ही 20 साल तक आयकर रिटर्न भरने वाले व्यापारियों को 40,000 प्रतिमाह पेंशन दी जाए। नये घरेलू व कुटीर उद्योगों को 10 साल तक जीएसटी व इनकम टैक्स से छूट दी जाए। आयकरदाता व्यापारी की किसी भी प्रकार से मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये का बीमा दिया जाए। आयुष्मान कार्ड की भर्ती व्यापारियों जो किसी भी विभाग से पंजीकृत हो 10 लाख रुपये का व्यापारी स्वास्थ्य बीमा दिया जाए।

इसके अलावा कुटीर व घरेलू उद्योगों व रिटेल व्यापार को बचाने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग पर 10 प्रतिशत कर लगाने की व्यवस्था करने तथा ई-कॉमर्स मार्केटिंग में जीएसटी चोरी रोकने के लिए रेगुलर मार्केट मॉनिटरिंग की व्यवस्था करने, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन जैसे पोर्टल द्वारा सीधे उपभोक्ता को सामान बेचा जाता है। बैंकों द्वारा 3 महीने किस्त व ब्याज जमा न करने पर ऋण खातों को एनपीए किया जाता है इसकी समय सीमा बढ़ाकर 6 माह की जाए। इनकम टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर की जाए।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा, महामंत्री रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, अशोक जाटव, लाइन पार अध्यक्ष योगेश पांडे, उद्योग मंच अध्यक्ष भारतेंद्र भारद्वाज, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, अजीत कुमार, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, वर्षा दुबे, अंजू यादव, सोनी यादव, शहर उपाध्यक्ष आशीष भदौरिया, जिला सचिव जैनुल आबदीन, शहर उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव विपिन दुबे आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षामित्रों के नियमितीकरण की उठाई मांग

**इटावा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की ओर से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर शिक्षामित्रों का स्थायीकरण, नियमितीकरण किए जाने की मांग की गई है। यह भी मांग की है कि उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि शिक्षामित्र पिछले 23 वर्षों से निष्ठा पूर्वक गरीबों के बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षा मित्रों को महज 10000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि शिक्षामित्रों को नई शिक्षा नीति में शामिल करते हुए नियमित किया जाए। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव, जिला महामंत्री बृतेंद्र सिंह चौहान व जिला कोषाध्यक्ष मुकेश बाबू ने पदाधिकारियों के साथ यह ज्ञापन सौंपा।

# ऑनलाइन हाजिरी का विरोध नहीं, मांगें तो पूरी करें

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया ककोर में प्रदर्शन, बोले-डिजीटलाइजेशन में आ रहीं समस्याएं दूर की जाएं

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में जिला मुख्यालय ककोर पर मंगलवार को शिक्षक संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय ककोर पर प्रदर्शन किया। शिक्षकों का हुजूम उमड़ पड़ा और जमकर नारेबाजी हुई। शिक्षक नेताओं का कहना है कि वह ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में नहीं हैं पर जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं तब तक ऑनलाइन हाजिरी नहीं देंगे।

जिला मुख्यालय पर प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव व महामंत्री अरविंद राजपूत ने बीईओ मुख्यालय दाताराम को ज्ञापन दिया। शिक्षक नेताओं ने बताया कि जब तक बेसिक विभाग के अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों की तरह शिक्षकों को अन्य अवकाश जैसे ईएल, हॉफ सीएल तथा द्वितीय शनिवार अवकाश नहीं मिलते, डिजिटलाइजेशन में आ रही कठिनाइयों को दूर नहीं किया जाता तब तक सभी शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति नही देंगे।


बीएसए कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

ऑनलाइन हाजिरी के अव्यवहारिक आदेश को निरस्त नहीं किया गया तो 23 सितम्बर को फिर धरना दिया जाएगा। अखिलेशचंद्र यादव, अरविन्द राजपूत, सुनील यादव, निर्मल पांडे, संजय सेंगर, हर नारायण राजपूत, ओम कुमार, अनिल यादव, उमेंद्र चौहान, वीरपाल यादव, अनिरुद्ध यादव, अरविंद दुबे, दीपक दुबे, पंकज कठेरिया, गिरीश यादव, बुद्ध पाल यादव, ओमनारायण पाल, संजीव सविता, पंकज तिवारी, उर्मिला गौतम, अनीता शर्मा, प्रीति यादव, शारदा, शबेनूर, अंजना राय, पूनम शुक्ला, चित्रमाला, आजाद अली, नफीस सिद्दीकी वंदना, विष्णुकांत मिश्रा, प्रमोद भास्कर संजय कुमार, प्रबल प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।


खंड शिक्षा अधिकारी को त्यागपत्र सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

### डिजिटल उपस्थिति का अध्यापकों ने किया विरोध

■ **ककोर, औरैया।** जिले भर में डिजिटल उपस्थिति को लेकर अध्यापकों ने अपनी नाराजगी जताई। मंगलवार दोपहर भाग्य नगर ब्लॉक बीआरसी पहुंचकर अपनी शिकायत की। जिसमें सामूहिक रूप से संकुल तथा नोडल शिक्षक ने अपना त्यागपत्र खंड शिक्षा अधिकारी को सौंप दिया। सभी ने सामूहिक रूप से सरकार द्वारा इस आदेश पालन न करने का विचार किया और अपनी नाराजगी जताते रहे। इस समय सभी प्राथमिक शिक्षक अपने शिक्षण कार्य के बाद एकत्रित हुए थे। अपनी समस्या का प्रार्थना पत्र खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम को सौप दिया। इस प्रार्थना पत्र के समय एक सैकड़ा से अधिक शिक्षक मौजूद रहे।

### 75 संकुल शिक्षकों ने दिया इस्तीफा

**औरैया।** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में विकासखंड अजीतमल के 75 संकुल शिक्षको ने अपने पदों से शिक्षक हित में इस्तीफा दे दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ दीपक दुबे ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी महोदय के आज बीआरसी पर न होने के कारण उनको नही दिए जा सका। उनको 18 जुलाई को दे दिया जायेगा। उन्होंने कहा हर माह सूचनाओं की ऑनलाइन डीसीएफ किसी भी शिक्षक संकुलने नही भरी है। सभी शिक्षक संकुल और नोडल शिक्षक एक साथ हैं। शिक्षकों के हितों पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। शैलेष गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि शिक्षको के हितों के लिए हम लोग कभी भी आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। बीआरसी पर रामजीवन, महेश शर्मा, विनोद शर्मा, वंदना पचोरी, मीना सेंगर, छत्रपाल सिंह, प्रणय दुबे, अवरार अहमद, नितिन, चेतन, वीरू पाण्डे, अखिलेश गुप्ता, शिखर दुबे, भारत भूषण, अंकुल मिश्रा समेत समस्त संकुल शिक्षक मौजूद रहे।


ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन सौंपते चेयरमैन मोहम्मद अनवर। अमृत विचार

# बिजली कटौती को लेकर ऊर्जा मंत्री से मिले चेयरमैन

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे में शेड्यूल से ज्यादा बिजली कटौती और लो वोल्टेज से लोग परेशान हैं। बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर कस्बे की विद्युत आपूर्ति दुरुस्त कराने की मांग की।

सोमवार को फफूंद नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अनवर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से मिले और उन्हे एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि कस्बे को बमुश्किल किश्तों में 13 से 14 घंटे बिजली मिल रही है। लो वोल्टेज होने से समस्या और बढ़ गई है। सही वोल्टेज न होने से पेयजल आपूर्ति के लिए नगर पंचायत के नलकूप पूरी क्षमता से नही चल पा रहे हैं।

नगर की जनता को जरूरत के मुताबिक पेयजल आपूर्ति नही हो पा रही है वहीं नगर के ऊंचाई वाले मोहल्लों के घरों में भी पानी पूरी रफ्तार से नही पहुंच पाता है। ऊर्जा मंत्री ने उन्हे जल्द आपूर्ति दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### चाचा ने दर्ज कराया भतीजे की मौत का मामला

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सुरजपुर निवासी अरविंद कुमार पुत्र स्व. बाबूराम ने थाने में दी तहरीर में बताया प्रार्थी कि उसके भतीजा नितिन कुमार को पड़ोस गांव के मोहन व 2 अज्ञात लोग बाइक से 08 जून को शाम 5 बजे घर से ले गए। इसके बाद शाम तक उसका कोई पता नहीं चला। तभी रात्रि 9 बजे गांव की माधुरी देवी पत्नी संजू कुमार ने बताया कि तुम्हारा भतीजा गांव के बाहर नहर पर मरा पड़ा है। वहां जाकर देखा तो नहर के किनारे कच्चे में भतीजा मृत अवस्था में पड़ा था। उसे अछल्दा सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि थाना अछल्दा में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। बाद में कानपुर आईजी को दिए प्रार्थना पत्र के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### देवकली मेला में समय से व्यवस्थाएं कराएं पूर्ण

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित बैठक में जनपद में संपन्न होने वाले विभिन्न मेला आदि के संबंध में की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी करते हुए निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र एवं मंदिर परिसर में विभिन्न गतिविधियों पर चौकसी बरतने के लिए स्थापित सीसीटीवी कैमरों को सही कराने, मंदिर सजावट आदि के लिए लाइटिंग व मंदिर क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए हैलोजन लाइट लगाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**फफूंद।** थाना थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने सोमवार की शाम को मुरादगंज रोड पर स्थित बगिया में जुआ खेल रहे चार लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गये लोगों ने अपने नाम शिवा कांत पुत्र सतीश चंद्र निवासी गांव भरसेन थाना कोतवाली औरैया, मुकेश कुमार पुत्र विश्वनाथ निवासी गांव ताजपुर थाना सहायल, मोहम्मद शईद पुत्र कमर निवासी गांव भैसोल थाना फफूंद, अनवारुल पुत्र इम्तियास निवासी शास्त्री नगर थाना लखीमपुर जनपद लखीमपुर बताए। उनके पास से 14500 रुपये बरामद हुए। जबकि दो लोग सत्य देव पुत्र आज्ञात, पप्पू पुत्र आज्ञात निवासीगण गांव सल्हूपुर थाना फफूंद भागने में सफल रहे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जमानती मुचलके पर छोड़ दिया है।

# समस्याओं का संज्ञान लें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को सुनने के उपरांत संबंधितों को निर्देशित किया कि जनहितार्थ के कार्यों को सभी विभागीय अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराएं।

सांसद ने कहा कि यदि कोई कार्य एक से अधिक विभाग के माध्यम से किया जाना है तो उसमें आपसी समन्वय बनाकर टीम भावना से कार्य करते हुए पूर्ण कराएं। जनहित के कार्य न होने पर सरकार द्वारा संचालित योजनाएं सरकार की मंशानुरूप धरातल पर नहीं दिखती है। इसके कारण योजना का उद्देश्य पूर्ण नहीं होने के साथ-साथ आमजन में नाराजगी बढ़ती है।


विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करतीं सांसद गीता शाक्य। अमृत विचार

● **सांसद गीता शाक्य ने की विकास कार्यों की समीक्षा**

बैठक में विधायक दिबियापुर प्रदीप यादव ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बनने के समय भारी वाहनों से क्षतिग्रस्त हुए संपर्क मार्गों को सही कराने, विद्युत विभाग द्वारा गरीबों के कनेक्शन काटने जैसी समस्याओं से अवगत कराया। नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा द्वारा जल भराव की समस्या से अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी डॉ. इन्द्र मणि त्रिपाठी ने आश्वस्त किया कि बैठक में आई समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, एसपी चारू निगम, मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा सहित जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# आरटीई में एडमिशन को मांग रहे सुविधा शुल्क

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● **सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे अधिकारी**

**अमृत विचार।** एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश सरकार गरीब परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए नई-नई योजनाएं ला रही है, वहीं दूसरी तरफ शिक्षा विभाग के बाबू उन योजनाओं पर पलीता लगाने में लगे हुए हैं और जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। आरटीई योजना के तहत गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण मिलता है,जिसके तहत बच्चा स्कूल में निशुल्क अपनी पढ़ाई कर सकता है। जिसका व्यय राज्य सरकार वहन करती है। जिसकी पूरी प्रक्रिया बीएसए कार्यालय के माध्यम से होती है।

इसी का फायदा उठाकर कार्यालय के एक बाबू ने प्रवेश के नाम पर एक हजार से पांच हजार रूपए तक रिश्वत ले रहे हैं। एक युवक द्वारा बीएसए कार्यालय के बाबू पर एक हजार रुपए रिश्वत मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, हालांकि अमृत विचार अखबार ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता हैं। अब देखना यह होगा कि जिलाधिकारी सरकारी कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचारों पर रोक लगाने में किस हद तक कामयाब होते हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार में बताया कि मामले की जांच करवाई जाएगी। अगर बाबू दोषी पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# खेत में झूलते तारों से हादसे का बढ़ा खतरा

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** बहारपूरा रोड स्थित विकास खंड के गांव काशीपुर में खेतों से निकली एचटी विद्युत लाइन के तार सिर पर झूल रहे हैं। कई स्थान पर तो तार बहुत नजदीक हैं। किसान करंट के खतरे के बीच फसल उगाते हैं। किसानों ने तारों को कसवानें की मांग की है।

किसान ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि एचटी लाइन के तार खेत पर झूल रहे हैं। इससे कई बार किसानों को झटके लग चुके हैं। किसान खतरे के बीच खेत में काम करने को मजबूर है। आरोप लगाया कि विद्युत अफसरों से तार कसवाने की गुहार लगाई गई। लेकिन उनकी ओर से कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया। ऐसे में किसी भी दिन बड़ा हादसा होने की आशंका बनी है। वही भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता और सदर विधायक गुड़िया कठेरिया झूलते तारो की शिकायत की गई एक माह बीत गया लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। जिलाधिकारी से भी समस्या के समाधान की गुहार लगाई गई है।


खेत में झूलते विद्युत तार। अमृत विचार

● **किसानों ने उच्चाधिकारियों से हाईटेंशन लाइन के तार कसवाने की उठाई मांग**



अधीनस्थों को निर्देश देते जिलाधिकारी एवं एसपी। अमृत विचार

# मोहर्रम पर नई परंपरा न डाली जाए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● **जिलाधिकारी व एसपी की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक**

**अमृत विचार।** मोहर्रम पर्व को देखते हुए मानस सभागार कक्ष में जिलाधिकारी व एसपी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। ताजियादारों, सर्वसमुदाय के धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों एवं डिजिटल वालंटियर से सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्वक त्योहार मनाने हेतु सहभागिता की अपील की गई।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व एसपी चारु निगम ने निर्देश दिए कि मोहर्रम जुलूस के मार्गों व प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा के इस्तेमाल से सामान्य निगरानी अपराध नियंत्रण तथा घटनाओं के अनावरण में पुलिस को मदद मिल मिलेगी। साथ ही इससे आमजन मानस में विशेषकर मस्जिदों में आने वाली महिलाओं में सुरक्षा की भावना जागृत हो। ताजियादारों से किसी भी नए ताजिया मार्ग के निर्माण न करने व किसी नई परंपरा से बचने की अपील की गई। साथ ही ताजिया मार्ग में बिजली के तारों की व्यवस्था देखने व मार्ग की साफ-सफाई के संबंध में संबंधित को निर्देशित किया गया।

जनपद के प्रमुख जुलूसों व स्थानों पर फायर टेंडर व्यवस्थापित कर सुरक्षा-व्यवस्था को सुनिश्चित की जाए। सरकार द्वारा जारी किये गये गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी लोग आपस में मिलजुल कर आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ अपना अपना त्योहार मनाएं। अपर जिलाधिकारी एमपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार वर्मा व जनपद के सभी उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी सहित जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


क्रॉसिंग पर खड़ी मालगाड़ी। अमृत विचार

### पांच मिनट तक क्रॉसिंग के बीच खड़ी रही मालगाड़ी

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली- हावड़ा रूट मार्ग पर मंगलवार की कानपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी सिग्नल न मिलने से अचानक 13-बी फाटक पर खड़ी हो गई जिससे पैदल निकलने वाले राहगीरों को फाटक पर खड़ा होना पड़ा। करीब पांच मिनट बाद पर सिग्नल लोअर होने के बाद ट्रेन रवाना हुई। इसके बाद राहगीरों और बाइक सवारों ने राहत की सांस ली।

### सचिव की तैनाती न होने से दिक्कत

**ककोर।** जिला मुख्यालय पर एक दर्जन किसानों ने पहुंचकर जिलाधिकारी से बी पैक्स पर सचिव की तैनाती न होने की शिकायत की। किसानों ने बताया सचिव के तैनात न होने से खाद वितरण नहीं हो पा रही है। किसानों को क्रेडिट कार्ड से लोन नहीं मिल पा रहा है। जबकि किसानों की बुवाई समय से नहीं हो पा रही है। वहीं समिति के सचिव हेमंत कुमार को नई तैनाती ककोर में मिली है। लेकिन समस्या से छुटकारा नहीं मिल रहा है। रामबाबू, किशोर सिंह, सुधीर सिंह, मानवेंद्र सिंह, शिव कुमार, देववती, सावित्री देवी,पद्मा देवी आदि मौजूद थे।

### असलहा बरामद, युवक गिरफ्तार

**औरैया।** उपनिरीक्षक शिवनाथ सिंह, सिपाही सुभाष बाबू, रवि कुमार गीता, अजीत कुमार की डयूटी मंगलवार को न्यायालय के गेट न. 2 पर चेकिंग के लिए लगी हुई थी। तभी एक व्यक्ति अवनीत पुत्र कैलाश बाबू निवासी सांफर, थाना अजीतमल, जनपद औरैया काले रंग का बैग लिए न्यायालय परिसर के अंदर जाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस कर्मियों ने चेकिंग की तो चेकिंग मशीन में असलहा होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली औरैया में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।


पुलिस हिरासत में युवक। अमृत विचार


पौधरोपण करते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

### प्राथमिक विद्यालय में किया पौधरोपण

**औरैया।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को पक्का तालाब पार्क व मोहल्ला बघाकटरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण किया गया। उनकी देखभाल की जिम्मेदारी आसपास के लोगों को सौंपी गई। कार्यक्रम संयोजक मनीष पुरवार (हीरु) द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे नि:शुल्क उपलब्ध कराये गए। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट, पंकज मिश्रा, अंकित चतुर्वेदी, देवेंद्र आर्य, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, वेदांत शुक्ला, आदित्य प्रताप सिंह, ऐश्वर्य मिश्रा, मयंक कुमार, लक्ष्मी, संजीव चतुर्वेदी, रमेश चतुर्वेदी, हिमांशु दुबे, योगेश कुमार पाल, राहुल चतुर्वेदी आदि व्यापारी मौजूद रहे।


वाटर कूलर का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

### फफूंद रेलवे स्टेशन पर लगा वाटर कूलर

**औरैया।** दिबियापुर नगर स्तिथ फफूंद रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को डॉ. कपिल गुप्ता की चौथी पुण्यतिथि पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका पूनम गुप्ता एवं उनके दोनों बेटियों के सौजन्य से प्लेटफार्म संख्या- 1/2 पर इटावा मंडल के सहायक अभियंता सिग्नल अरविंद यादव ने वाटर कूलर का पूजन व फीता काटकर लोकार्पण किया। सीएमआई इटावा नरेश मीना, स्टेशन अधीक्षक फफूंद अजय राय के अलावा पूनम गुप्ता व उनके दामाद सतीश, शिवानी व स्वाती, प्रशांत, राम कुमार अवस्थी, राजेंद्र उर्फ पप्पू पोरवाल, प्रमोद राजपूत, अजय गुप्ता, डा श्यम गुप्ता, डा अनुरुद्ध प्रताप सिंह व जायंट्स सहेली ग्रुप की अध्यक्ष सुधा अवस्थी अपनी पूरी टीम के साथ रही।

**मिली राहत** कांशीराम कॉलोनी में खाली पड़े आवास नगर पंचायत ने दुरस्त कराकर जरूरतमंदों को सौंपे

# सिंचाई विभाग की जमीन से बेदखल 8 परिवारों को मिले आवास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर नहर बाजार में निचली गंग नहर पर नए पुल के निर्माण के लिए सिंचाई विभाग की जमीन से विस्थापित किए गए आवासहीन 8 परिवारों को नगर पंचायत ने कांशीराम कॉलोनी में शिफ्ट कर दिया है। नगर पंचायत ने संबंधित आवासों को दुरुस्त करा कर विस्थापित परिवारों को चाबियां सौंप दीं। आवास मिलने से प्रभावित परिवारों के चेहरे पर सुकून के भाव साफ नजर आए हालांकि रोजी रोजगार का संकट अभी उनके सामने बना हुआ है।

बता दें कि पिछले दिनों नहर बाजार में सिंचाई विभाग की जमीन खाली कराने के लिए करीब आधा सैकड़ा मकान और दुकानों को सिंचाई विभाग ने भारी पुलिस बल व मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जेसीबी व पोकलेन की मदद से ढहा दिया था। 2 दिन तक चले इस अभियान में कई परिवार ऐसे थे जिनके पास अन्यत्र रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था।यह परिवार पूरी तरह सड़क पर आ गए थे। भाजपा प्रदेश कार्य समिति की बैठक से लौटने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्र ने सभासदों व नगर पंचायत कर्मियों के साथ प्रभावित परिवारों के सदस्यों से भेंट की उनकी समस्याएं जानी तथा नगर पंचायत और जिला प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद दिलाए जाने का भरोसा दिलाया।

इस दौरान 8 परिवार ऐसे मिले जिनके पास सर छिपाने के लिए कोई दूसरा ठिकाना नहीं था। यह परिवार सड़क किनारे गुजर-बसर कर रहे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी प्रभावित परिवारों को कांशीराम कॉलोनी के आवासों को दुरुस्त कराकर उनमें शिफ्ट कराने के निर्देश कर्मचारियों को दिए। इसके बाद रविवार देर शाम तक 8 परिवारों को आवास की ताला चाबी सौंपी गई। अध्यक्ष ने कहा कि वह विकास विभाग तथा समाज कल्याण व अन्य विभागों के अधिकारियों से संपर्क कर विस्थापित जरूरतमंदों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे। उनके साथ वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल गुप्ता, डॉ. श्याम गुप्ता, सौरभ राजपूत, सभासद कृष्ण कुमार, अभय प्रजापति, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


बेघर हुए परिवार को सांत्वना देते चेयरमैन राघव मिश्रा। अमृत विचार


बेदखल परिवारों को आवास की चाबी सौंपते कर्मचारी। अमृत विचार

# रामनगर ओवरब्रिज के एक साइड ही बनाई जाएगी सर्विस लेन

## व्यापारियों की मांग पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण, हटाए गए बिजली के खंभे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** रामनगर फाटक पर बन रहे ओवरब्रिज के नीचे रामनगर फाटक से विजयनगर चौराहा तक रास्ते को लेकर उठ रहे विवाद के चलते मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से सेतु निगम, नगर पालिका, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं राजस्व टीम के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। अभी हाल ही में शिफ्ट किए बिजली के पोल जो सर्विस रोड में बाधा बन रहे हैं उन्हें भी हटाया जाएगा ।



ओवरब्रिज के नीचे निरीक्षण करते सीडीओ अजय कुमार, एडीएम अभिनव रंजन।

रामनगर फाटक पर बन रहे ओवरब्रिज को लेकर वहां के स्थानीय मोहल्लों राम नगर,विजय नगर,शांति कालोनी के सैकड़ों निवासियों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई थी। साथ ही लाइन पार क्षेत्र के उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष डा महेश चन्द कुशवाह ने भी एक सप्ताह पहले ही जिलाधिकारी अवनीश राय व मंडलायुक्त कानपुर अमित कुमार गुप्ता को ज्ञापन दिया था । जिसमें उन्होंने बताया था कि रामनगर फाटक पर विजय नगर चौराहे से ईदगाह तक बन रहे ब्रिज के नीचे दोनों तरफ सर्विस रोड ना बनाकर सिर्फ एक ही साइड सर्विस रोड बना रहे हैं। जिससे इधर कई मोहल्लों के रह रहे लाखों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी । अगर एक ही साइड से दोनों तरफ के वाहनों का आना-जाना शुरू किया तो भविष्य में निश्चित दुखदाई होगा । जिससे सिर्फ हल्के और छोटे वाहन ही जा सकेंगे।

अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि रामनगर फाटक की तरफ जाने बाली सर्विस रोड की चौड़ाई 9.30मीटर रखी जाएगी । राम नगर फाटक से विजय नगर को जाने वाली सर्विस रोड 7.30 रखी गई । उन्होंने बताया कि गली नंबर दो से राम नगर फाटक की ओर जाने के लिए एकल सर्विस रोड ही प्रयोग में लाई जाएगी। ट्रांसफार्मरों व बिजली पोलो को पीछे की तरफ शिफ्ट किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामनगर फाटक से विजयनगर चौराहा तक ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड बनाई जाएञ जिससे रामनगर की तरफ जाने वाले वहां अपनी साइड होकर जाए और विजयनगर चौराहे की तरफ जाने वाले लोग अपनी साइड होकर निकलें। जिससे जाम की समस्या ना हो। उन्होंने यह भी कहा कि अगर दोनों तरफ सर्विस रोड नहीं बनाई जाती तो हम सभी स्थानीय लोग इसका जमकर विरोध करेंगे।

## ट्रक की टक्कर से टूटा हाईट गेज लगाया गया

**अछल्दा औरैया।** कस्बा के प्रमुख मार्ग हरी गंज बाजार स्थित फफूंद रोड पर हाईट गेज दोबारा लगाया गया । कस्बा के हरी गंज बाजार में सोमवार की दोपहर में हाईट गेज को एक डीसीएम द्वारा तोड़ दिया गया था 1 जिसे मंगलवार को पीडब्ल्यूडी के लोगों ने लगवा दिया है। विदित हो कि निचली गंग नहर का पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते भारी वाहनों की रोकथाम के लिए नहर पुल एवं फफूंद रोड स्थित हरी गंज बाजार में हाईट गेज लगाया गया था, जिसे सोमवार दोपहर डीसीएम ने टक्कर मारकर तोड़ दिया था। दोपहर में डीसीएम की टक्कर मारकर ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ लिया था। वहीं पीडब्ल्यूडी के जेई प्रमोद प्रकाश ने बताया कि टूटे हाईट गेज सही करा दिया गया है।

### राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया

**भरथना।** भरथना कस्बा के मोहल्ला स्टेशन रोड स्थित मुस्लिम बस्ती के युवाओं ने मोहर्रम माह पर्व पर चिलचिलाती भीषण गर्मी में मंगलवार को राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया। समाजसेवी राशिद अल्वी ने बताया कि मुस्लिम युवाओं की टीम ने जाहर रोड के इटावा बिधूना बस स्टैंड चौराहे पर एक स्टॉल लगाकर राहगीरों को मीठा ठंडा शर्बत पिलाया।

# ग्राम पंचायत के कामकाज में गड़बड़ियों पर रोका गया वेतन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत के कामकाज में गड़बड़ी मिलने पर कई कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है। सीडीओ ने सख्त निर्देश दिए हैं कि उनकी अनुमति के बिना इनका वेतन ना निकाला जाए। उन्होंने सभी कामकाज दुरस्त रखने के निर्देश दिए है। साफ सफाई की व्यवस्था सही नही मिलने और प ंचायत सहायक को जानकारी ना होने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई।



निरीक्षण करते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

सीडीओ ने विकास खण्ड जसवन्तनगर की ग्राम पंचायत महलई के मजरा हरकूपर में संचालित पंचायत घर, विद्यालय एवं संचारी अभियान के अन्तर्गत ग्रामों साफ-सफाई का निरीक्षण किया। पंचायत घर- मिनी सचिवालय के रूप में संचालित पंचायत घर में ग्राम पंचायत सचिव हेमन्त कुमार व पंचायत सहायक अंजली उपस्थित मिली। पंचायत सहायक से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, आयुषमान कार्ड धारकों से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या के बारे में जानकारी की गयी।

- सीडीओ ने किया मजरा हरकूपुरा का निरीक्षण

पंचायत सहायक के संतोषजनक उत्तर न दिये जाने के कारण मानदेय अग्रिम आदेशों तक रोका गया। सीडीओ ने विद्यालय-उच्च प्राथमिक विद्यालय महलई 1-8 कम्पोजिट का निरीक्षण किया गया। संचारी रोगों के रोकथाम के लिए अभियान चलाकर सफाईकर्मियों के माध्यम से रोस्टर लगाकर सफाई कार्य कराया जा रहा है। इसके बाबजूद विद्यालय परिसर के अन्दर घनी घास उगी हुई मिली तथा विद्यालय परिसर के वाहर जलभराव, कूड़े के ढेर, गोबर मिले। गांव की गलियों में भी पानी भरा है मौके पर जाकर देखा तो गंदगी एवं जलभराव को देख मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि प्रभारी सहायक विकास अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, ग्राम पंचायत सचिव हेमन्त कुमार व ग्राम प्रधान एवं रोस्टर में लगे सभी सफाईकर्मियों का वेतन उनकी बिना अनुमति के बिना आहरित न किया जाए।

# पॉइंट खराब होने से डेढ़ घंटा बंद रहा फाटक

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर लूप लाइन बनाने वाली मशीन में आई तकनीकी खराबी से ट्रेनों को आउटर पर रोक दी गई। रेलवे कर्मचारियों ने प्वाइंट को दुरस्त करने में लग गए और डेढ़ घंटे बाद खोला गया फाटक लगा जाम आरपीएफ ने जाम खुलवाया ।

दिल्ली- हावड़ा रेल मार्ग पर मंगलवार को शाम को 4:35 बजे अचानक से डाउन लाइन पर लूप लाइन बनाने वाली मशीन में तकनीकी खराबी आने से स्टेशन मास्टर के हाथ पांव फूल गए। डाउन लाइन की ट्रेन आउटर पर लगातार रोक दी गई। स्टेशन मास्टर ने आनन - फानन में ट्रैक खराब होने की सूचना रेलवे कर्मचारियों ने दी। रेलवे कर्मचारियों ने पॉइंट चेक किया वही रेलवे फाटक के पास पॉइंट खराब मिला,जिसको रेलवे कर्मचारी द्वारा दुरुस्त करने में लग गए।

वहीं इटावा से कानपुर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन पटना अहमदाबाद, आनन्द बिहार साप्ताहिक एक्सप्रेस, मालगाड़ी को आउटर पर रोकी गई। करीब पॉइंट खराब होने 13-बी फाटक न डेढ़ घण्टे तक नही खुल सका जिससे रेलवे फाटक पर जाम लग गया। आरपीएफ ने मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया।

# गुरु-शिष्य परंपरा के निर्वहन पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता ,इटावा

**अमृत विचार।** भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ द्वारा संस्कार भारती इटावा के संयोजन में नारायण कालेज आफ साइंस एंड आट्र्स इटावा में आयोजित नाट्य कार्यशाला के आठवें दिन प्रशिक्षु छात्र एवं छात्राओं को प्रेरित करने के लिए सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली नीलम राय वर्मा की उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य डा धर्मेंद्र शर्मा , संस्कार भारती की संगीत एवं नाट्य विधा संयोजक नमिता तिवारी एवं नारायण कॉलेज परिवार की पूनम शर्मा ने उनका अभिनंदन किया ।

नीलम राय वर्मा ने कहा कि प्राचीन गुरु शिष्य परंपरा और आश्रम पद्धति से लेकर वर्तमान के





प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने पहुंची नीलम राय वर्मा। अमृत विचार

अभिनव शैक्षिक प्रयासों के मध्य के समन्वय में आज भी चंद्रगुप्त सरीखे शिष्यों का निर्माण करना चाणक्य जैसे शिक्षकों की महत्वपूर्ण रूप से नैतिक जिम्मेदारी है। छात्रों को प्रेरित करते हुए तमाम उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को छोटी उम्र से ही प्रशिक्षित करने का सबसे बड़ा उदाहरण चील पक्षी का बताया जाता है । जो एक बड़ी ऊंचाई से अपने बच्चों को अपने संरक्षण में उड़ना सिखाती है ।

छात्र एवं छात्राओं ने अपने रिहर्सल से आगंतुकों का मन मोह लिया। 17 जुलाई को कार्यशाला के प्रस्तुतिपरक समापन की पूर्व तैयारी

- नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आट्र्स में नाट्य कार्यशाला

के क्रम में छात्र एवं छात्राओं को अभिनय की वेशभूषा में रिहर्सल के दौरान परेड का भी आयोजन किया गया । कार्यशाला निदेशक मोहम्मद आरिफ शहडोल सहनिर्देशक रविंद्र चौहान ने भी विचार व्यक्त किये ।प्रतिभागी शैफाली यादव, संदीप यादव सैंडी, अभिनव बिसारिया, इच्छा, प्रतीक चौहान, सृष्टि, निखिल, भास्कर, तमन्ना, विराट, आराध्या, शिवन्या, तृषा, लकी, व्योम, शाहनावज खान, तान्या, शीलेन्द्र, कुलदीप मिश्र, तनिष्क, सौरभ सक्सेना ,मयंक आदि के साथ नारायण कॉलेज परिवार के छात्रों एवं शिक्षकों की भी उपस्थिति एवं सहयोग रहा ।



जागरुकता अभियान चलाते नेचर गार्ड संस्था के कार्यकर्ता। अमृत विचार

## पॉलीथिन का प्रयोग न करने का आह्वान

**बकेवर, इटावा।** लखना कस्बा के नव युवक एवं बालिकाओं ने नेचर गार्ड नामक संस्था का गठन कर कस्बा के इर्द गिर्द भारी संख्या में पौधे लगाने का संकल्प लिया है। साथ ही घर-घर जाकर जा पॉलीथिन का प्रयोग न करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करेगा।

मंगलवार को आरएस पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नेचर गार्ड संस्था ने बच्चों को बताया कि पॉलीथिन का प्रयोग हमारे लिए घातक है। प्रधानाचार्य वंदना श्रीवास्तव, पूर्णिमा सिंह, कोमल दुबे, तनु दुबे, दिव्यांशी सोनी, प्रिया सोनी, शैली, निशा एवं नंदिनी राजावत, दीपांशी, पलक, अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# अब कोई मकान नहीं गिराया जाएगा : जितेंद्र



सिंचाई विभाग के जेई से वार्ता करते सासंद जितेंद्र दोहरे एवं विधायक प्रदीप यादव।

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर नहर बाजार में सोमवार को इटावा लोकसभा क्षेत्र के सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा कि अब किसी कब्जेदार को बेदखल नहीं किया जाएगा। नहर बाजार में अतिक्रमण हटाने से ज्यादातर गरीब परिवार प्रभावित हुए हैं। उनके आगे रहने के अलावा रोजी रोटी का भी संकट है। उन्होंने कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय विधायक प्रदीप यादव के साथ जिलाधिकारी समेत सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता से वार्ता की है जिसमें प्रशासन ने अब अतिक्रमण हटाओ अभियान को नहीं चलाने का आश्वासन दिया है।

क्षेत्रीय विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि वह प्रभावित हुए लोगों की तकलीकों से वाकिफ हैं। उनकी हरसंभव मदद के लिए प्रयास किए जाएंगे। सपा सांसद एवं विधायक ने सिंचाई विभाग के जेई को बुलाकर कहा कि अब किसी भी पीड़ित को बेदखल न करें। ब्लाक प्रमुखपति धीरेन्द्र दोहरे, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, पूर्व सभासद सुभाष यादव, पूर्व सभासद प्रमोद यादव, वैकुंठ यादव, तेहराज सिंह यादव, सभासद राजीव शर्मा, दीपू यादव एवं राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## विस्थापितों की मदद को तैयार है सपा

**औरैया।** सोमवार को नहर बाजार दिबियापुर में अतिक्रमण हटाने से विस्थापित हुए पीड़ितों से क्षेत्रीय सांसद जितेन्द्र दोहरे एवं विधायक प्रदीप यादव मिले तथा उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि यदि नगर में वाईपास का निर्माण होता तो तोड़फोड़ की जरूरत नहीं होती। उन्होंने भाजपा सरकार को जनविरोधी ठहराते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार से बौखलाकर दिबियापुर में दशकों पुराने मकानों को ढहाया गया है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हर पीड़ित की मदद को तैयार है पीड़ितों को मुआवजा दिलवाने के लिये सभी प्रयास किये जायेंगे। सांसद एवं विधायक ने मुख्य मार्ग के पश्चिमी हिस्से के सभी दूकानदारों से कहा कि वह निश्चिंत होकर अपनी दूकान खोलें किसी के साथ ज्यादती नहीं होने दी जायेगी। मकान गिरने से बेघर हुये आटा चक्की व्यवसाई चन्दशेखर यादव ने बताया कि उनके दोनों हाथ और

- सांसद और विधायक ने विस्थापितों की बातचीत

पैर नहीं हैं। परिवार के साथ बेघर हो गये हैं। विधायक प्रदीप यादव ने भरोसा दिलाया कि वह जल्द मदद दिलवाएंगे। इसके अलावा नहर पुल निवासी संजय पोरवाल लल्ला बाबू ने आवासीय कॉलानी दिलवाने की मांग की। इसके अलावा अजय दुवे , लालू पोरवाल, कन्हैया लाल सविता , ताराचन्द पोरवाल एवं सुशील पोरवाल आदि ने भी जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्यायें बतायी। इसके बाद सासंद एवं विधायक अतिक्रमण हटाने के नोटिस चस्पा होने पर हार्ट अटैक से मरी सियादुलारी के पनचक्की के निकट आवास पर गये जहाँ मृतका के पति श्रीकृष्ण पोरवाल को सांत्वना देते उनकी मदद का भरोसा दिलाया। ब्लाक प्रमुखपति धीरेन्द्र दोहरे , विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, पूर्व सभासद सुभाष यादव एवं राकेश भूषण चौबे, दीपू यादव एवं पिंटू पोरवाल आदि मौजूद रहे।

## छत से गिरकर दूल्हा के बाबा की मौत

**महेवा, इटावा।** शादी समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब दूल्हे के बाबा की रात में छत से गिरकर मौत हो गई। थाना बकेवर क्षेत्र में गांव उझियानी में रहने वाले बेंचे लाल सविता की बेटी पूजा की बारात सोमवार रात सैफई थाना क्षेत्र में गांव उमराई खरदूली से आई थी बारात का खाना व द्वाराचार होने के बाद घर के बाहर बनी जयमाला स्टेज पर जयमाला कार्यक्रम होने के बाद बराती व जनाती वर वधू को आशीर्वाद दे रहे थे । दूल्हा सुमित सविता के वयोवृद्ध बाबा 90 वर्षीय प्रेम बाबू सविता गर्मी की बजह से छत पर लेटे थे। वह लघुशंका के लिए उठे तो असंतुलित होकर नीचे आ गिरे। उनकी चीख पुकार सुनकर घराती व बराती दौड़कर गए, उनको महेवा सीएचसी ले गए जहां से सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यह दुःखद जानकारी मिलने पर गांव उझियानी तथा ऊमराई दोनों जगह शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मंगलवार तड़के सादगी से बेटी की विदा की गई।

# सभी सर्प जहरीले नहीं होते, डरें नहीं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन इटावा स्थित सभागार मे ऑर्गनाइजेशन फ़ॉर कंजर्वेशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचर (ओशन) द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान के तहत राज्य आपदा विषयक सर्प पहचान, सर्पदंश उपचार व सर्पों का महत्व विषय पर जागरुकता कार्यशाला आयोजित हुई।

मुख्य वक्ता वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ. आशीष त्रिपाठी ने सभी उपस्थित पुलिस कर्मियों को सर्पदंश, पहचान और उपचार की महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. आशीष ने बताया कि स्कूलों व घरों के आसपास चूहों और मेंढकों को सूंघकर ही सांप उनके पीछे अक्सर आ जाते है। अतः हमें अपने-अपने घर, स्कूलों एवं कार्यालयों में साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखना चाहिए। कभी सर्पदंश का शिकार

- रिजर्व पुलिस लाइन में सर्पदंश जागरुकता कार्यशाला

होने पर घबराना नहीं चाहिए क्यों कि सभी सर्प जहरीले भी नहीं होते हैं। कहा कि हमे हमेशा ध्यान रखना कि कोबरा या करैत के दंश का इलाज झाड़ फूंक नहीं होता बल्कि सिर्फ एंटीवेनम ही इलाज है। साथ ही बताया कि सभी सर्प किसान मित्र भी होते हैं जो चूहों को खाकर पर्यावरण संतुलन के साथ साथ हमारे खाद्यान्न भंडार को चूहों और हानिकारक कीटो से सुरक्षित बनाए रखने अपनी अहम भूमिका निभाते है।

अतः सर्पों और अन्य वन्यजीवों को कभी भी नहीं मारना चाहिए। उन्होंने बताया कि,सर्पदंश के बाद के सुरक्षित इलाज के लिए हल्का बंध लगाकर सीधे आधे या एक घंटे में जिला अस्पताल इटावा के इमरजेंसी वार्ड के कमरा नम्बर तीन में पहुंच जाएं ताकि समय से जान बचाई जा सकें।

## ट्रैक्टर व स्कॉर्पियो की भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल

**उरई (जालौन)।** डकोर विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम मड़ोरा कोच रोड पर महारानी गार्डन के सामने ट्रैक्टर व स्कॉर्पियो में जबरदस्त भिड़ंत हो गयी, जिसमें ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गये, जबकि स्कॉर्पियो भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी।





दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया । कोतवाली उरई क्षेत्र के कोंच रोड पर पड़ने वाले ग्राम मडोरा के पास ट्रैक्टर व स्कॉर्पियो में जबरदस्त भिड़ंत हो गयी जिसमें ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गये। पुत्र सरमन निवासी ग्राम मड़ोरा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को राहगीरों की मदद से उरई मेडिकल उपचार के लिए भिजवाया ।



बच्चों को ड्रेस वितरित करते प्रबंधक अरुण दुबे। अमृत विचार

## आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को बांटी ड्रेस

**जसवंतनगर, इटावा।** प्रियांशी संस्कार वैली स्कूल के प्रबंधक पंडित अरुण दुबे ने अपनी बेटी प्रियांशी की स्मृति में स्कूल में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को ड्रेस बांटी। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 16 जुलाई 2005 को उनकी बेटी का जन्म हुआ था। वह 10 महीने बाद उनको छोड़कर चली गई। उन्होंने कभी बेटी की पुण्यतिथि नहीं मनाई। सदैव उसके जन्मदिन पर ही उसको याद करते हुए विभिन्न सामाजिक कार्य करते है। आज पूरे जनपद में 501 पौधे लगाने का संकल्प लिया।

स्कूल की चेयरपर्सन रीना दुबे, प्रधानाचार्य स्नेहलता उमराव, कोपल सिकरवार, अवधेश भदौरिया, प्रीति सिंह,प्रीति गुप्ता, अशोक शर्मा, कीर्ति चौहान, राखी, संध्या सत्येंद्र सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## मौरंग का अवैध खनन और परिवहन जारी

**कालपी (जालौन)।** यमुना बेतवा नदियों में तीन महीने के लिये खदानों से बालू खनन बंद हो चुका है। एक जुलाई से तीन महीने के लिए नदियों से बालू व मौरंग खनन कार्य बंद करा दिया गया है। वहीं ठेकेदारों, पट्टाधारकों तथा कारोबारियों के द्वारा अपनी निजी या किराये की जमीनों में बालू व मौरंग का भंडारण कर लिया गया है। अब डम्प की मौरंग को बेचने का सिलसिला शुरू होने वाला है। दर असल खनन, परिवहन का काम बंद है। इसलिए कालपी, जोल्हूपुर मोड़, उसरगांव सहित राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहनों पर प्रशासन नजर है। ओवरलोड 10 तथा बिना रॉयल्टी एमएम प्रपत्र-11 के 13 बालू से लदे ट्रक टीम ने पकड़ लिये।

**मोहर्रम** मेहंदी के जुलूस का शहर भर में सभी वर्ग के लोगों ने किया स्वागत

# या अली या हुसैन की सदाओं से गूंज उठा पूरा शहर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मोहर्रम की आठ तारीख को शहीदाने करबला हजरत कासिम की याद में कटरा साहब खां स्थित मेहंदी वाले चबुतरे से हर साल की तरह इस साल भी मेहंदी का जुलूस बड़े अदबो एहतराम के साथ हज़रत महबूब शाह वारसी की सरपरस्ती में उठाया गया।

इससे पूर्व दरगाह हजरत अबुल हसन शाह वारसी में मेहंदी की चौकियों को सजा कर ढोल, तांशो के साथ मेहंदी वाले चबुतरे पर लाया गया ,जहां पर शहर के मशहूर बैंडो ने हज़रत इमाम हुसैन एवं शहीदाने करबला की याद मे मातमी धुन के साथ सलामी पेश की । मेहंदी जुलूस में सबसे आगे बढ़ी तादाद में अलम व जुल्फकार लेकर श्रद्धालुजन चल रहे। अकीदतमंदों द्वारा या अली या हुसैन की सदाएं बुलंद की जा रही थी। इसके साथ शहर के अनेक बैंडौ ने शहीदाने करबला हजरत इमाम हुसैन की याद में मातमी धुन बजाईं।जिसको सुनकर जुलूस में मौजूद सभी की आंखें नम थी।

विशाल मेहंदी जुलूस की नेतृत्व मेहंदी कमेटी के सदस्य साजिद हुसैन वारसी,हसनैन वारिस वारिसी उर्फ हनी,अरशद हुसैन वारसी, तहसीन इलाही ,माजिद हुसैन वारसी, दानिश वारसी ,शहजाद वारसी एडवोकेट ,सरवर वारसी,फरीद वारिसी , मोहम्मद यूसुफ वारिसी आदि लोग कर रहे थे ।जुलुस में क़ौमी तहफफुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास पूर्व पालिकाध्यक्ष फुरकान अहमद, मंसूरी समाज के अध्यक्ष हाजी मुईनुद्दीन मंसूरी वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी, मोहम्मद आमीन भाई ,इरशाद खान ,इलियास राईन ,फरीद मेंव, उस्मान राईनी, गुलाम वारिस की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।सभी वर्गों के लोगों ने शहर भर में विभिन्न स्टाल लगाकर लंगर वितरण किया । मेहंदी जुलूस की छटा देखने के लिए श्रद्धालुजनो का जनसैलाब सड़कों पर उमड़ पड़ा। मेंहदी तुगरा को फूलों से सुसज्जित किया गया था ।इसके अलावा काबा मदीना एवं करबला की सैकड़ों झांकियां चल रही थी ।

### मेहंदी जुलूस देखने उमड़ी भीड़

**महोबा।** इमाम हसन के बेटे और इमाम हुसैन के भतीजे हजरत कासिम की शहादत की याद में मोहर्ररम माह पर सोमवार की रात मिल्कीपुरा इमामबाड़े से मेहंदी जुलूस निकाला गया। यह जुलूस हर साल मुहर्रम की आठ तारीख को निकाला जाता है, जो परम्परागत मार्गों से होता हुआ शहर के कई मोहल्लों के इमाम चौक पर पहुंचा, मेहंदी जुलूस में अकीदतमंद लबैक या हसन और या हुसैन, या हैदरी के नारे लगाते चल रहे थे। जुलूस देखने के लिए रात बारह बजे तक लोगों का हुजूम शामिल रहा। मेहंदी जुलूस सोमवार की रात आठ बजे मिल्कीपुरा इमाम चौक से निकाला गया, जो ऊदल चौक पहुंचा। महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लेकर जुलूस देखने के लिए पहुंची साथ ही जुलूस में शामिल लोगों के लिए इमाम हुसैन के चाहने वालों द्वारा लंगर का भी इंतजाम किया गया। मेहंदी जुलूस काजीपुरा, पुलिस चौकी आदि मोहल्लों से भी गुजरा जहां पर भी महिलाओं और पुरुषों ने मेहंदी में लोभान से धुनी और अगरबत्ती जलाकर मीठे तबर्रुख में फातिहा दिलाई और मन्नते और दुआएं मांगी। जुलूस देखने के लिए देर रात तक लोगों का आना जाना लगा रहा, जिसके चलते शहर में खासी चहल पहल नजर आई।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूं दड़ा 2400-2410 आर. आर.21 2550-2600 गेहूं फारम 2600-2700 जौ 2000-2100 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़दहरा 11000-11500 उड़दकाला 8000-9000 मूंग 8000-8200 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 16400-16500 अरहरस्पेशल 14300-14400 चनादाल 7900-8000 मटरदाल 4450-4550 मसूरमलका 7175-7225 मसूरदाल 7375-7425 उड़ददाल 9000- 13300 उड़द धोवा 10000- 13000 मूंगदाल 8100-9700 मूंग धोवा9700-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-3500 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1460-1500 मैदा 1420-1470 सूजी 1480-1520 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1380-1420 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11500-12200 मूंगफली दाना शिवपुरी 9300- 10800 बटाली 8600-10100 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रति क्वि.) सरसों कोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1570-1569 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2650 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1565-1564 मयूर 1565-1564 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लडडू 4850-4900 देशीभेली 4650-4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 75300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56100-56300 |

# समय पर कार्रवाई करेगा दूरसंचार मंत्रालय

## दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ केंद्रीय संचार मंत्री ने की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी



● बैठक में जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के निदेशक हुए शामिल

दूरसंचार मंत्रालय, दूरसंचार परिचालकों और इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ चर्चा के दौरान चिन्हित मुद्दों पर तय समयसीमा के भीतर कार्रवाई योजना पर काम करेगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने छह समितियों में से तीन के साथ बैठक की।

बैठक में रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी, भारती एयरटेल के संस्थापक तथा चेयरमैन सुनील भारती मित्तल और वोडाफोन आइडिया के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ अक्षय मूंदड़ा सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। सिंधिया ने कहा कि हमने इन समितियों के लिए एक मजबूत एजेंडा की पहचान की है। अब इन समितियों के सदस्य और हम मिलकर काम करेंगे। उद्योग निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एसपी कोचर भी बैठक में थे। सिंधिया ने कहा कि इन समितियों की पहली प्रस्तुति के लिए अलग कार्यक्रम हैं, जो कुछ सप्ताहों में होंगे। हम व्यक्तिगत मुद्दे पर विचार करेंगे, विवरण पर गहनता से ध्यान देंगे और कार्ययोजना, समयसीमा और कार्रवाई योग्य बिंदु तैयार करेंगे।

### स्पेक्ट्रम के लिए एयरटेल, जियो, वोडाफोन आइडिया को 11,340.7 करोड़ का डिमांड नोटिस जारी

स्पेक्ट्रम नीलामी समाप्त होने के तीन सप्ताह बाद, दूरसंचार विभाग ने मंगलवार को दूरसंचार सेवा प्रदाताओं - एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया को 11,340.7 करोड़ रुपये से अधिक की कुल राशि के स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए डिमांड नोटिस भेजा। विभाग ने कंपनियों को पत्र भेज कर राशि जमा कराने को कहा है। भारती एयरटेल से 6,856.76 करोड़, वोडाफोन आइडिया से 3,510.40 करोड़ और रिलायंस जियो से 973.62 करोड़ रुपये जमाक कराने के लिए कहा गया है।

### दरें बढ़ाने से कंपनियों का एआरपीयू होगा उच्च स्तर पर

मुंबई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि सभी निजी दूरसंचार सेवाप्रदाताओं द्वारा शुल्क दरें एक साथ बढ़ा देने से उनकी प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) वित्त वर्ष 2025-26 में 225 रुपये से अधिक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएगी। एजेंसी ने कहा कि उच्च लाभप्रदता और कम पूंजीगत व्यय से दूरसंचार कंपनियों के क्रेडिट प्रोफाइल में भी सुधार होगा। 2023-24 की तुलना में 2025-26 में दूरसंचार कंपनियों का एआरपीयू 25 प्रतिशत बढ़ जाएगा। क्रिसिल के उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के अंत तक उद्योग का एआरपीयू पिछले वित्त वर्ष के 182 रुपये की तुलना में 225-230 रुपये के दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाना चाहिए।

# सेबी ने पेटीएम को भेजा चेतावनी पत्र

● शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पीपीबीएल के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को सेबी से प्रशासनिक चेतावनी पत्र मिला है। मामला 2021-22 में ऑडिट समिति या शेयरधारकों की मंजूरी के बिना पेटीएम पेमेंट्स बैंक्स (पीपीबीएल) के साथ संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि उसने सेबी के नियमों के अनुपालन में काम किया है।


फिनटेक कंपनी ने कहा कि वह अनुपालन मानकों को बनाए रखने और पारदर्शिता को लेकर प्रतिबद्ध है और सेबी को जवाब देगी। सेबी ने 15 जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि उसने वन97 कम्युनिकेशंस और उसकी सहयोगी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) से संबंधित वित्तीय तथा अन्य सूचनाओं के खुलासे के संदर्भ में जांच की है। पत्र के अनुसार इस संदर्भ में जांच के दौरान निम्नलिखित गैर-अनुपालन देखे गए 2021-22 में कंपनी और/या इसकी अनुषंगी कंपनियों ने पीपीबीएल के साथ अतिरिक्त संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) या तो लेखा परीक्षा समिति या शेयरधारकों की उचित मंजूरी के बिना किए। पेटीएम ने बीएसई को दी गई सूचना में सेबी के पत्र की विषय-वस्तु साझा की। बाजार नियामक के पत्र के अनुसार, कंपनी ने दावा किया कि उसने शेयरधारकों के संदर्भ के लिए कंपनी तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा पीपीबीएल के साथ किए गए लेनदेन का संचयी संख्यात्मक मूल्य प्रदान किया था।

### सेबी ने रीट, इनविट नियमों में किया संशोधन

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) निवेश ट्रस्ट रीट और इनविट के लिए यूनिट आधारित रोजगार लाभ योजना लेकर आया है। इसकी रूपरेखा के तहत सेबी ने ट्रस्ट के माध्यम से योजना को लागू करने के तौर-तरीकों को रखा है। इसमें कर्मचारी लाभ ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्राप्त करने का तरीका और रीट (रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) और इनविट (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) की तरफ से कर्मचारी लाभ ट्रस्ट को यूनिट के आवंटन का तरीका है। सेबी ने दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा है कि यूनिट-आधारित कर्मचारी लाभ योजना कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना की तरह होगी। कर्मचारी यूनिट विकल्प योजना के तहत निवेश प्रबंधक कर्मचारी लाभ ट्रस्ट के माध्यम से अपने कर्मचारियों को यूनिट विकल्प प्रदान करता है। योजना का क्रियान्वयन कर्मचारी लाभ ट्रस्ट (ईबी ट्रस्ट) से किया जाएगा।

# तीसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी शिखर पर

मुंबई, एजेंसी



● सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर तो निफ्टी ने भी 24,600 अंक का बनाया रिकॉर्ड

शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 52 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नये शिखर 24,600 अंक के ऊपर पहुंच गया। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, दूरसंचार और आईटी शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

सेंसेक्स 51.69 अंक यानी 0.06 प्रतिशत चढ़कर उच्चतम स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 233.44 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,898.30 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.30 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,613 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 74.55 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 24,661.25 अंक तक गया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक बैंक में नुकसान से लाभ सीमित हुआ और दोनों सूचकांक दिन के उच्चस्तर से नीचे आये। सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार से रिकॉर्ड तेजी पर हैं। इसका प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली है। एफआईआई केंद्रीय बजट पेश होने से पहले भारतीय शेयरों में लिवाल बने हुए हैं। शेयरों के उच्च मूल्यांकन के बावजूद प्रमुख कंपनियों के तिमाही परिणाम से बाजार को समर्थन मिला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के अनुसार केंद्रीय बैंक ज्यादा आश्वस्त है कि मुद्रास्फीति दो प्रतिशत लक्ष्य की ओर वापस आ रही है।

# हलवा समारोह : बजट तैयारियां अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

आम बजट 2024-25 के लिए तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला हलवा समारोह नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में आयोजित हुआ, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मौजूद रहे। बजट की तैयारी में शामिल अधिकारियों की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल हलवा समारोह होता है। इस वर्ष आम बजट 23 जुलाई, 2024 को पेश किया जाएगा।

वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट), अनुदान की मांग (डीजी), वित्त विधेयक आदि सहित सभी केंद्रीय बजट दस्तावेज भी डिजिटल सुविधा के सबसे सरल रूप का उपयोग करके संसद सदस्यों और जनता द्वारा बजट दस्तावेजों तक परेशानी मुक्त पहुंच के लिए केंद्रीय बजट मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। ऐप को केंद्रीय बजट वेब पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है। 23 जुलाई को संसद में वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण पूरा होने के बाद बजट दस्तावेज मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। समारोह में वित्त मंत्रालय के सचिव और बजट तैयारी में शामिल अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। वित्त मंत्री ने बजट प्रेस का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की।



हलवा बांटतीं केंद्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण।

### बजट में राजकोषीय घाटा लक्ष्य घटाकर 5% कर सकती है सरकार

नई दिल्ली। सरकार राजस्व में आए उछाल के दम पर बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9-5 प्रतिशत कर सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह संभावना जताई। सरकार ने इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि केंद्र सरकार 11.1 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय लक्ष्य से कोई समझौता किए बगैर राजकोषीय घाटा अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.9-5 प्रतिशत निर्धारित कर सकती है। 11.8 लाख करोड़ के अंतरिम बजट अनुमान की तुलना में चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी में 35,000-55,000 करोड़ की कमी आने की भी बहुत संभावना है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### जल प्रदूषण मामले में ईडी ने पूर्व विधायक की शराब कंपनी पर मारा छापा

जालंधर। ईडी ने मंगलवार को फिरोजपुर जिले में मिट्टी और भूजल के कथित प्रदूषण के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत पंजाब में शिअद के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के स्वामित्व वाली एक शराब कंपनी के खिलाफ छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश में शराब कंपनी के 7 परिसरों पर छापेमारी की। कंपनी मालब्रोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का स्वामित्व शराब व्यवसायी दीप मल्होत्रा, गौतम मल्होत्रा और उनके परिवार के पास है। पिछले साल फरवरी में ईडी ने गौतम मल्होत्रा को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

### मणिपुर में केसीपी (एन) के 5 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कंगलीपक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों द्वारा अपहृत व्यक्ति को खोंगजोम टेकचाम इलाके में अभियान के दौरान छुड़ा लिया तथा उनके पास से हथियार व गोला बारुद बरामद किए। गिरफ्तार लोगों की पहचान कोनसाम रोहित सिंह (23), यांगलेम बिकास मेइती (24), थांगजाम चन्बा सिंह (27), मोइरांगथेम आनंद सिंह (37) और केइशाम नेल्सन सिंह (28) के रूप में की गयी है। उनके पास से 9 एम एम की चार पिस्तौल, 18 से अधिक कारतूस, चार पहिया वाहन और सात मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जिरिबाम जिले के मोंगबुंग गांव में एक जवान की हत्या के बाद सुरक्षा बलों ने तलाश ली तथा हथियार बरामद किए।

# सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रेत खनन पर 4 राज्यों से मांगा जवाब, जुर्माना लगाने की दी चेतावनी

## तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से छह सप्ताह में जवाब देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



● खनन की जांच और इसमें शामिल संस्थाओं के पट्टे समाप्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर कोर्ट कर रहा था सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रेत खनन मामलों की जांच और इसमें शामिल संस्थाओं के पट्टे समाप्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से छह सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि यदि राज्य छह सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं करते हैं तो उन पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। पीठ ने मामले को नवंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिकाकर्ता एम. अलगरसामी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि याचिका 2018 की है। उन्होंने कहा कि इन चार राज्यों ने नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अवैध रेत खनन की स्थिति पर हलफनामा दाखिल नहीं किया है।

भूषण ने कहा कि बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन जारी है जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और अब तक केवल पंजाब सरकार ने ही अपना जवाब दाखिल किया है। याचिकाकर्ता ने तमिलनाडु के बारे में मामले पर संक्षिप्त नोट दाखिल किया है और राज्य को इस पर जवाब देना चाहिए। पीठ ने तमिलनाडु से संक्षिप्त नोट पर जवाब देने को कहा। शीर्ष अदालत ने 24 जनवरी 2019 को नोटिस जारी कर केंद्र, सीबीआई और पांच राज्यों को याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया था। याचिका में देश की नदियों और समुद्र तटों पर होने वाले अवैध रेत खनन के मुद्दे को उठाया गया है।

# बिहार: वीआईपी प्रमुख सहनी के पिता की दरभंगा में हत्या, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

दरभंगा-पटना, एजेंसी

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बिहार के दरभंगा जिले में उनके पैतृक घर पर मंगलवार को चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दरभंगा एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम जांच कर रही है। जीतन सहनी के शरीर पर चाकू से वार के निशान हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना को दुखद बताया तथा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नीतीश ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से फोन पर बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी। एसएसपी रेड्डी के अनुसार, बिरौल अनुमंडल पुलिस के पदाधिकारी, बिरौल थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर हैं। जांच के लिए दरभंगा के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया है। घटना स्थल पर प्रयोगशाला के दल और श्वान दस्ते की मदद से जांच की जा रही है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने घटना को निंदनीय बताया है। बिहार के भाजपा प्रमुख चौधरी ने एक्स पर कहा, मुकेश सहनी के पिताजी की हत्या अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय घटना है।

### सहनी की हत्या की राहुल-प्रियंका ने की कड़ी निंदा

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीआईपी के संस्थापक तथा पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए इस घटना को निंदनीय बताया है। दोनो नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके पीड़ित परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की और कहा कि इस अपराध के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और सहनी परिवार को न्याय मिलना चाहिए। श्री गांधी ने कहा "विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक, बिहार के पूर्व मंत्री और इंडिया गठबंधन के हमारे साथी मुकेश सहनी जी के पिता जीतन सहनी जी की निर्मम हत्या का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है।

# कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर सीबीआई, ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी नीति मामला**

● सिसोदिया ने जमानत पर पुनर्विचार करने के लिए याचिका की है दायर

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सीबीआई तथा ईडी से जवाब मांगा। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने यह दलील देते हुए जमानत देने का अनुरोध किया है कि वह 16 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमा उसी चरण पर है जिस चरण पर पिछले साल अक्टूबर में था।

न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गयी। सिसोदिया ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टचार तथा धन शोधन के मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हुए भी एक याचिका दायर की है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करिए, 29 जुलाई तक जवाब दीजिए। सिसोदिया की ओर से पेश वकील विवेक जैन ने पीठ को बताया कि आप नेता 16 महीने से हिरासत में हैं।

### रंगदारी मांगने पर एनआई ने दाखिल किया आरोपपत्र

पटना। एनआईए ने बिहार में कारोबारियों से रंगदारी वसूलने और नक्सली विचारधारा का प्रचार करने के मामले में भाकपा-माओवादी के सदस्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में एजेंसी ने बताया कि आरोपी अनिल यादव उर्फ छोटा संदीप बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला है और सोमवार को यहां की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल पूरक आरोपपत्र में उसे नामजद किया गया है। एनआईए ने मगध क्षेत्र में भाकपा (माओवादी) द्वारा नक्सलवाद को फिर से उभारने की कोशिश करने के मामले में 26 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी।

# राहुल के पास मानहानि की शिकायत पर शीघ्र निर्णय पाने का अधिकार

मुंबई, एजेंसी

● बंबई हाईकोर्ट ने आरएसएस पर की कथित टिप्पणियों पर की सुनवाई

बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों के लिए 2014 की मानहानि की शिकायत पर गुण-दोष पर शीघ्र निर्णय पाने का वैध अधिकार है। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की एकल पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 हर किसी को त्वरित सुनवाई का अधिकार प्रदान करता है और एक स्वतंत्र व निष्पक्ष सुनवाई आवश्यक है।

कोर्ट ने आरएसएस कार्यकर्ता को आपराधिक मानहानि की लंबित शिकायत में नए और अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की अनुमति देने वाले मजिस्ट्रेट के आदेश को रद करने की राहुल की याचिका को स्वीकार करते हुए ये टिप्पणी की। राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत की थी, जिसमें दावा कि था कि कांग्रेस नेता ने झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

# अंतर्राज्यीय हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

● 32 बोर की तीन पिस्तौल के अलावा तीन मैगजीन और छह कारतूस भी बरामद किए

अमृतसर। राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) अमृतसर ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से तीन .32 बोर पिस्तौल बरामद की हैं।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि अमृतसर के छोटा हरिपुरा के सुखदेव सिंह उर्फ मट्टू, साहिल उर्फ मस्त और गुरु नानक पुरा के प्रभजोत सिंह उर्फ प्रभ को गिरफ्तार किया गया है। टीमों ने तीन पिस्तौल के अलावा तीन मैगजीन और छह कारतूस भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने बताया कि यह घटनाक्रम एसएसओसी अमृतसर द्वारा विदेशी आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा द्वारा समर्थित हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के एक दिन बाद सामने आया है। इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था।

# मजदूरों के राशनकार्ड का एक माह में सत्यापन करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी



● प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी पर राज्यों को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने राशनकार्ड जारी करने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी मजदूरों के सत्यापन में देरी के लिए मंगलवार को राज्यों को फटकार लगाई और उन्हें यह कवायद चार सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने केंद्र को उन राज्यों को खाद्यान्न जारी करने का भी निर्देश दिया, जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का सत्यापन पूरा कर लिया है।

सत्यापन में देरी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि यदि राज्य निर्धारित समय के भीतर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने में विफल रहते हैं तो वह संबंधित सचिवों को तलब करेगी। पीठ ने कहा कि सत्यापन चार महीने में क्यों पूरा नहीं हो सका? ये तो हद हो गई। चार महीने बाद भी आप यह कर रहे हैं और यह कहने की हिम्मत कर रहे हैं कि इसके लिए और दो महीने चाहिए हम निर्देश देते हैं कि पूरा सत्यापन चार सप्ताह में पूरा किया जाए।

### बिहार-तेलंगाना ने पूरा किया कार्य

शीर्ष अदालत ने कहा कि बिहार और तेलंगाना ही ऐसे राज्य हैं जिन्होंने प्रवासी मजदूरों का 100 प्रतिशत सत्यापन पूरा कर लिया है। याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कुछ राज्यों ने सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि अन्य ने या शुरू भी नहीं की है। एक और मुद्दा यह भी है कि राशन कार्ड जारी होने के बाद भी ये राज्य इन श्रमिकों को राशन जारी नहीं कर रहे हैं और राज्यों कहना है कि केंद्र सरकार ने इन लोगों के लिए अतिरिक्त राशन आवंटित नहीं किया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दी। अदालत ने निर्देश दिया था कि वे योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत आठ करोड़ प्रवासी मजदूरों को दो महीने के भीतर राशन कार्ड उपलब्ध कराएं।

### कंचनजंघा दुर्घटना: जांच के दौरान मिलीं कई कमियां

नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन परिचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियों और लोको पायलट एवं स्टेशन मास्टर को उचित परामर्श नहीं दिए जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना का होना तय ही था। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में 17 जून को एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट समेत 10 लोगों की मौत हो गई थी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस दुर्घटना की जांच संबंधी अपनी रिपोर्ट में स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली (कवच) को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लागू करने की भी सिफारिश की है।

# शंभू बॉर्डर से अवरोधक हटाने वाली याचिका पर 22 को सुप्रीम सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

● एक सप्ताह में बैरिकेड हटाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को दी गई है चुनौती

सुप्रीम कोर्ट हरियाणा सरकार की उस याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिसमें अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह के भीतर अवरोधक (बैरिकेड) हटाने संबंधी एक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। किसान 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता लोकेश सिंहल ने मंगलवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष इस मामले की तत्काल सुनवाई की आवश्यकता जताई। इसके बाद पीठ ने मामले को अगले सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 10 जुलाई के आदेश के खिलाफ दायर अपील में कहा गया है कि हरियाणा को प्रायोगिक आधार पर एक सप्ताह के भीतर शंभू बॉर्डर खोल देना चाहिए ताकि आम जनता को असुविधा न हो।

## मौसम का मिजाज



आगरा में आसमान में छिटपुट बादल के बीच ताज महल के पास टहलते पर्यटक। ● एजेंसी

## 26 सितंबर को संरा महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संभवतः 26 सितंबर को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, भारत के राष्ट्राध्यक्ष 26 सितंबर की दोपहर में उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे। यह अंतिम सूची नहीं है। संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय सत्र से पहले के सप्ताहों में वक्ताओं की अद्यतन अनंतिम सूची जारी करता है।



# हथियार खरीद में भारत नंबर वन

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार खरीदने वाला देश बन चुका है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियारों का आयात किया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले पांच वर्षों पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। यूक्रेन से चल रहे युद्ध के कारण रूस के रक्षा निर्यात पर काफी असर पड़ा है। पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

### बढ़ रहा भारत के हथियारों का निर्यात

भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है। अब पिछले साल के मुकाबले रक्षा निर्यात ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 32.5 फीसदी की छलांग लगाई है। इस वर्ष रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत का रक्षा निर्यात 10 गुना से ज्यादा बढ़ा है।

### अमेरिका बड़ा विक्रेता

पिछले 25 सालों में पहली बार अमेरिका एशिया और आसियान देशों का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। हथियारों के आयात में अमेरिका की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत है, जबकि रूस का 19 प्रतिशत और चीन का 13 प्रतिशत है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भी अमेरिका को हथियारों की आपूर्ति में बढ़त हासिल हुई है।

### ये देश हैं बड़े खरीदार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार भारत के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार सऊदी अरब (8.4%) आयात करता है। वहीं कतर (7.6%), यूक्रेन (4.9%), पाकिस्तान (4.3%), जापान (4.1%), मिस्र (4.0%), ऑस्ट्रेलिया (3.7%), दक्षिण कोरिया (3.1%) और चीन (2.9%)।

### भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार खरीदार

साल 2014-18 और 2019-23 के बीच भारत का हथियार आयात 4.7 फीसदी बढ़ा है। भारत 9.8 फीसदी हथियार खरीद के साथ दुनिया में पहले नंबर पर काबिज है। भारत ने सबसे ज्यादा हथियार अपने सदाबहार मित्र रूस से खरीदे हैं। भारत के कुल हथियार आयात का यह 36 फीसदी रहा। इसके बाद भारत को हथियारों के निर्यात में अमेरिका का नंबर आता है।

## एक नजर

### ओमान की मस्जिद में गोलीबारी, चार की मौत

**दुबई।** ओमान की एक मस्जिद में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ओमान पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रॉयल ओमान पुलिस ने आनलाइन जारी एक बयान में बताया कि यह गोलीबारी ओमान की राजधानी मस्कट के वादी कबीर इलाके में हुई। पुलिस ने यह नहीं बताया कि यह हमला किस वजह से किया गया था और न ही यह जानकारी दी कि हमले को अंजाम देने वाले संदिग्ध कौन हैं।

### रूसी विदेश मंत्री लावरोव पहुंचे न्यूयॉर्क

**न्यूयार्क।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं और वह 16-17 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। स्पूतनिक संवाददाता ने मंगलवार को बताया कि गत एक जुलाई को रूस ने एक महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली। लावरोव आज बहुपक्षीय सहयोग पर होने वाली वार्ता में शामिल होंगे और बुधवार को वह फिलिस्तीनी मुद्दे सहित मध्य पूर्व की स्थिति पर मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### पेरिस में चाकू से हमले में एक सैनिक घायल

**पेरिस।** फ्रांस में पेरिस के गारे डे ल''एस्ट (पूर्वी ट्रेन स्टेशन) पर सोमवार रात को गश्त कर रहा एक सैनिक चाकू से किए गए हमले में घायल हो गया। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डार्मैनिन ने अपने एक्स अकाउंट पर इस घटना पुष्टि की है। डार्मैनिन ने लिखा ऑपरेशन सेंटिनेल का एक सैनिक पेरिस के गारे डे ल''एस्ट स्टेशन पर गश्त करते समय चाकू से घायल हो गया। उन्होंने कहा कि सैनिक की हालत खतरे में नहीं है और अपराधी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया है। फ्रांसीसी समाचार चैनल के अनुसार संदिग्ध 40 वर्ष का है और फ्रांसीसी नागरिक है एवं गंभीर मानसिक विकारों के लिए जाना जाता है।

### अमेरिका में बर्ड फ्लू के चार नए मानव मामले

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के कोलोराडो प्रान्त में बर्ड फ्लू संक्रमण के चार नए मानव मामलों की पुष्टि की गई है जिससे वर्ष 2022 से इसके कुल नौ मामले दर्ज हो गये। अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने यह जानकारी दी। सीडीसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य द्वारा शुक्रवार को चार अनुमानित सकारात्मक मामले दर्ज किए गए और सीडीसी ने रविवार को संक्रमण की पुष्टि की।

# मॉरीशस की प्रगति में रहेगा भारत का समर्थन: जयशंकर

## विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने यात्रा पर आए विदेश मंत्री

**पोर्ट लुईस (मॉरीशस), एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि की दिशा में भारत के निरंतर और सतत समर्थन की पुष्टि की। जयशंकर विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ सार्थक बातचीत के लिए दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। हिंद महासागर के इस द्वीपीय देश की यह यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पुनः नियुक्ति के बाद जयशंकर द्वारा की गई पहली द्विपक्षीय बैठकों में से एक है।

जयशंकर ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, मॉरीशस के साथ भारत के संबंध मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं। मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास सहयोग का एक आदर्श उदाहरण है। इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिक्षा, संस्कृति, आव्रजन अभिलेखागार के डिजिटलीकरण तथा अंतरिक्ष एवं नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। जयशंकर और जगन्नाथ ने मॉरीशस में सातवीं पीढ़ी के भारतीय मूल के लोगों को ओसीआई कार्ड भी सौंपे। यह यात्रा भारत एवं मॉरीशस के संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है और यह भारत की पड़ोस प्रथम की नीति, विजन सागर और ग्लोबल साउथ (अल्प विकसित देशों) के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। मॉरीशस स्थित भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, ऐतिहासिक, जनसांख्यिकीय और सांस्कृतिक कारणों से भारत के पश्चिमी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र मॉरीशस के साथ घनिष्ठ एवं दीर्घकालिक संबंध हैं। उसने कहा कि विशेष संबंधों का एक प्रमुख कारण यह तथ्य है कि द्वीप की 12 लाख की आबादी में लगभग 70 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग हैं।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 7वीं पीढ़ी के मॉरीशस नागरिकों को ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड वितरित किए। साथ में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ।

## गुरुद्वारा में हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही

**लंदन।** दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में पिछले हफ्ते एक गुरुद्वारा में हुए हमले की जांच घृणा अपराध के रूप में की जा रही है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना के सिलसिले में 17 वर्षीय एक किशोर को गिरफ्तार किया गया और उसपर कई आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। केंट पुलिस ने कहा कि किशोर मेडस्टोन क्राउन कोर्ट में पेश हुआ। उसे गंभीर शारीरिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ हिंसा की धमकी देने, धारदार हथियार से व्यक्ति को धमकी देने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने को लेकर आरोपित किया गया।

ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा में 11 जुलाई को हुई घटना को लेकर उसे अदालत ने जमानत दे दी और एक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के अधिकारियों ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। केंट पुलिस के लिए नॉर्थ केंट डिवीजनल कमांडर, मुख्य अधीक्षक एंगी चम्पन ने कहा, यह एक अलग-थलग घटना है। शुरूआती जांच से पता चलता है कि यह आतंकवाद से जुड़ी घटना नहीं है। उन्होंने कहा, घटना की जांच घृणा से प्रेरित अपराध के तौर पर कर रहे हैं। जांच के दौरान सहयोग करने के लिए स्थानीय समुदाय का मैं शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

# इजराइल की गाजा पर बमबारी में 60 की मौत

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

इजराइल द्वारा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एवं मंगलवार को गाजा पट्टी के मध्य क्षेत्र पर की गई बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक हमला इजराइल द्वारा घोषित सुरक्षित क्षेत्र में भी किया गया। इजराइल ने सबसे घातक हमला दोपहर में किया जो मुवासी के दक्षिणी शहर खान यूनिस के बाहर एक गैस स्टेशन के पास हुआ।

खान यूनिस के नसर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में 17 लोगों की मौत हुई है। यह हमला उसी इलाके में हुआ, जहां गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा था कि शनिवार को हुए हमले में 90 से ज्यादा से फलस्तीनियों की मौत हो गई थी। इजराइल ने कहा था कि हमला हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर मोहम्मद देइफ को निशाना बनाकर किया गया था। एक अन्य हमला नुसरियात और जोवाइदा के शरणार्थी शिविरों पर किया गया, जिनमें 10 महिलाओं और चार बच्चों सहित कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य गोला नुसरियात के एक स्कूल पर गिरा जिसमें लोगों ने शरण ले रखी थी। इस हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं के मुताबिक खान यूनिस और दक्षिणी गाजा में सोमवार रात को किए गए दो हमलों में 12 लोगों की मौत हुई है। पश्चिमी तट पर भी हिंसा बढ़ गई है। मंगलवार को एक फलस्तीनी ने एक इजराइली पुलिसकर्मी को चाकू से हमला कर मामूली रूप से घायल कर दिया। जवाब में एक दूसरे अधिकारी ने गोली चलाई जिससे हमलावर की मौत हो गई।

### लेबनान पर इजराइली हमलों में दो मारे गए

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी सीमावर्ती गांवों पर सोमवार को इज़रायली हवाई हमलों में दो नागरिक मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने बताया कि इज़राइली सेना ने सात कस्बों और गांवों पर नौ हवाई हमले किए और दस सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर लगभग 50 गोले दागे। सूत्रों ने बताया कि इज़रायली युद्धक विमान ने सीमा क्षेत्र के मध्य भाग में बिंट जेबिल शहर में एक घर पर दो हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से हमला किया, जिसमें दो नागरिक मारे गए और परिवार का तीसरा व्यक्ति घायल हो गया।

## नेपाल भूस्खलन मामले में अब तक 14 शव निकाले गए

**काठमांडू।** नेपाल में यात्रियों की दो बसों के बीते शुक्रवार को भूस्खलन के मलबे के साथ बह जाने की घटना में बचावकर्मियों ने अब तक 14 शव निकाले हैं, जिनमें से छह शव भारतीय नागरिकों के हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। आठ शवों की शिनाख्त कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। इसमें से छह भारतीय नागरिक हैं। अन्य की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

नेपाल की राजधानी को देश के दक्षिणी हिस्सों से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर काठमांडू से करीब 120 किलोमीटर पश्चिम में सिमलताल के पास शुक्रवार की सुबह दो बसें भूस्खलन के मलबे के साथ बह गई थीं। चितवन जिला प्रशासन कार्यालय ने दोनों बसों में सवार कुल 65 लोगों के नाम और विवरण के साथ एक सूची प्रकाशित की। एक बस में 38 लोग और दूसरी में 27 लोग सवार थे। एक बस से किसी तरह बाहर निकलने के बाद तीन लोग बच गए। पुलिस और सेना के सैकड़ों बचावकर्मियों ने मंगलवार को नदी और निचले इलाकों में खोज की, लेकिन उन्हें अभी तक दोनों लापता बसों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## फिलीपींस में डेंगू से मरने वालों की संख्या 233 पहुंची

**मनीला।** फिलीपींस में इस साल जनवरी से 29 जून तक डेंगू से मरने वालों की संख्या 233 तक पहुंच गई है। बारिश के मौसम में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। देश के स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

स्वास्थ्य सहायक सचिव अल्बर्ट डोमिंगो ने कहा कि डीओएच ने जनवरी से 29 जून तक 90,119 डेंगू के मामले दर्ज किए जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि देश के 17 क्षेत्रों में से सात में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा, वर्षा के कारण डेंगू के मामले उम्मीद के मुताबिक बढ़ रहे हैं जहां अधिक पानी जमा हो जाता है और रुक जाता है। अगर इसे रोका नहीं गया तो डेंगू फैलाने वाले मच्छर इन रुके हुए पानी के तालाबों में प्रजनन करेंगे।

# वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग देंगे इस्तीफा

**लंदन, एजेंसी**

वेल्स सरकार के प्रमुख वॉन गेथिंग ने मंगलवार को कहा कि उनके चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद के सिलसिले में वह पद से इस्तीफा देंगे। गेथिंग ने कहा, मैंने आज सुबह, वेल्स लेबर पार्टी के नेता और सरकार के प्रमुख के तौर पर इस्तीफा देने का यह मुश्किल फैसला लिया। गेथिंग ने अपनी सरकार के चार मंत्रियों के इस्तीफे के बाद उनके भी त्यागपत्र की मांग किये जाने पर यह घोषणा की।

गेथिंग ने मार्च में वेल्स सरकार का प्रमुख चुने जाने के साथ इतिहास रच दिया था क्योंकि वह ब्रिटेन में किसी सरकार के पहले अश्वेत प्रमुख बने थे। वह चुनाव प्रचार अभियान के दौरान चंदा के रूप में 2,55,000 अमेरिकी डॉलर उस कंपनी से लेने को लेकर आलोचना का सामना कर रहे हैं जिसका मालिक पर्यावरणीय नियमों और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमन के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। इस्तीफे से संबंधित बयान में गेथिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि गर्मियों के मौसम के दौरान मेरे नेतृत्व में पुनर्निर्माण और नवीकरण होगा। उन्होंने कहा, मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं है। वेल्स की आबादी लगभग 30 लाख है। यह ब्रिटेन के चार हिस्सों में एक है।



● चुनाव प्रचार अभियान के लिए चंदे की राशि से जुड़े विवाद को लेकर फैसला लिया

## इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध हताशा में उठाया कदम : मीडिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रमुख अखबारों ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की आलोचना करते हुए इसे हताशा और भयवश लिया गया राजनीतिक फैसला करार दिया और इसे वापस लेने की मांग की। द डॉन, द एक्सप्रेस ट्रिब्यून और द न्यूज जैसे प्रमुख अंग्रेजी अखबारों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नीत सरकार द्वारा खान नीत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की बढ़ती ताकत का राजनीतिक तरीके से मुकाबला करने के बजाय कठोर कदम उठाने की आलोचना की। इन अखबारों में प्रकाशित संपादकीय में इस बात पर संदेह व्यक्त किया गया है कि उच्चतम न्यायालय सरकार के निर्णय का समर्थन करेगा। सरकार ने इमरान खान और पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी एवं अन्य पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की भी चेतावनी दी है।

# ट्रंप राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित

**मिल्वौकी, एजेंसी**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने के लिए पार्टी के प्रतिनिधियों का आवश्यक बहुमत हासिल कर लिया है। उन्होंने विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में प्रतिनिधियों का बहुमत हासिल किया है। ट्रंप अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के प्रतिनिधियों से हासिल बहुमत से ही राष्ट्रपति उम्मीदवार की दौड़ में शामिल हुए हैं, जिसकी घोषणा उनके पुत्र एरिक ट्रंप ने की।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप की 2016 में हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ अपनी जीत और 2020 में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन से अपनी हार के बाद वह लगातार तीसरे चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व करेंगे। इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ के माध्यम से घोषणा की कि उन्होंने ओहियो के सीनेटर जे डी वेंस को अपना उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। वेंस, जो 2022 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुने गए और जनवरी 2023 में पद की शपथ ली।



रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के पहले दिन रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीनेटर जे डी वेंस।

### देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ओहायो के सीनेटर जे डी वेंस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि देश से जुड़े मुद्दों पर उनका रुख ट्रंप के जैसा ही है। प्रचार के सिलसिलेवार कार्यक्रम के लिए नेवाडा रवाना होने से कुछ समय पहले एंड्रयूज वायु सेना अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में बाइडन ने कहा, देश से जुड़े मुद्दों पर वेंस का रुख ट्रंप जैसा ही है। मुझे दोनों में कोई फर्क नजर नहीं आता।

## खगोल विज्ञान

**शनि ग्रह के चंद्रमा टाइटन से होगी शुरुआत, नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की**


# बैलूनयान के जरिए होगा ग्रहों की जमीन से आसमान का अध्ययन

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अध्ययन रोबोट व हैलीकॉप्टर के जरिए होते आया है। जिसे विस्तार देते हुए अब बैलूनयान को शामिल किया जा रहा है, जो जमीन से लेकर आसमान का अध्ययन करने में कारगर साबित होगा। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी ने यह परियोजना तैयार की है।

बैलून लोकोमोशन फॉर एक्सट्रीम टेरेन की खासियत यह है कि यह उड़ने के साथ चलने फिरने में भी सक्षम होगा। इस अवधारणा पर प्रारंभिक शोध 2018 में नासा इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड कॉन्सेप्ट्स द्वारा शुरू हुआ। शोध से पता चला कि गुब्बारे की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक ही समय में दो विपरीत पैरों की आवश्यकता होगी। साथ ही जमीन भौतिक अवस्था को भी ध्यान में रखना होगा। ताकि प्रत्येक परिस्थितियों में पर गुब्बारे को सुरक्षित खड़ा रख सके। गुब्बारे को इस तरह से बनाया जाएगा, जो पृथ्वी के समान स्थितियों में वायुमंडल में तैर सकता हो। गुब्बारे के परीक्षण के लिए मंगल ग्रह भेजे जाने का विचार किया गया, लेकिन मंगल से बेहतर परिस्थितियां टाइटन पर हो सकती हैं। टाइटन दोनों परिस्थितियों में सर्वश्रेष्ठ है। जिसमें जमीनी व आसमानी वातावरण अनुकूल होगा।

टाइटन में देखने परखने के लिए कई दिलचस्प स्थान हैं, जिनमें क्रायोवोल्कैनो और मीथेन की झीलें शामिल हैं। जो टाइटन के वातावरण की जांच कर कई रहस्य उजागर कर सकेगा। इस योजना को लेकर अभी भी बहुत सारे डिज़ाइन पर विचार किया जा रहा है।



बैलून अंतरिक्ष यान का डिजाइन।

### उन्नत होगी बैलून तकनीक

**नैनीताल :** नासा के वैज्ञानिकों का मानना है कि बैलून तकनीक उन्नत होगी। पिछले छह साल पहले इस पर विचार आया और इसे सफल बनाने के लिए शोध किया गया। दूसरे ग्रहों के वातावरण को अध्ययन में शामिल किया गया। प्रारंभिक तैयारियों के साथ इसे अमली जामा पहनाने की है। जिस पर जल्द कार्रवाई होने की उम्मीद है।

### सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा उपग्रह है टाइटन

**नैनीताल :** शनि ग्रह का चंद्रमा टाइटन हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा चन्द्र है जो बृहस्पति के ग्यानिमेड चांद से थोड़ा ही छोटा है। टाइटन का व्यास 5150 किलोमीटर है। साथ ही ये हमारे पड़ोसी ग्रह मंगल से भी थोड़ा ही छोटा है। इस चांद में वायुमंडल की उपस्थिति ही सबसे मुख्य विशेषता है।

## सैन्य छावनी पर हमले में 8 पाकिस्तानी सैनिक और 10 आतंकी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक प्रमुख सैन्य छावनी पर हुए हमले में पाकिस्तानी सेना के कम से कम आठ सैनिकों की मौत हो गई जबकि सुरक्षा बलों ने सभी 10 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक बयान में कहा गया है कि हमला करने वाले सभी 10 आतंकवादियों को भी मार गिराया गया। ये आतंकी सोमवार को बन्नू छावनी में घुसने की कोशिश कर रहे थे। बयान के मुताबिक, हमले का प्रयास असफल होने पर आंतकियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन को छावनी की दीवार से टकरा दिया, जिससे दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आस-पास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

# अफगानिस्तान में तूफान बाढ़ से 40 की गई जान

**काबुल, एजेंसी**

अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत में बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या 40 हो गयी है जबकि घायलों की संख्या 347 हो गयी है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत ज़मान अमरखिल ने कहा कि घायलों के इलाज के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है अमरखिल ने हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार दोपहर को अचानक आई प्राकृतिक आपदा से प्रांतीय राजधानी जलालाबाद, सुख रोड जिले और पाकिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के इलाकों में बड़ी संख्या में लोग मारे गये और देश को वित्तीय क्षति हुई। इसी तरह, सोमवार सुबह पूर्वी अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के अधिकांश हिस्सों में अचानक आई बाढ़ के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। देश में मई से अब तक भारी बारिश तथा बाढ़ से चार सौ से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### सड़क हादसे में 17 की मौत

**पुल-ए-खुमरी।** अफ़गानिस्तान के उत्तरी बघलान प्रांत में यात्रियों से भरी बस एक नाले में गिर गयी, जिससे 17 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी प्रांतीय पुलिस मौलवी शिर अहमद बुरहानी ने दी। यह दुर्घटना मंगलवार को खिंजन जिले में लापरवाह तरीके से ड्राइविंग करने से हुई। जिसमें तीन बच्चे व दो महिलाओं समेत 17 लोगों की मौत हो गयी।